श्री विट्ठल

# नामदेव पत्रिका

त्रैमासिक

अप्रेल–सितम्बर 2025





संयुक्तांक



संत बाल नामदेव



बाबा नामदेव महाराज

प्रकाशक : अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति

# हार्दिक बधाई एवं मंगल कामनाएं

*Congratulations to*

## Divyanshu Jalther

*for*

**JOINING MICROSOFT**

*in*

**BOSTON, USA**



FATHER :
**SURESH CHAND JALTHER**
(Chartered Accountant)
CFO at
KLJ RESOURCES LIMITED
MOB.: 9958387773



MOTHER :
**RAMA JALTHER (M.A.)**
HOUSE WIFE
MOB.: 8800093244




## Divyanshu Jalther

SOFTWARE ENGINEER II AT
MICROSOFT, MS IN
COMPUTER SCIENCE
FROM
University Of Southren California
(LOS ANGELES, USA),
B.TECH. IN COMPUTER SCIENCE
DOB - 04.11.1995



SISTER :
**ANUSHKA JALTHER**
SECURITY DELIVERY ASSOCIATE
MANAGER AT ACCENTURE

BROTHER-IN-LAW :
**ASHISH VERMA**
SENIOR TECHNOLOGY LEADER AT
AMERIPRISE FINANCIALS



BROTHER :
**NIKHIL JALTHER**
VICE PRESIDENT AT
NATWEST GROUP

SISTER-IN-LAW :
**PREETI ROHILLA**
DATA ENGINEER AT
NATWEST GROUP

Paschim Vihar, New Delhi-110063

पंजीयन संख्या 38303/83
वर्ष : 45 अंक : 3-4
अप्रैल-सितम्बर 2025

प्रधान संपादक
**घनश्याम वर्मा (मेड़तवाल)**
B-2, चित्रेश नगर, बोरखेड़ा, कोटा
Mob- 94133-64741 W.A.

कार्यवाहक प्रबंध संपादक
**श्रीमती शान्ति पाटौदी**

कार्यवाहक सह प्रबंध संपादक
**जगदीश श्रेष्ठी**
M. 9829036524

कोषाध्यक्ष
**रामचरण आमेरिया**
M. 8875275437

- विज्ञापन दर -

| | |
|---|---|
| अन्तिम कवर (बाहर-बहुरंगी) | 5000/- |
| अन्तिम कवर (अन्दर-बहुरंगी) | 4000/- |
| प्रथम कवर (अन्दर-बहुरंगी) | 4000/- |
| वैवाहिकी पूरा पृष्ठ (बहुरंगी) | 3000/- |
| सामान्य पूरा पृष्ठ (बहुरंगी) | 2500/- |
| सामान्य आधा पृष्ठ (बहुरंगी) | 1500/- |
| सामान्य आधा पृष्ठ ब्लेक/व्हाईट | 1000/- |

दिनांक : अप्रैल 2012 से प्रभावी

**-सदस्यता शुल्क-**
आजीवन सदस्यता 1500/-
(नई दर अप्रैल 2022 से लागू)

**-पत्राचार का पता-**
एवं प्रकाशन कार्यालय
संत नामदेव आई.टी.आई.
प्लाट नं. 1, सेक्टर-1, महावीर नगर
विस्तार योजना, कोटा -9(राज.)

: मुद्रक :
**धाकड़ प्रिन्टर्स**
कोटा

# श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका

(अ.भा. श्री नामदेव छीपा महासभा समिति का त्रैमासिक प्रकाशन)
Website : www.santnamdevchhipasamaj.com
E-mail : v.namdevpatrika@gmail.com

संयुक्तांक

## विषयानुक्रमणिका



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | संत नामदेव चित्रावली ( धारावाहिक-3 ) | -विद्या सागर नामदेव | 02 |
| 2. | हम कौन हैं ? छीपा समाज का इतिहास | -प्रो. मोहन लाल छीपा | 03-06 |
| 3. | संत नामदेव विषयक भ्रामक तथ्य निवारण | -घनश्याम वर्मा | 07-08 |
| 4. | अ. भा. महासभा:संक्षिप्त कार्य प्रतिवेदन | -अवधेश कुमार पाण्डे | 09-10 |
| 5. | विभिन्न जाति-समाजों के अनुकरणीय निर्णय | -घनश्याम वर्मा | 11-12 |
| 6. | समाज रत्न : श्री घनश्याम वर्मा | -राम नारायण छीपा | 13-15 |
| 7. | वैवाहिकी... संबंध योग्य युवक | -संकलन | 16-18 |
| 8. | वैवाहिकी... संबंध योग्य युवतियां | -संकलन | 19-20, 22 |
| 9. | कविता-बेटियां | -राम गोपाल राही | 22 |
| 10. | आगरा:राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक | -अवधेश कुमार पाण्डे | 21 |
| 11. | गुजरात: प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक | -ओम प्रकाश भावसार | 23-24 |
| 12. | भोपाल:प्रांतीय आमसभा एवं चुनाव प्रक्रिया | -कमलेश आर्य | 25-26 |
| 13. | संस्था समाचार-विविध स्थानों से | -संकलन | 27-44 |


### आवश्यक सूचना

- श्री विठ्ठल नामदेव पत्रिका, कोटा
- खाता संख्या 08370100003069
- बैंक का IFSC CODE-BARBOKOTRAJ है।
- बैंक शाखा - बैंक ऑफ बड़ौदा, झालावाड़ रोड़ शाखा, कोटा (राज.)
- पत्रिका सदस्यता शुल्क, विज्ञापन शुल्क एवं किसी भी प्रकार की अनुदान राशि इस खाते में किसी भी मोड से ऑनलाईन / ऑफ लाईन जमा करवाई जा सकती है।
- राशि जमा की बैंक स्लिप या रेफरेन्स मैसेज वाट्सअप किया जाना जरुरी है।
- राशि ड्राफ्ट या चैक से भी सीधे बैंक खाते में जमा की जा सकती है।

- प्रधान सम्पादक, वाट्सअप नं. 9413364741

# धारावाहिक संत नामदेव चित्रावली–3




''तुम लोग भी अपनी पट्टी में श्री विट्ठल लिखो''

## विद्या अध्ययन हेतु पाठशाला जाना

शैशव काल से ही बालक नामदेव में भगवत भक्ति की छटा देखने को मिलने लगी थी। जब वे दो वर्ष के हुए तब से ही वे भाव–विभोर होकर श्री विट्ठल का भक्ति पूर्वक नामोच्चारण करने लगे थे। पांच वर्ष की आयु होने पर इनके दादाजी नें इन्हें विद्याध्ययन हेतु पाठशाला भेजा, किन्तु इनका मन अध्ययन की अपेक्षा भगवत भजन में ज्यादा रमा रहता था, जिसके कारण शाला में इनकी पढ़ाई नहीं हो पाती थी।

एक दिन इनके गुरूजी ने इनकी पट्टी में कुछ अक्षर लिख कर दिया, परन्तु बालक नामदेव ने वर्णमाला लिखने बोलने की तरफ ध्यान नहीं दिया। वह मुख से श्री विट्ठल–विट्ठल नाम रटते रहते थे। यह उनका नित्य कार्य बन गया।

एक दिन गुरूजी किसी आवश्यक कार्य के लिए पाठशाला से बाहर गए थे तब गुरूजी की अनुपस्थिति में शाला के अन्य विद्यार्थियों को साथ लेकर नामदेव नें उन्हें श्री विट्ठल के नाम का स्मरण करने तथा पट्टी में श्री विट्ठल लिखने को कहा। अपनी पट्टी में श्री विट्ठल लिखकर सामूहिक रूप से भगवत् नाम का उच्चारण करने लगे।



–लेखक व चित्रकार
विद्या सागर नामदेव
सिवनी (म.प्र.)
मो. 9826849275

■■

**–हार्दिक बधाई–**

**संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755वीं जयन्ती पर देश-विदेश के समस्त नामदेव अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।**

(गतांक से आगे– चतुर्थ किश्त....)

# हम कौन हैं : वृहद् छीपा समाज का गौरवशाली इतिहास

**श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका** में **प्रो. मोहन लाल छीपा** द्वारा लिखित तथा राष्ट्रीय छीपा महासभा द्वारा प्रकाशित पुस्तिका **''हम कौन हैं : छीपा समाज का गौरवशाली इतिहास''** को क्रमशः प्रकाशित कर रहे हैं। अब तक तीन किश्तें प्रकाशित की जा चुकी है, यह चतुर्थ किश्त है। इसमें दर्जी खांप की, उपखांपों की जानकारी दी जा रही है जो कि भाषा, कार्य, समाज में नए संतों के अवतरण तथा आराध्य के अनुसरण के कारण विभाजित हो गई है। उनका विवरण निम्नानुसार हैः–

**–प्रधान संपादक**



प्रो. मोहन लाल छीपा


## वृहद् छीपा समाज

**अ ) शिंपीः** महाराष्ट्र में शिम्पी पारम्परिक रूप से कपड़ों तथा सिलाई में शामिल भारतीय जाति के लिए एक छत्र शब्द है। भक्ति आंदोलन के संत नामदेव इस समुदाय के संरक्षक के रूप में पूजनीय है। समुदाय का पारम्परिक व्यवसाय सिलाई या कपड़ा छपाई रहा है। इन्हें मराठी में शिम्पी या हिन्दी में छीपी/छीपा कहा जाता है। महाराष्ट्र में छीपा/दर्जी समाज शिम्पी के नाम से जाना जाता है, जिसका संबंध कपड़े, सिलाई, रंगाई, फैशन डिजाइनिंग व्यवसाय से है। शिम्पी को महाराष्ट्र में अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

शिम्पी की भी महाराष्ट्र में कई श्रेणियां हैं, जैसेः– मराठा शिम्पी, नामदेव शिम्पी, सैतवाल शिम्पी, रंगारी शिम्पी, मेरू क्षत्रिय शिम्पी, अहीर क्षत्रिय शिम्पी, वैष्णव शिम्पी, भावसार शिम्पी, तेलुगु शिम्पी, कोंकणस्थ नामदेव शिम्पी आदि।

शिम्पी (दर्जी) समाज का अस्तित्व पूरे विश्व में है। इस समाज में एक संत का सृजन हुआ। वह संत कपड़े के टुकड़े की भांति बिखरे हुए समाज को आपस में मिलाते थे। उस संत ने समाज को प्यार के धागों से कस कर सिल दिया। उन्होंने पूरे देश का भ्रमण किया और ज्ञान का दीप प्रज्ज्वलित किया। इसलिए इस समुदाय ने गर्व और भक्ति के साथ संत नामदेव का नाम लिया। शिम्पी समुदाय के इस इतिहास से यह समझने में मदद मिलेगी कि संत नामदेव ने किस सामाजिक पृष्ठभूमि से इतना बड़ा काम किया।

**आ ) पीपावंशी दर्जीः** कालांतर में भारत में संत नामदेव जी के बाद कई संत हुए। दर्जी समाज के कई बंधु सिलाई का कार्य करते हुए उनके शिष्य बन गए, तब से दर्जी समाज कई अन्य खांपों में बंट गया।



पीपा जी (14वीं–15वीं शताब्दी) गागरोन के शाक्त राजा एवं संत कवि थे। वे भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। गुरू ग्रंथ साहिब के अलावा 27 पद, 154 सखियां, चितावणी व ककहरा जोग ग्रंथ इनके द्वारा रचित संत साहित्य की अमूल्य निधियां है।

भक्त पीपाजी का जन्म विक्रम संवत् 1380 तदनुसार दिनांक 23 अप्रैल 1323 को राजस्थान में कोटा से 45 मील पूर्व दिशा में गागरोन में हुआ था। वे चौहान गौत्र की खींची वंश शाखा के प्रतापी राजा थे।

पिता के देहांत के बाद संवत् 1400 में

आपका गागरोन के राजा के रूप में राज्याभिषेक हुआ। अपने अल्प राज्यकाल में पीपाराव जी द्वारा फिरोजशाह तुगलक, मलिक जर्दफिरोज व लल्लन पठान जैसे योद्धाओं को पराजित कर अपनी वीरता का लोहा मनवाया। आपकी प्रजा प्रियता व नीति कुशलता के कारण आज भी आपको गागरोन व मालवा के सबसे प्रिय राजा के रूप में मान–सम्मान दिया जाता है।

देवीय प्रेरणा से पीपाराव गुरू की तलाश में काशी के संतश्रेष्ठ जगतगुरू रामानन्दाचार्य की शरण में आ गए तथा गुरू आदेश पर कुएं में कूदने को तैयार हो गए। रामानन्दाचार्य जी आपसे बहुत प्रभावित हुए और पीपाराव को गागरोन जाकर प्रजा सेवा करते हुए भक्ति करने एवं राजसी संत जीवन व्यतीत करने का आदेश दिया। एक वर्ष पश्चात् संत रामानन्दाचार्य जी अपनी शिष्य मण्डली के साथ गागरोन पधारे व पीपा जी के करूण निवेदन पर आषाढ शुक्ल पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) संवत् 1414 ( ई. सन् 1492) को दीक्षा देकर वैष्णव धर्म के प्रचार के लिए नियुक्त किया। पीपाराव अपना सारा राजपाठ अपने भतीजे कल्याणराव को सौंपकर गुरूआज्ञा से अपनी सबसे छोटी रानी सीता जी के साथ वैष्णव धर्म–प्रचार यात्रा पर निकल पड़े। तब से काफी समाज बंधु सिलाई का कार्य करते हुए पीपाजी के भक्त हो गए। भारत में यह समाज पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज के नाम से जाना जाता है। यह समाज मुख्यतः राजस्थान, गुजरात, हरियाणा व मध्यप्रदेश में फैला हुआ है। संत पीपाजी ने भी संत नामदेव जी के आदर्शों से प्रभावित होकर सिलाई कार्य अपनाया तथा अपने अनुयाईयों को इस कार्य के लिए प्रेरित किया।

**( इ ) श्री दामोदर वंशीय क्षत्रिय जूना गुजराती दर्जीः** श्री दामोदर वंशी जूना गुजराती दर्जी समाज के आराध्य श्री श्री 1008 गुरू टेकचन्द जी महाराज हैं। उनका प्रदुर्भाव–वैशाख शुक्ल पूर्णिमा विक्रम संवत् 1805, सन् 1748 में हुआ तथा इन्होंने आश्विन शुक्ल पूर्णिमा विक्रम संवत् 1868, सन् 1781 में समाधि ली। घर में धार्मिक वातावरण होने से श्री टेकचन्द जी की विचारधारा बचपन से



ही धार्मिक रही। एक दिन क्रोध में आकर उनके पिताजी ने कहा कि 'अभी चले जाओ मेरे सामने से, मैं कुछ सुनना नहीं चाहता। जहाँ तुम जाना चाहो जा सकते हो। अब तुम मेरे घर में पैर मत रखना। तुमने घर को बदनाम कर दिया है–मूर्ख'।

श्री टेकचन्द जी ने पिता के मुख से इस प्रकार के शब्द सुने, तो उनके कोमल हृदय को गहरा आघात पहुंचा। उन्होंने अपने मन में अपनी आत्मा से ध्यान कर जान लिया कि इस नश्वर संसार में ईश्वर के बिना और कोई मददगार नहीं है। सद्भाव से उस ईश्वर का भजन पूजन करना ही अच्छा है। ऐसा विचार कर अपने माता–पिता, भाई–बहिन आदि सभी पूजनीय लोगों को मन ही मन प्रणाम कर पिता की आज्ञा शिरोधार्य करके घर छोड़ कर निकल गए। वह जिस हालत में पिताजी के सामने खड़े थे, वैसे ही चले गए। विक्रम संवत् 1824 सन् 1767 में घूमते–घूमते एक दिन वे उन्हेल नाम के गाँव में पहुंचे। उन्हेल में एक कबीरपंथी संत श्री परसराम जी महाराज निवास करते थे। वहीं उन्हें उनका सत्संग मिला, जिससे प्रभावित होकर उन्होंने सेवा की। उस अत्यंत ही सुंदर और रमणीय स्थान पर यदि मुझे अपना शिष्य बन कर रहने का मौका दें तो कितना अच्छा हो, ऐसा विचार कर श्री टेकचन्द जी ने गुरू श्री परसराम जी के पास जाकर साष्टांग प्रणाम किया और आज्ञा पा कर कहा – गुरू महाराज! आप मुझे अपना शिष्य बना लें, जिससे आपके चरणों की सेवा करके कृतार्थ हो जाऊँ।

# हार्दिक बधाई एवं मंगल कामनाऐं





✤ अ.भा. श्री नामदेव छीपा महासभा समिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री

## श्री घनश्याम वर्मा (मेड़तवाल)

कोटा को महासभा समिति द्वारा

## समाज रत्न सम्मान 2025

से सम्मानित किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं स्वस्थ जीवन तथा दीर्घायु की मंगल कामनाऐं।

✤ श्री घनश्याम वर्मा द्वारा दीर्घकाल से नामदेव छीपा समाज के प्रति समर्पित एवं निस्वार्थ भाव से की जा रही सेवाओं के फलस्वरुप राष्ट्रीय महासभा द्वारा उन्हें यह सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया। एतदर्थ महासभा समिति का हार्दिक आभार।

**शुभेच्छु :**



- रामनारायण छीपा-श्रीमती मनभरी छीपा
- चन्द्र प्रकाश छीपा-श्रीमती हेमा छीपा
- अंजना छीपा-अनुपम छीपा
- जीवेश, मिहिका, अयांश एवं समस्त तलाइच परिवार
  ( देवलिया कलां-अजमेर वाले )

प्रतिष्ठान : मै. दी ग्रीन ट्विस्ट ( ओपन मेस ), लक्ष्मण विहार, कुन्हाड़ी, कोटा ( राज. )
मो. 9999912385, 9461513123

# हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाऐं



इंजी. शिवांक जोशी (B.Tech.)
DOB : 26-04-2001

## वैवाहिकी परिचय विवरण

- शुभ नाम : शिवांक जोशी
- जन्म तिथि : 26 अप्रैल 2001
- जन्म समय : रात्रि 10:10
- जन्म स्थान : रामगंजमण्डी, ( जिला कोटा ) राज.
- लम्बाई : 5'10''
- योग्यता : B.Tech. (C.S.)
- जॉब : प्रा. कं. में सॉफ्टवेयर इंजीनियर
- गौत्र निषेध : जोशी, सांखला, बंदीवाल, आसरमा

- शुभ नाम : डॉ. पारुल जोशी
- जन्म तिथि : 24 मार्च 1997
- जन्म समय : प्रात: 07:45
- जन्म स्थान : रामगंजमण्डी, ( जिला कोटा ) राज.
- लम्बाई : 5'3''
- योग्यता : MBBS
- जॉब : कोटा हार्ट हॉस्पीटल कोटा में सेवारत
- गौत्र निषेध : जोशी, सांखला, बंदीवाल, आसरमा



डॉ. पारुल जोशी (MBBS)
DOB : 24-03-1997



:: शुभाशीष ::

श्रीमती प्रेमलता जोशी-स्व. श्री लाल चन्द जोशी ( दादी-दादा )
श्री रमेश चन्द जी-स्व. श्रीमती किस्तूरी बाई ( नाना-नानी )
भरत कुमार जोशी-श्रीमती मंजू ( पापा-मम्मी )
सुनील जोशी ( ताऊजी ) श्रीमती निर्मला जोशी ( ताईजी )
कृष्ण गोपाल ( चाचाजी ) एवं समस्त जोशी परिवार

प्रतिष्ठान : मै. अन्नपूर्णा भण्डार • मै. जे.आर. ट्रेक्टर्स, रामगंजमण्डी


निवास : 1-D-33, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रामगंजमण्डी, जिला कोटा ( राज. )
मो. 94141-92265, 82092-15386, 92144-60108

यह वचन सुनकर गुरू महाराज श्री परसराम जी ने सारा रहस्य व चमत्कार पहचान लिया और कुछ सोच कर कहा–बेटे तेरे माता–पिता धन्य है, जिन्होंने तेरे जैसे पुत्र को जन्म दिया। मैं तुम्हे अपना शिष्य अवश्य बनाऊंगा। तुम अभी आश्रम में ही रहो। आश्रम के सभी शिष्यों को बुला कर कहा– टेकचन्द यहीं रहेगा, शुभ दिन व समय देख कर दीक्षा दी जाएगी। कुछ दिन बीतने के बाद सम्वत् 1825 सन् 1768 में वैशाख शुक्ल पूर्णिमा के दिन गुरू श्री परसराम जी महाराज ने श्री टेकचन्द जी को साधु–संत होने की गुरू दीक्षा दे कर अपना शिष्य बनाया।

श्री टेकचन्द जी ने अपनी तीर्थ यात्रा उज्जैन से चैत्र शुक्ल पक्ष पुष्य नक्षत्र में विक्रम संवत् 1841 सन् 1784 में प्रारंभ की तथा आश्विन शुक्ल पक्ष में विजयादशमी के दिन विक्रम संवत् 1847 सन् 1790 में वापस आकर शिप्रा (शिवप्रिया) नदी में स्नान करके महाकालेश्वर के दर्शन कर तीर्थ यात्रा समाप्त की। तीर्थ यात्रा से आने के बाद उन्होंने भक्त जनों के आग्रह पर गुरू मंत्र देना प्रारंभ किया, जिससे वे गुरूजी कहलाए। प्रबल ईश्वर भक्ति के कारण संत कहलाए।सत्संग में आने वाले भक्तों ने गुरूजी से दीक्षा लेने की इच्छा प्रकट की तो उन्होंने विक्रम संवत् 1852 के शुभ मुहर्त में दीक्षा देने का कार्य प्रारंभ किया तथा आश्विन शुक्ल पूर्णिमा विक्रम संवत् 1868 सन् 1781 में समाधि ली।

चूंकि उनका जन्म दामोदर वंशी जूना गुजराती दर्जी परिवार में हुआ तथा वे एक संत हो गए, इसलिए उनके समाधि के बाद दामोदर वंशी जूना गुजराती दर्जी समाज उनको अपना आराध्य मानने लगे। यह खांप गुजरात व मध्यप्रदेश में अधिक संख्या में है।

**( ई ) भरतवंशी दर्जी:**– यह दर्जी समाज भगवान राम के छोटे भाई भरत जी को अपना आराध्य मानते हैं। भरत अपने परिवार, गुरू व सेना के साथ भगवान श्रीराम को वापस लेने चित्रकूट गए, वहाँ जाकर उन्होंने भगवान श्रीराम से क्षमा मांगी व उन्हें वापस अयोध्या चलने को कहा, किंतु भगवान श्रीराम ने अपने पिता को दिये गये वचन के कारण वापस जाने से मना कर दिया। इसलिए भरत केवल उनकी चरण पादुका लेकर वापस लौट आए।



चूंकि भगवान श्रीराम ने भरत को 14 वर्षों तक अयोध्या को संभालने का आदेश दिया था, इसलिए भरत ने अयोध्या का राज सिंहासन तो संभाला, लेकिन श्रीराम की तरह वनवासी रहते हुए। उन्होंने अपना सब राजसी सुख त्याग दिया व अयोध्या के समीप नन्दीग्राम वन में एक कुटिया बना कर वहाँ सें राज करने लगे।

भरतवंशी दर्जी समाज का मानना है कि वे महाराज भरत जी के समय से सिलाई का कार्य कर रहे हैं। इनकी संस्था भरतवंशी राजपूत महासभा (रजिस्टर्ड) है। वे इस संस्था को राजपूत दर्जी समाज की संस्था मानते हैं। भरतवंशी दर्जी ग्वालियर, आगरा, मथुरा व भरतपुर के आसपास अधिक संख्या में है।

**( उ ) भगतवंशी दर्जी:**– वैसे दर्जी समाज गुजरात में संत नामदेव, संत पीपाजी एवं संत टेकचन्द जी को अपना आराध्य मानते हैं, परंतु वहाँ स्वयं को प्रागजी भगत महाराज के वंशज मानने वाले अधिक संख्या में हैं। प्रागजी भगत का जन्म 20 मार्च 1829 को महुआ के छोटे से गाँव में दर्जी परिवार में हुआ था। उनके पिता गोविन्द भाई दर्जी थे, उनकी माँ मालूबाई दर्जी थी। वह अक्सर अपने दोस्तों से भगवान की पूजा के महत्व पर बातचीत करते थे।



(शेष भाग अगले पृष्ठ पर...

# हरियाणा में राज्य स्तरीय नामदेव जयन्ती समारोह
# नामदेव समाज हेतु मुख्यमंत्री ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

**हिसार।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार (हरियाणा) के सभागार में 26 अक्टूबर को राज्य स्तरीय संत नामदेव जयन्ती समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री रणवीर सिंह गंगवा थे। हरियाणा सरकार द्वारा संचालित **संत महापुरूष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना** के तहत हिसार में यह समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत नामदेव का जीवन प्रेम, भक्ति और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत तथा असामनता को मिटाकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में किसी एक सरकारी संस्थान का नाम संत नामदेव जी महाराज के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने समाज की विभिन्न धर्मशालाओं के रखरखाव एवं सोलर पेनल लगवाने के लिए 51 लाख रूपये देने तथा भिवानी, पानीपत और नारनौल में समाज को नियमानुसार भूमि आवंटित करने की घोषणाएं की।

समारोह में लोकनिर्माण मंत्री श्री रणवीर सिंह गंगवा ने कहा कि संत नामदेव महान संत, समाज सुधारक और समानता के संदेशवाहक थे। वह भक्ति आंदोलन के अग्रदूत थे। उन्होंने कहा कि नामदेव समाज सरकार की नीतियों से आत्मगौरव के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री केप्टन अभिमन्यु, हिसार के मेयर प्रवीण पोपली, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमेन सतबीर वर्मा, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, नामदेव ट्रस्ट के चेयरमेन मा. प्रताप वर्मा, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति श्री नरसीराम विश्नोई, लुवास विश्वविद्यालय के कुलपति श्री विनोद वर्मा, भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, नामदेव छीपा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष श्री बृजमोहन छीपी तथा बड़ी संख्या में प्रदेश के कौने–कौन से आए समाज बंधु अपस्थित थे।■■

–विनोद खन्ना
मण्डी आदमपुर (हिसार)

नोट : कृपया अयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें

---

(पिछले पृष्ठ का शेष...)

प्रागजी का स्वामीनारायण जी से परिचय हुआ। सद्गुरू योगानन्दस्वामी ने स्थानीय स्वामीनारायण मन्दिर का दौरा किया और उन्हें सत्संगी के रूप में दीक्षा दी।

भगत जी महाराज (20 मार्च 1829 – 7 नवंबर 1897), प्रागजी भगत के रूप में पैदा हुए, जो गुजरात के स्वामीनारायण संप्रदाय में एक गृहस्थ भक्त थे। बोचासन वासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (BPS) में उन्हें स्वामीनारायण संप्रदाय का दूसरा आध्यात्मिक उत्तराधिकारी माना जाता है। अपने प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने इस विश्वास को प्रचारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि स्वामीनारायण पुरूषोत्तम, सर्वोच्च व्यक्ति थे और उनके अपने गुरू, गुणतीतानन्द स्वामी भगवान के दिव्य निवास अक्षर थे। एक निचली जाति के गृह स्वामी के रूप में उनकी आध्यात्मिक अनुभूति और अभ्यास ने एक नई मिसाल कायम की और इस विचार के खिलाफ एक कवच के रूप में काम किया कि आध्यात्मिक उत्थान उच्च जातियों तक ही सीमित था। इसलिए गुजरात का दर्जी समाज व स्वामी नारायण मन्दिर स्थलों पर रहने वाले सभी समाज बंधु उनको अपना आराध्य मानते हैं।

**–प्रो. मोहन लाल छीपा, जयपुर**

(शेष अगले अंक में क्रमशः...)

# संत नामदेव विषयक भ्रामक तथ्य निवारण



भक्तिकालीन संत परम्परा के अग्रणी संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के जीवन के विविध पक्षों पर कई बार भ्रामक एवं गलत जानकारी प्रसारित हो जाती है। विद्यालयों की पाठ्य पुस्तकों में गलत तथ्य प्रकाशित हो जाना तो बहुत ही गंभीर चिंता का विषय होता है, क्योंकि इससे हमारी भावी पीढ़ी को संतश्री के बारे में गलत जानकारी मिलती है, जो कई बार जीवन भर उनके मन–मस्तिष्क से हट नहीं पाती।

हाल ही में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की भर्ती परीक्षा की तैयारी हेतु यूनिवर्सल बुक्स प्रकाशन गृह प्रयागराज द्वारा प्रकाशित गाइड बुक में संतश्री के बारे में बहुत कुछ गलत तथ्य प्रकाशित कर न केवल भावी पीढ़ी को भ्रमित किया गया, अपितु पूरे देश के नामदेव अनुयाईयों की भावनाओं को भी आहत किया है।

इस पुस्तक में एक स्थान पर लिखा है कि संत नामदेव इस्लाम धर्म से अत्यंत प्रभावित थे। वे मूर्तिपूजा, व्रत, उपवास, तीर्थयात्रा एवं कठोर शारीरिक साधना के भी विरूद्ध थे। वह अपने प्रारंभिक जीवन में डाकुओं के सरदार थे। ये तीनों गलत तथ्य समाज बंधुओं की जानकारी में आने के बाद देश भर में इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई।

राष्ट्रीय छीपा महासभा समिति के माध्यम से तुरंत आपत्ति दर्ज करवाई गई। अनेक जागरूक समाज बंधुओं के द्वारा ये गलत तथ्य पुस्तक के प्रकाशक के संज्ञान में लाए गए। फलस्वरूप प्रकाशक ने अपनी ओर से क्षमायाचना करते हुए आगामी संस्करण में भूल सुधार करने तथा वर्तमान संस्करण की सभी प्रतियों को मार्केट से हटवाने का लिखित आश्वासन भी दिया।

बंधुओं इससे पूर्व भी अनेक बार संत नामदेव के बारे मे गलत तथ्य हमारे ध्यान में आये हैं, जिनका निराकरण हेतु संबंधितों को राष्ट्रीय छीपा महासभा की ओर से आपत्ति दर्ज करवाई गई है।

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर द्वारा वर्ष 2012 में प्रकाशित माध्यमिक स्तर की भारतीय संस्कृति और विरासत पुस्तक क्रमांक 223 में पृष्ठ 58 पर संत नामदेव की जाति **नाई** लिखी हुई थी। इस त्रुटि की ओर ब्यावर के श्री कैलाश चन्द सरावगी ने हमारा ध्यान आकर्षित किया था, तब हमने तत्काल राष्ट्रीय छीपा महासभा के स्तर से तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे जी, शासन सचिव स्टेट ओपन स्कूल जयपुर तथा निदेशक राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नोएडा को पत्र लिखकर इस त्रुटि को दूर करने का आग्रह किया था। इसके अलावा होली फ्रेश इंटरनेशनल (प्रा.) लिमिटेड प्रकाशन गृह द्वारा प्रकाशित कक्षा 7वीं की सामाजिक विज्ञान विषय की पुस्तक में संत नामदेव की जाति **धोबी** लिखी हुई थी। इस तथ्य की ओर महासभा द्वारा प्रकाशक का ध्यान आकर्षित किया गया और पूर्णतया असत्य तथ्य हटवाने की कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार एस.एस. पब्लिकेशन, दिल्ली द्वारा प्रकाशित कक्षा 7वीं की सामाजिक अध्ययन पुस्तक में भी पृष्ठ 32 पर संत नामदेव को धोबी जाति का लिखा गया था। इस त्रुटि की ओर दमोह के श्री राजू नामदेव ने हमारा ध्यान आकर्षित किया था और हमने महासभा के स्तर से तुरंत प्रकाशक के समक्ष आपत्ति दर्ज करवाई थी। इस पर प्रकाशक दीपक अग्रवाल ने सभी पुस्तकों की बिक्री रूकवा कर अगले संस्करण में भूल सुधार करवा दी थी।

अब से करीब 15 वर्ष पूर्व पंजाब प्रांत से प्रकाशित एक पुस्तक में भी संत नामदेव को डाकू कहा गया था। इस तथ्य की ओर भी राष्ट्रीय छीपा महासभा के माध्यम से शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक समिति (SGPC) की तत्कालीन अध्यक्ष बीबी जागीर कौर का ध्यान आकर्षित किया गया था तथा त्रुटि संशोधित करवाने की कार्यवाही की गई थी। उन्हें

स्मरण करवाया गया था कि सिखों के धर्मग्रंथ गुरूग्रंथ साहिब में संत नामदेव को संत शिरोमणि कहा गया है। उनके 61 अभंग गुरूवाणी के रूप में ग्रंथ साहिब में समाहित है तथापि ऐसे संत को डाकू बताना पूर्णतया मिथ्या एवं अपमानजनक शब्द हैं। तब उन्होंने पुस्तक के प्रकाशक के विरूद्ध कार्यवाही कर मिथ्या तथ्यों को हटवाया था। इतना ही नहीं मानव संसाधन मंत्रालय की वेबसाइट पर भी संत नामदेव के बारे में गलत तथ्य अपलोड हो रहे थे, जिनकी ओर तत्कालीन मानव संसाधन विभाग मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर जी का ध्यान दिलवाया गया था।

**विशेष आग्रहः**– नामदेव छीपा, टांक छीपा एवं समाज की सभी खांपों के नामदेव अनुयाईयों से हमारा आग्रह है कि उन्हें जहाँ कहीं भी किसी पुस्तक, पाठ्य पुस्तक, समाचार पत्र, पत्रिका, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्लेटफॉर्म पर संत नामदेव के बारे में कोई भी त्रुटिपूर्ण या संदेहास्पद जानकारी मिले तो वे तुरंत समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों का ध्यान आकर्षित करें। विशेष रूप से शिक्षा जगत से जुड़े केन्द्र, राज्य एवं प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक बंधु तथा मीडिया पर्सन इस ओर अधिक सावचेत रह कर हमारी सामाजिक संस्थाओं का ध्यान दिलावें। संस्थाओं से भी हमारा यह आग्रह है कि वे इस बाबत सूचना प्राप्त होते ही तुरंत प्रभावी कार्यवाही अमल में लावें ताकि संतश्री के जीवन–दर्शन के बारे में किसी प्रकार की असत्य, गलत, भ्रामक एवं त्रुटिपूर्ण जानकारी को तुरंत रोका जा सके और सही तथ्य प्रसारित एवं उद्घाटित किए जा सकें। अस्तु! जय श्री विट्ठल! जय श्री नामदेव! ■■

**–घनश्याम वर्मा**
प्रधान संपादक
श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका
कोटा (राज.) 9413364741

# डॉ. मोहन लाल छीपा राज्यपाल द्वारा सम्मानित

**जयपुर।** अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा को श्री सुन्दर सिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 22 जून 2025 को उदयपुर के सुखाडिया रंगमंच टाउन हॉल में महामहिम राज्यपाल पंजाब व प्रशासक चण्डीगढ़ श्री गुलाबचन्द कटारिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री नन्दलाल बाबाजी एवं राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री श्री बाबूलाल खराडी द्वारा सम्मानित किया गया। प्रो. छीपा के अतिरिक्त ट्रस्ट ने राज्यसभा सांसद श्री घनश्याम तिवाडी, भीलवाडा के पूर्व सांसद सुभाष चन्द्र बहेडिया, कोटा नगर निगम की पूर्व महापौर श्रीमती सुमन श्रृंगी सहित 18 विशिष्ट जनों को समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

प्रोफेसर छीपा भारतीय शिक्षण मण्डल व अखिल भारतीय नामदेव छीपा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहें हैं। इन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल के संस्थापक कुलपति के रूप में 5 वर्ष तथा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में 3 वर्ष तक कुलपति के पद पर विश्वविद्यालय की सेवाएं की है। अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय में 250 से अधिक हिन्दी में पाठ्यक्रम बनाए हैं। यह देश का पहला राज्य विश्वविद्यालय था, जहाँ पर इनके कार्यकाल में अध्ययन, अध्यापन एवं शोध कार्य हिन्दी भाषा में शुरू किया गया था। उन्होंने वहाँ चिकित्सा, अभियांत्रिकी, संगणक विज्ञान, विधि, प्रबंधन एवं सभी संकायों में हिन्दी में कार्य प्रारंभ किया था।

प्रो. छीपा के निर्देशन में 70 से अधिक छात्रों ने पीएच.डी. एवं एम.फिल ग्रंथ लिखे हैं।उन्होंने उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन के लिए अमेरिका, इंग्लेण्ड, जर्मनी, नार्वे, मॉरिशस, नेपाल, डेनमार्क, दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन आदि देशों की यात्राएं की हैं। वर्तमान में प्रो. छीपा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर के अध्यक्ष के रूप में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं। श्री सुन्दर सिंह भण्डारी ट्रस्ट प्रतिवर्ष राजस्थान में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही ऐसी हस्तियों का सम्मान करता है। राष्ट्रीय छीपा महासभा एवं पत्रिका परिवार की ओर से मोहन लाल छीपा को हार्दिक बधाई। ■■

( कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

# WITH BEST *Compliments*



**Aman Nama (Lavish)**
B.Tech. IIT Kharagpur
Job In American Express Bank
DOB : 24-05-1998



**Meenal Nama**
B. Designing (Interior)
From Mody University, Laxmangarh
DOB : 27-02-2000



**SMT. KANTA NAMA**

**JAGDISH NAMA**


**INNOVATION**
OUTDOOR ADVERTISING

**iACTIVE**
FOCUS MEDIA PVT. LTD.

**Kota Office :** 63, New Grain Mandi, Near Aerodrome Circle, Kota-07
**Jaipur Office :** C-10, Sudarshanpura Industrial Area, 22 Godam, Jaipur
innovationkota@gmail.com 9829036214

**DOCTORHOUSE**
OCF-1, Infront of Allen Samyak, Landmark City,
Kunhadi, Kota | Contact : 9571077770



# हार्दिक बधाई एवं मंगल कामनाऐं

# प्रियांशु नामा

सुपुत्र श्री ओमप्रकाश सांखला-स्व. बीना कुमारी
( सुपौत्र स्व. श्री नाथूलाल जी सांखला, सीसवाली )
को

## न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड
(NPCIL Department of Atomic Energy, Government of India)

में वैज्ञानिक पद पर नियुक्ति होने पर

## हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं


**प्रियांशु**
**DOB: 07-04-2001**

:: शुभेच्छु ::

ओमप्रकाश सांखला ( पिता ), गणेश तालाब, कोटा मो. 9413441972
अमित कुमार ( भाई ) (Technical Lead, THALES INDIA Pvt. Ltd., पूर्व प्रबंधक HAL)
Address : United Highlands, Varthur, Bangalore M.: 9035031798
अंतिमा सोपरा ( भाभी ) (M.Tech. & B.Tech.)
वरेण्या, नव्या ( भतीजी )

# डॉ. प्रियंका नामा को BAMS की डिग्री हासिल करने पर

## हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाऐं



### वैवाहिकी परिचय विवरण

| | | |
|---|---|---|
| • शुभ नाम | : | डॉ. प्रियंका नामा |
| जन्म तिथि | : | 05 फरवरी 1999 |
| • जन्म समय | : | रात्रि 09:35 |
| • जन्म स्थान | : | बून्दी ( राजस्थान ) |
| • लम्बाई | : | 5'6'' |
| • योग्यता | : | BAMS ( आयुर्वेद चिकित्सक ) |
| • जॉब | : | निजी प्रेक्टिस |
| • गौत्र निषेध | : | दोसाया, पीलीवाल, तलाइच, नागर |

:: शुभेच्छु ::

महावीर प्रसाद नामा-श्रीमती इन्द्रा नामा ( पापा-मम्मी )
पुष्पेन्द्र नामा-श्रीमती नेहा ( भैया-भाभी )
प्रफुल्ल ( भ्राता ) एवं समस्त दोसाया परिवार

**डॉ. प्रियंका नामा**
**DOB- 05-02-1999**

सम्पर्क :- महावीर प्रसाद नामा, इन्द्राणी भवन, त्रिमूर्ति कॉलोनी, छत्रपुरा रोड़, बून्दी ( राज. )
मो. 8764243736 ( पिता ), 6350229608 ( माता ), 9460010628 ( भ्राता )

# अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति
# संक्षिप्त कार्य प्रतिवेदन : मुख्य उपलब्धियां
# अवधि : मार्च 2023 से सितम्बर 2025

**यह प्रतिवेदन अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति ( पंजीकृत ) द्वारा उक्त वर्णित अवधि में किए गए कार्यों, संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक गतिविधियों का सार प्रस्तुत करता है।**

1. **संगठनात्मक मजबूती और विस्तार:** (सदस्यता एवं नेतृत्व): महासभा ने गठन की मजबूती और विस्तार को प्राथमिकता दी गई। इसके अन्तर्गत अनेक प्रवास, बैठकें और सदस्यता अभियान चलाया गया। महाराष्ट्र (नागपुर), उत्तर प्रदेश (मथुरा, आगरा), राजस्थान और अहमदाबाद एवं बड़ौदा (गुजरात) में प्रवास किया गया और अब तक लगभग 300 नए सदस्यों को जोड़ा गया।

2. **नेतृत्व का पुनर्गठन:** दिनांक 25 मई 2025 को भोपाल में मध्यप्रदेश की प्रांतीय इकाई को पुनर्गठित करते हुए अध्यक्ष का चुनाव करवाकर नई कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी अध्यक्ष को दी गई। श्री नामदेव छीपा समाज (गहलोत) आम मेवाड महासभा भीलवाड़ा की नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। पंजाब प्रांत के संगठन को पुनर्जिवित करने के हेतु श्याम सुन्दर शुक्ला ने वहाँ प्रवास किया। टोंक जिला हितकारिणी समिति की नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई गई।

3. **नए जिलों का गठन एवं मनोनयन:** संगठन के विकेन्द्रीकरण के तहत दूदू और कोटपुतली जैसे नए जिलों में प्रवास कर संगठन का विस्तार किया गया और जिला अध्यक्षों को मनोनीत किया गया।

4. **राज्य प्रभारियों की नियुक्ति:** विभिन्न प्रांतों में संगठन को सक्रिय करने तथा नेतृत्व प्रदान करने हेतु राज्य प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

5. **सर्वसहमति एवं विलीनीकरण:** राजस्थान के प्रांतीय संगठनों के विलीनीकरण हेतु लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों को अंतिम रूप दिया गया और सर्वसम्मति से विलीनीकरण सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। (दिनांक 14 दिसम्बर 2024)

6. **कार्यकारिणी बैठकें:** संगठन की गतिविधियों की क्रियान्विती के अन्तर्गत कार्यकारिणी की बैठकें क्रमशः 25 फरवरी 2024 को सांगानेर, जयपुर (राजस्थान) में, 24 जुलाई 2024 को नारनौल (हरियाणा) में तथा राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 22 दिसम्बर 2024 के सफल आयोजन के लिए 14 अक्टूबर 2024 एवं 10 दिसम्बर 2024 को जूम मीटिंग्स का आयोजन किया गया। दिनांक 21 सितम्बर 2025 को आगरा में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।

7. **महत्वपूर्ण धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन:** समाज की संस्कृति और एकता को बढावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित की गई।

8. **राष्ट्रीय अधिवेशन:** (कोटा 22 दिसम्बर 2024): महासभा का सफल राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को कोटा में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्माननीय श्री ओम कृष्ण बिरला जी (लोकसभा अध्यक्ष) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसमें संगठन को वृहद रूप देने हेतु तहसील, जिला, प्रांत और राष्ट्रीय संगठन को एक कड़ी में जोडने के प्रारूप और सामाजिक कुरीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्माननीय श्री ओम कृष्ण बिरला जी को पी एम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत हस्तशिल्प कला (हाथ ठप्पा छपाई) उद्यम को सूची में सम्मिलित करने हेतु रंगाई–छपाई कला बोर्ड की स्थापना तथा संत नामदेव जयन्ती को सार्वजनिक अवकाश घोषित करवाने हेतु तीन ज्ञापन पत्रक दिए गए।

9. **धार्मिक उत्सव:** संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 753वीं जयन्ती (23 नवम्बर 2023) और 674वें संजीवन समाधि दिवस (2 अगस्त 2024) पर सभी समाज बंधुओं और संगठनों से अपनी सुविधानुसार आयोजन करने के लिए आग्रह किया। अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति एवं श्री नामदेव छीपा समाज जिला हितकारिणी

समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य आयोजन किया गया। अयोध्याधाम में श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सांगानेर जयपुर में 22 जनवरी 2024 को भव्य शोभायात्रा का सफल आयोजन किया गया।

**10.सम्मान समारोहः** झालावाड, मथुरा, नोखा, मालपुरा, जयपुर और टोंक में आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं वरिष्ठ जन सम्मान समारोहों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सक्रिय उपस्थिति रही और पदाधिकारियों का अभिनन्दन किया गया।

**11.सांस्कृतिक कार्यक्रमः** जयपुर में डाण्डिया महोत्सव (20 अक्टूबर 2023) और अलवर में लहरिया उत्सव (10 अगस्त 2025) जैसे सामाजिक आयोजनों को सफल बनाया गया।

**12.मन्दिर एवं सम्पत्ति निस्तारणः** समाज की आस्था के केन्द्र और सम्पत्ति से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। लवाण(दौसा) मन्दिर भूमि विवाद निस्तारण : दिनांक 5 मार्च 2023 को लवाण प्रवास कर मन्दिर भूमि विवाद का निस्तारण किया गया। व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मन्दिर कार्यकारिणी का गठन किया गया और 29 जून 2025 को पुनर्गठन एवं लेखा–जोखा की समीक्षा की गई। सांवला जी मन्दिर झूठा (जिला ब्यावर) में 6 अप्रैल 2025 एवं श्री नामदेव मन्दिर, पुष्कर में आयोजित पाटोत्सव एवं महासभा कार्यकारिणी के अभिनन्दन में सक्रिय भागीदारी रही।

- दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को आगरा प्रवास के समय मन्दिर के जीर्णोद्धार एवं व्यवस्था पर समाज बंधुओं से चर्चा की गई

**13.कला, व्यापार एवं सरकारी पहलः**

- समाज के पारंपरिक व्यवसाय और कलाकारों को सहयोग देने हेतु कार्य किए गए।
- रंगाई–छपाई एवं शिल्पकार कार्डः महासभा के रंगाई छपाई कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन कर शिल्पकार कार्ड बनवाने हेतु समाज बंधुओं को प्रेरित किया गया। शिल्पकार कार्ड बनवाकर वितरण किया गया तथा कार्ड की महत्ता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।
- ब्लॉक प्रिटिंग जोन (सांगानेर): सांगानेर में ब्लॉक प्रिटिंग जोन स्थापित करने की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई एवं ज्ञापन प्रेषित किया गया।
- **सरकार संपर्कः** दिनांक 17.03.2023 व 18.03. 2023 को केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोष जी से मुलाकात कर समाज और संगठन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

**14.अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियांः** दिनांक 25 जुलाई 2023 को महासभा के सदस्यों द्वारा लोकसभा भवन, प्रधामंत्री संग्रहालय और राष्ट्रपति भवन एवं दिल्ली का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिल्ली में नामदेव समाज की विभिन्न खांपो की दशा पर चर्चा हेतु 25 अगस्त 2025 को आयोजित बैठक में भागीदारी निभाई।

इस प्रतिवेदन में महासभा द्वारा विगत ढाई वर्षों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्यौरा वर्णित है। आने वाले वर्षों में महासभा के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी तथा यह महासभा समाजोत्थान की अग्रदूत बनी रहेगी। ■■

प्रस्तुतकर्ता–
–अवधेश कुमार पाण्डे
राष्ट्रीय महासचिव, जयपुर

# अति आवश्यक सूचना

राजस्थान में नए जिलों का सृजन हो जाने के बाद कई शहरों, कस्बों तथा ग्रामों के प्रशासनिक जिलों में बदलाव हो गया है, जबकि उन्हें यह पत्रिका पूर्व के जिलानुसार ही प्रेषित की जा रही है। अतः पत्रिका के राजस्थान राज्य के सदस्य महानुभावों से हमारा अनुरोध है कि कृपया जिनके डाक पते अब नए जिलों में आ गए हैं, वे हमें अपने नए जिले के नाम के साथ अपना पूरा डाक पता (पिन कोड एवं मोबाइल नं. तथा सदस्यता क्रमांक सहित) व्हाटसअप से सूचित करने का कष्ट करें, ताकि भविष्य में आपकी डाक बेरंग हो जाने की संभावना नहीं रहे।

–घनश्याम वर्मा,
प्रधान संपादक,
मो. 9413364741

# विभिन्न जाति–समाजों के अनुकरणीय निर्णय

**राजस्थान एवं अन्य प्रांतों में विभिन्न हिन्दू जाति-समाजों ने सामाजिक कुरीतियों, कुप्रथाओं, आडम्बरों एवं खर्चीले रीति-रिवाजों को समाप्त करने या न्यूनतम करने के अनेक महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय निर्णय लिए हैं। प्रधान संपादक द्वारा ऐसे निर्णयों की जानकारी विभिन्न स्त्रोतों से संकलित कर यहाँ प्रस्तुत की जा रही है, जिनसे हमारे समाज और अन्य समाजों को प्रेरणा लेनी चाहिए:- –प्रधान संपादक**

1. कोटा में अग्रवाल समाज के युवक–युवती परिचय सम्मेलन 2018 में युवकों ने दहेज नहीं लेने का संकल्प लिया है।

2. कोटा में गौत्तम समाज ने गौत्तम जयन्ती समारोह 2023 में अनेक संकल्प लिए है, जिनमें

(i) विवाह के बाद बेटी के परिवार में दखल नहीं देना।

(ii) प्री–वेडिंग शूटिंग नहीं करवाना।

(iii) नव विवाहित जोड़ों के संबंध विच्छेद की स्थिति आने पर समाज की जाजम पर सामूहिक चर्चा कर ऐसी घटनाओं का सामाजिक स्तर पर ही समाधान करना।

(iv) पूजाघर में महर्षि गौत्तम भगवान का चित्र रखना आदि।

3. वैश्य महा सम्मेलन जयपुर में समाज के 35 घटकों ने सामूहिक निर्णय लिया है कि लड़के की शादी में गिफ्ट और लिफाफा ना देंगे और ना लेंगे। (दिनांक 8 मई 2023)

4. ऑल राजस्थान जैन संघ पाली–जालौर और सिरोही ने दिनांक 1 मार्च 2019 को अपने एक वृहद सामाजिक आयोजन में यह निर्णय लिया है कि प्री–वेडिंग और कोरियोग्राफी पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

5. बाड़मेर के राजपुरोहित समाज ने 12 फरवरी 2018 को आसोतरा (बाड़मेर–राजस्थान) में चार राज्यों के 1500 गाँवों के पाँच हजार प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिनमें:–

(i) मंगनी में श्रीफल एवं 11 रूपये तथा अधिकतम 1100 रूपये ही दिए और लिए जाएंगे।

(ii) शादी में दहेज का आडम्बर नहीं होगा।

(iii) बारात में अधिकतम 200 बाराती ही शामिल होंगे, जिन्हें विदाई में मात्र 11 रू. भेंट स्वरूप दिये जाएंगें।

(iv) मृत्युभोज पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। जीवित न्यात भी नहीं की जावेगी।

(v) मृत्यु के उपरान्त 12वें दिन सादा भोजन प्रसादी बनेगी, जिसमें परिवारजन एवं अतिथिगण ही भोजन करेंगे।

(vi) समाज के किसी भी कार्यक्रम में मादक पदार्थों का सेवन पूर्णतया वर्जित रहेगा।

6. कोटा में अहीर समाज ने अपनी वार्षिक आम सभा दिनांक 7 जनवरी 2018 में सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किए, जिनमें:–

(i) मृत्यु भोज नहीं करना।

(ii) सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही शादी करना।

(iii) आय का एक प्रतिशत हिस्सा समाज को दान में देना।

(iv) विवाह बाल विवाह निषेध रखना।

(v) नशामुक्ति को अपनाना।

(vi) बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना।

(vii) विधवा विवाह करवाना।

(viii) दहेज प्रथा समाप्त करना आदि निर्णय शामिल हैं।

7. पाली के जैन समाज ने भी मृत्यु भोज पर पाबंदी लगा दी है। निर्णयानुसार मृत्युभोज हेतु सीमित संख्या में ही परिवारजनों तथा अतिथियों के लिए सादा भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

• **नामदेव समाज में** : हमारे नामदेव छीपा समाज में भी कई स्थानों पर मृत्यु भोज पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, तो कई जगह आंशिक प्रतिबंध लागू है। मध्यप्रदेश के **सिहोर** नगर में मृत्यु भोज पर पूर्ण प्रतिबंध है। मध्यप्रदेश के ही **मंदसौर** में समाज बंधुओं ने इस कार्यक्रम को सीमित करते हुए सादगीपूर्ण तरीके से करने का निर्णय लिया हुआ है। वहाँ मृत्यु

भोज में मिष्ठान्न बनाने पर भी पाबंदी लगाई हुई है। यहाँ तक की मंदसोर के बंधुओं ने तो यह भी सख्त निर्णय लिया हुआ है कि जिस परिवार के मृत्यु भोज की सामग्री में मिठाई बनाई जाएगी, उसके यहाँ पगड़ी दस्तूर की रस्म के दौरान पंचायती पगड़ी की रस्म अदा नहीं की जाएगी। नामदेव छीपा समाज युवा संघ जयपुर के पदाधिकारियों ने 25 वर्ष पूर्व 2 जुलाई 2000 को यह संकल्प लिया था कि भविष्य में वे ना तो किसी मृत्यु भोज में शामिल होंगे और ना अपने परिवार में मृत्यु भोज का आयोजन करेंगे।

8. हाल ही में दिनांक 25 मई 2025 को भोपाल में आयोजित प्रांतीय नामदेव छीपा महासभा मध्यप्रदेश (पंजीकृत) की आमसभा में नामदेव छीपा समाज में मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को पूर्ण रूप से समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, जो एक सराहनीय कदम है। इस मौके पर छीपा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

**अपील एवं आग्रहः–**

हमारे नामदेव छीपा समाज में आज भी अनेक कुरीतियां और कुप्रथाएं प्रचलित हैं, जिन्हें समाप्त या सीमित करने का निर्णय हमारी सामाजिक संस्थाओं को लेना चाहिए और संस्थागत निर्णयों की पालना सुनिश्चित करना हम सभी का नैतिक दायित्व होना चाहिए। हाल ही के वर्षों में आरंभ हुई विवाह पूर्व की एक नई कुप्रथा **प्री–वेडिंग शूटिंग** ने हमारे समाज में भी प्रवेश कर लिया है। विवाह के मांगलिक अवसर पर दुल्हा और दुल्हन को राम और सीता के रूप में मानने वाला हिन्दू समाज विवाह संस्कार से पूर्व होने वाली इस कुप्रथा से प्रदूषित हो रहा है। कई प्रगतिशील समाजों ने तो अपने यहाँ इस कुप्रथा को समाप्त करने का निर्णय भी ले लिया है। अतः हमें भी इस ओर गंभीरता से विचार करना होगा।

सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रथा के जनक नामदेव छीपा समाज में यह आदर्श प्रथा अब सिमटती जा रही है। इस पद्धति से विवाह करने के लिए वर–कन्या पक्ष जनों को लुभावने प्रलोभन दिए जाने के बावजूद भी कोई संतोषप्रद सफलता नहीं मिल पा रही है। इसके लिए हमारी संस्थाओं के पदाधिकारियों को अपने पुत्र–पुत्रियों का विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही करने का संकल्प लेकर अन्य बंधुओं के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। हमारे समाज में पूर्व से प्रचलित कई अन्य कुप्रथाओं यथा दहेज प्रथा, मृत्युभोज, लहण एवं पहरावनी प्रथा तथा जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त के विभिन्न संस्कारों को निभाने वाली कुप्रथाओं तक को समाप्त अथवा न्यूनतम करना चाहिए।

मृत्युभोज की कुप्रथा को बंद करने हेतु **टोंक** के समर्पित समाजसेवी **श्री सत्यनारायण नामा** पिछले कई वर्षों से प्रयत्नरत है और इस कार्य में उन्हें काफी हद तक सफलता भी मिल रही है। वह न केवल नामदेव छीपा समाज में बल्कि अन्य जाति समाजों में भी किसी के निधन का शोक समाचार जानकर तुरंत वहाँ पहुंच जाते हैं और शोकाकुल परिवारजनों के समक्ष संवेदना प्रकट करते हुए अपना मंतव्य अभिव्यक्त कर देते हैं। यदि किसी स्थान पर वह नहीं पहुँच पाते हैं तो उनके द्वारा प्रकाशित एक पर्चा/पम्पलेट किसी के माध्यम से पहुँचा देते हैं या व्हाट्स ऐप करके उनसे फोन पर निवेदन कर देते हैं। फलस्वरूप कई समाज बंधु उनकी प्रेरणा से मृत्यु भोज एवं गंगोज की रसोई को अत्यंत सीमित कर औपचारिक रस्म अदा कर लेते हैं। निःसंदेह अन्य स्थानों पर भी हमारे प्रगतिशील समाजबंधु ऐसे ही प्रयास कर रहे होंगे। इसके लिए हम उन सभी को भी साधुवाद देते हुए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

हमारे समाज में जहाँ कहीं भी कुरीतियों को समाप्त करने के सफल प्रयास हुए हों, वहाँ के समाजसेवी बंधुओं तथा पदाधिकारियों सें आग्रह है कि वे अपने निर्णयों एवं प्रयासों से हमें अवश्य ही अवगत कराएं, ताकि उनके द्वारा किये गए सार्थक प्रयासों को समाज के मध्य प्रस्तुत कर इस पत्रिका के माध्यम से प्रेरणास्पद संदेश दिया जा सके।

**–घनश्याम वर्मा**
प्रधान संपादक
श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका, कोटा
मो. 9413364741

■■

समस्त नामदेव समाज बन्धुओं को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...



केप्टन डॉ. ईशान उज्जैनिया
MBBS
DOB : 29-07-1997

# डॉ. ईशान उज्जैनिया

को भारतीय सेना की मेडिकल कोर में
केप्टन के पद पर कमीशनिंग तथा M.O.B.C. ट्रेनिंग
के बाद लद्दाख में प्रथम नियुक्ति मिलने पर

## हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य
## की मंगल कामनाएं



**दिव्य शुभाशीष**

स्व. श्री रामचन्द्र जी-स्व. श्रीमती विद्या बाई उज्जैनिया ( दादा-दादी )
शुभाशीष :- श्री बालाराम जी नामदेव-श्रीमती कृष्णा बाई ( नाना-नानी )

**शुभेच्छु :**

देवेन्द्र उज्जैनिया-श्रीमती संध्या ( पापा-मम्मी )
लोहित उज्जैनिया ( सीनि. सोफ्टवेयर इंजीनियर )-आयुषी ( ग्राफिक डिजाइनर ) ( भैया-भाभी ),
तथा मामा-मामी, बुआ-फूफाजी, मौसाजी-मौसीजी एवं समस्त उज्जैनिया परिवार

निवास : देवेन्द्र उज्जैनिया ( रिटा. कृषि विकास अधिकारी ) 2/5, अलकनन्दा नगर
बिरला अस्पताल के पास, उज्जैन ( म.प्र. ) मो. 9826772629, 9826741349

## हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं



# डॉ. दीक्षा नामा को

JLN मेडीकल कॉलेज अजमेर से एम.एस. ( जनरल सर्जरी )
पूर्ण करने तथा राजकीय जिला चिकित्सालय बून्दी में
चिकित्सा अधिकारी ( शल्य चिकित्सा )
पद पर सेवारत होने पर

## हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं

गौत्र निषेध :- मेड़तवाल, नाफड़िया, जाजपुरा, जोशी

:: शुभेच्छु ::

मोहन लाल नाफड़िया ( नानाजी ), विज्ञान नगर, कोटा
विनोद कुमार नामा ( उप प्रधानाचार्य )-श्रीमती हेमलता नामा ( पापा-मम्मी )
डॉ. जितेन्द्र कुमार नामा (M.Tech; Ph.D.)-श्रीमती मोनिका ( भाई-भाभी )
सोमेन्द्र कुमार नामा (B.Tech; इलेक्ट्रीकल्स) ( भ्राता )
लक्षिव ( भतीजा )

**डॉ. दीक्षा नामा**
MBBS, MS ( जनरल सर्जरी )
DOB: 03-03-1995

सम्पर्क :- विनोद कुमार नामा ( उप प्रधानाचार्य ), नैनवां, जिला बून्दी ( राज. )
मो. 9460033097, 7296849122

## सेवा निवृत्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं -





श्री सत्यनारायण नईवाल को MDS विश्व विद्यालय अजमेर से दिनांक 28 फरवरी 2025 को
मेकेनिक कम वाहन चालक पद से सेवानिवृत्त होने पर

## हार्दिक बधाई एवं सुखद दाम्पत्य जीवन की मंगल कामनाएं


:: शुभेच्छु ::

श्रीमती रामजानकी-स्व. श्री सूरजनारायण ( माता-पिता ), लक्ष्मीनारायण-श्रीमती गायत्री ( भाई-भाभी ),
श्रीमती विजय ( धर्मत्नी ), घनश्याम-श्रीमती राजेश्वरी ( अनुज दम्पत्ति )
कविता, प्रवीण-आरती, कमल-आरती ( भतीजा-बहु ) पुनीत-प्रियंका, हिमांशु-अरूणा ( पुत्र-पुत्रवधु )
पूजा ( भतीजी ), समस्त बाल गोपाल एवं नईवाल परिवार

प्रतिष्ठान :
M/s. Ncore Cretive Technologics Pvt. Ltd.
M/s. Rajasthan Hub Pvt. Ltd., Ajmer

निवास : रामदेव मन्दिर के पास, विश्वविद्यालय मार्ग, घूघरा, अजमेर मो. 9414300101, 7232003101

# ‘समाज रत्न’ श्री घनश्याम वर्मा
# साहित्य, सम्पर्क व समाज सेवा की त्रिवेणी



अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति (मु.) कोटा द्वारा समाज के सर्वोच्च नागरिक अलंकरण **समाज रत्न सम्मान** से सम्मानित नामदेव छीपा समाज के वरिष्ठ समाज सेवी कोटा (राज.) निवासी श्री घनश्याम वर्मा (मेड़तवाल) समाज में एक सुपरिचित हस्ताक्षर हैं। समाज सेवा की प्रतिमूर्ति श्री वर्मा साहित्य, संपर्क एवं समाजसेवा की त्रिवेणी है। सामान्य कद, उन्नत ललाट, मृदुभाषी, हंसमुख चेहरा, मिलनसार एवं विनम्र स्वभाव वाले व्यक्तित्व के धनी श्री वर्मा न केवल हाड़ौती अंचल और राजस्थान प्रदेश में, बल्कि देशभर में अपने समर्पित सेवा कार्यों से नामदेव समाज में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी अपनी विशेष पहचान रखते हैं।

• **जीवन परिचयः** राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम मनोहरथाना निवासी घनश्याम वर्मा का जन्म 14 सितम्बर 1954 को एक सामान्य परिवार में हुआ। आपके पिता श्री माधोलाल छीपा और माता श्रीमती कमला बाई ने विषम आर्थिक परिस्थितियों में अपनी पाँच संतानों का लालन–पालन किया। माता–पिता की पाँच संतानों में आप दूसरी संतान थे। प्रारंभिक शिक्षा ग्राम मनोहरथाना और समीपस्थ अकलेरा कस्बे में हुई। राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ से सन् 1974 में कला स्नातक तथा राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से 1976 में संस्कृत विषय में अधिस्नातक की परीक्षाएं उत्तीर्ण की। बाद में आपने हिन्दी साहित्य और पत्रकारिता में भी स्नातकोत्तर परीक्षाएं उत्तीर्ण की। संगीत में आपकी विशेष अभिरुचि होने के कारण आपने राजकीय संगीत विद्यालय झालावाड़ से प्रारंभिका और प्रवेशिका प्रथम स्तर तक की शिक्षा प्राप्त की।

• **राजकीय सेवाः** श्री घनश्याम वर्मा का राज्य सेवा में प्रवेश जुलाई 1977 में हुआ। राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में आपकी प्रथम नियुक्ति उद्घोषक के पद पर बीकानेर में हुई। बाद में आप पदोन्नति से सहायक जन संपर्क अधिकारी, जन संपर्क अधिकारी तथा सहायक निदेशक के पद पर नियुक्त हुए और अनेक जिलों में अपनी सेवाएं देते हुए सितम्बर 2014 में कोटा में सहायक निदेशक पद से सेवानिवृत हो गए। सेवाकाल में आपको अनेक अवसरों पर जिला प्रशासन तथा अन्य विभागों एवं संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया।

• **रचना धर्मिता :** श्री घनश्याम वर्मा की विद्यार्थी जीवन सें ही स्वाध्याय एवं लेखन कार्यों में विशेष रूचि रही है। आपने पर्यटन, कला, संस्कृति, लोकोत्सवों, लोकतीर्थों, लोककलाओं, लोक देवी–देवताओं, लोक नृत्यों, लोकगीतों, लोक चित्रांकन, भेंट वार्ताओं, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण तथा पुरासंपदा आदि विषयों पर सतत लेखन कार्य किया। आपकी रचनाएं देश–प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों तथा प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई है। आपने विकासात्मक एवं रचनात्मक लेख भी लिखें है, जिनसे आपकी पहचान एक विख्यात लेखक के रूप में भी रही। आकाशवाणी से विभिन्न विषयों पर इनकी रेडियो वार्ताओं का प्रसारण अद्यतन होता रहा है।

•**पर्यटन प्रेमी :** रचनाकार, लेखक, मीडिया पर्सन एवं समाजसेवी श्री घनश्याम वर्मा साहित्य, कला, संस्कृति एवं पुरातत्व के साथ पर्यटन प्रेमी भी रहे हैं। इन्होंने देश–प्रदेश के सैंकड़ों दर्शनीय एवं विकास स्थलों के साथ–साथ सैंकड़ों धार्मिक तीर्थ स्थानों की यात्राएं भी की है। देश के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से नौ ज्योतिर्लिंगों के दर्शनों का सौभग्य मिला है। हरिद्वार, ऋषिकेश, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, तिरूपति, महालक्ष्मी मन्दिर (कोल्हापुर), मीनाक्षी मन्दिर (मदुरै), प्राकृतिक स्थल कोडाईकेनाल, गोवा, वृन्दावन गार्डन (मैसूर), अजन्ता, एलोरा एवं एलीफेंटा की गुफाएं, झांसी, ओरछा, हैदराबाद, ऊटी, मुंबई, कोलकाता, द्वारका, बेट द्वारका, नासिक, शिरडी, शिगणापुर, अक्षरधाम आदि अनेक तीर्थ स्थलों का दर्शन–भ्रमण

कर चुके हैं। आप उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के सैंकडों दर्शनीय एवं तीर्थ स्थलों की यात्राओं का सुअवसर भी प्राप्त कर चुके हैं। नामदेव अनुयाईयों के प्रमुख तीर्थ स्थल पंढरपुर (महाराष्ट्र) में भगवान विट्ठल–रूकमणि मन्दिर तथा संत नामदेव के समाधि स्थल का दर्शन लाभ भी इन्हें प्राप्त हो चुका है। पंढरपुर में इनकी भेंट संत नामदेव के वंशजों से भी हो चुकी है।

• **समाज सेवा की प्रतिमूर्ति :** श्री घनश्याम वर्मा समाज सेवा की प्रतिमूर्ति हैं। आप विद्यार्थी जीवन से हीं समाज सेवा के कार्यों में संलग्न हो गए थे। आपने राजकीय सेवा काल में राज्य सेवा एवं पारिवारिक दायित्वों से भी अधिक महत्व समाज सेवाकार्यों को दिया। लेखन के साथ–साथ समाज सेवा आपके जीवन का अनिवार्य अंग रही है। विद्यार्थी जीवन में स्काउट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) से जुड़े रहे। किशोरावस्था से समाज सेवा के कार्यों में भी संलग्न हो गए। नामदेव समाज में आप 1975 से ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समाज की स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की संस्थाओं से संबद्ध रहकर जीवनभर समर्पित भाव से निःस्वार्थ सेवाएं देते रहें हैं। आपने श्री नामदेव समाज नगर महासभा कोटा, श्री नामदेव समाज–समाज हितैषी सभा–कोटा, राजस्थान प्रांतीय छीपा महासभा तथा अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा में अध्यक्ष महामंत्री एवं अन्य पदों पर सेवाएं दी। वर्तमान में राष्ट्रीय छीपा महासभा में आप राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

• **संपादन कार्य :** श्री घनश्याम वर्मा विगत 45 वर्षों से कोटा से प्रकाशित हो रही त्रैमासिक पत्रिका **'श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका'** के ढाई दशक से प्रधान संपादक का दायित्व निभा रहे हैं। आप इस पत्रिका के प्रारंभिक वर्ष 1981 में प्रकाशित हुए प्रवेशांक से ही इसके संपादक मण्डल से संबद्ध रहे और अपनी सेवाएं प्रदान की। निश्चित रूप से महासभा की यह पत्रिका समाज में संपर्क सेतु का कार्य कर रही है। राजकीय सेवा काल में भी आपने सरकारी प्रकाशनों के लिए लेखन एवं संपादन का कार्य बखूबी निभाया।

• **सम्बद्धता:** श्री घनश्याम वर्मा स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की अनेक संस्थाओं से लम्बे समय से सम्बद्ध हैं। नामदेव छीपा समाज की संस्थाओं के अतिरिक्त आप प्रेस क्लब, मीडिया फोरम, पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी, रेडक्रॉस सोसायटी, पेंशनर समाज, सभा नं. 108, ऑफीसर्स क्लब, अखिल भारतीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद्, स्काउट गाइड आदि संस्थाओं से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं।

• **सम्मान :** श्री घनश्याम वर्मा को राजकीय सेवाकाल में कई बार विभिन्न जिलों में जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने भी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए आपका अभिनन्दन किया। वर्ष 2022 में भारतीय स्टेट बैंक ने आपको वरिष्ठ ग्राहक एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। वर्ष 2023 में समाज कल्याण विभाग ने आपको वरिष्ठ, कर्मठ एवं समर्पित समाजसेवी के रूप में राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। सामाजिक संस्थागत स्तर पर आपको नामदेव छीपा समाज की विभिन्न संस्थाओ ने समाज विभूषण, समाज भूषण एवं समाज गौरव तथा अन्य उपाधियों से सम्मानित किया है। वन विभाग, रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, इनरव्हील क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी, सिंधु सोशल सर्किल, गायत्री शक्ति पीठ आदि संस्थाओं ने भी आपको सम्मानित किया है। विद्यार्थी जीवन में विद्यालय स्तर से लेकर विश्वविद्यालय तक विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अनेक पुरूस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए हैं।

• **समाज रत्न सम्मान :** अपने जीवन काल के 71 बसंत देख चुके श्री घनश्याम वर्मा को हाल ही में अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति द्वारा समाज के सर्वोच्च सम्मान **'समाज रत्न सम्मान–2025'** से सम्मानित किया गया है। महासभा की ओर से श्री वर्मा को कोटा में विगत 5 अक्टूबर 2025 को संत नामदेव आईटीआई भवन में आयोजित हाड़ौती की प्रतिनिधि संस्था श्री नामदेव समाज–समाज हितैषी सभा कोटा की वार्षिक

आमसभा में **'समाज रत्न'** सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेजर जे. पी. वर्मा (शौर्य चक्र) ने उन्हें साफा, शॉल, उपरना तथा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया और हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर राष्ट्रीय छीपा महासभा के पदाधिकारी उपाध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद श्रेष्ठी, श्री रामस्वरूप अजमेरा, कोषाध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया (कोटा संभागीय अध्यक्ष), सदस्यगण श्री लक्ष्मीचन्द अजमेरा एवं हेमन्त नामदेव, संभागीय पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शंभूदयाल मण्डकला, महामंत्री श्री रमेश धूमस, कोषाध्यक्ष श्री राकेश जेठानिया, कोटा जिलाध्यक्ष श्री मुकेश नामा, बारां जिलाध्यक्ष श्री दिनेश बघेरवाल, वरिष्ठ समाजसेवी श्री नन्दलाल दोसाया, के. के. मालीवाल एवं रामकिशोर चौधरी, महिला अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नामा, संभागीय तथा जिला स्तरीय संस्थाओं के अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में हाड़ौती क्षेत्र/कोटा संभाग के समाज बंधु उपस्थित थे।

**नामदेव समाज रत्न अलंकरण** से सम्मानित हुए श्री घनश्याम वर्मा नामदेव समाज के कोहिनूर हैं, जिन पर संपूर्ण नामदेव छीपा समाज को गर्व है। एक पुत्री एवं एक पुत्र के जनक श्री वर्मा भरे पूरे परिवार के साथ कोटा में निवासरत हैं। मार्च 2021 में आपकी धर्मपत्नी श्रीमती संतोष वर्मा का असाध्य बीमारी के कारण देहावसान हो जाने से आपके ऊपर वज्रपात सा हो गया था और यहीं से जीवन में विकट मोड़ भी आया था तथापि इस अपूरणीय क्षति के होते हुए भी आप स्वाध्याय, लेखन, संपर्क, मार्गदर्शन तथा समाज सेवा के कार्यों में अनवरत संलग्न हैं, जो आपकी कर्मशीलता, समाज सेवा के प्रति जूनून, कर्तव्य परायणता एवं जीवटता की मिसाल है। छीपा समाज का यह सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने के लिए श्री घनश्याम वर्मा एवं उनके परिवारजनों ने अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा तथा कोटा की संभागीय संस्था श्री नामदेव समाज–समाज हितैषी सभा के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया है।

जय श्री विट्ठल! जय श्री नामदेव! ■■

—भेंटकर्ता एवं प्रस्तुति—

—**राम नारायण छीपा**, कोटा

9999912385

# पत्रिका के सदस्यगण कृपया ध्यान दें!

- **श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका के जिन सदस्य महानुभावों का स्वर्गवास हो गया है, उनकी सदस्यता स्वतः ही समाप्त हो जाने से उन्हें पत्रिका भिजवाना बन्द कर दिया गया है। ऐसे सदस्य बंधुओं के परिवारजनों से नई सदस्यता ग्रहण करने का विनम्र अनुरोध है।**
- **पत्रिका के कतिपय सदस्य महानुभावों की पत्रिका किन्हीं कारणवश वापस लौटकर आ जाती है। कारण कुछ भी हो सकता है, जैसे पूर्व में दिया हुआ सूचीबद्ध पता बदल जाना अथवा डाक वितरण में अव्यवस्था होना आदि। लौटकर वापस आ जाने वाली पत्रिका के सदस्यों के मोबाइल नं. उपलब्ध नहीं होने से हम उनसे संपर्क नहीं कर पाते और दो-तीन अंकों के बाद ऐसे सदस्यों को पत्रिका भिजवाना बन्द कर दिया जाता है।**

**अतः पत्रिका के सदस्य बंधुओं से अनुरोध है कि वे हमें अपना वर्तमान पता/संशोधित पता (पिन कोड सहित) सदस्यता नंबर एवं मोबाईल नंबर के साथ व्हाटसअप से उपलब्ध करवाने का कष्ट करें। ताकि सूचीबद्ध पतों को अपडेट किया जा सके।**

**-विशेष जानकारी हेतु संपर्क सूत्र**

**-घनश्याम वर्मा,**

**प्रधान संपादक**

**श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका,**

**कोटा, मो. 9413364741**

■■

-हार्दिक बधाई-

*संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755वीं जयन्ती पर देश-विदेश के समस्त नामदेव अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।*

# नामदेव छीपा समाज के संबंध योग्य युवक

**01. डॉ. ईशान** / 29.07.1997 / 5'7'' / मांगलिक/
MBBS/भारतीय सेना की मेडिकल कोर में लद्दाख में केप्टन
गौत्र : उज्जैनिया, दलोदरा, डोर, बंदीवाल/
संपर्क : देवेन्द्र उज्जैनिया, **उज्जैन** (म.प्र)
मोबाइल : 9826772629

**02. डॉ. मयंक** / 03.11.1999 / 5'8'' / MBBS/
गौत्र : टटवाडिया, आछेरा, पटवा, झडिया/
सम्पर्क : कैलाशचन्द नामदेव, **झालावाड़** (राज.)
मोबाइल : 9079061480, 9413364047

**03. डॉ. विपुल** / 31.07.1998 / 5'7''/
MBBS, PG रेडियोलोजी (अध्ययनरत)/
गौत्र : गड्या, बाकलीवाल, अमरवाल, आछेरा/
सम्पर्क : रमेश कुमार नामा, **केकड़ी** (राज.)
मोबाइल : 9414839790, 9928383198

**4. तनुज** / 26.12.1997 / 5'10''/
BTech/ दिल्ली में प्राइवेट सर्विस/
गौत्र : कासलीवाल, उदयवाल, कुंजीवाल, दडोहर/
सम्पर्क : विणु प्रसाद कासलीवाल, **विजयनगर,** (गुना, म.प्र.)
मोबाइल : 9425761592

**05. हरिओम** / 05.04.1998 / 5'7''/
BA, प्राइवेट नौकरी/
गौत्र : गड्या, नईवाल, उदयवाल, कासलीवाल/
सम्पर्क : कृष्ण अवतार नामा, **जयपुर** (राज.)
मोबाइल : 8094043205

**06. निखिल** / 21.03.1995 / 5'11''/
BA, ITI /निजी व्यवसाय/
गौत्र : लबानिया, तोनगरिया, नाहर, हतूनिया/
सम्पर्क : जगदीश प्रसाद लबानिया, **सांगोद** (कोटा-राज.)
मोबाइल : 9829965790, 7014541144

**07. अमित** / 04.05.1992 / 5'7''/
MA, BEd, योगा डिप्लोमा/ प्रा. कम्पनी में सर्विस/
गौत्र : जोशी, मेडतवाल/
सम्पर्क : बालू जोशी, **नासिरदा,** (टोंक-राज.)
मोबाइल : 9799079962, 9694867602

**08. ऋषभ** / 16.10.1995 / 5'9''/
BE (CS) /पुणे में MNC में सॉफ्टवेयर इंजीनियर /
गौत्र : सुरागी, सामरिया, मेडतवाल, बिरोलिया/
सम्पर्क : राजेन्द्र कुमार आर्य, **इंदौर** (म.प्र.)
मोबाइल : 9685603540, 9131890522

**09. सागर** / 25.05.1993 / 5'10''/
BCom /ऑनलाइन क्लॉथ बिजनेस/
गौत्र : सरसवाल, गोठरवाल, झडिया, भाखर/
सम्पर्क : प्रमोद कुमार नामा, **बून्दी** (राज.)
मोबाइल : 9460864590, 9462770116

**10. शिवम** / 25.03.1997 / 5'8''/
RBI में ऑफिसर ग्रेड बी/
गौत्र : घंटालिया, नईवाल, गंगवाल, मारवाल/
सम्पर्क : गिरधारी लाल नामा, **करौली** (राज.)
मोबाइल : 9414726255,

**11. सोमेश** / 08.11.1997 / 5'8''/
BTech Electrical /इण्डियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी में A ग्रेड अधिकारी / गौत्र : सांडक्या, जेठानिया, झडिया, पंवार/
सम्पर्क : पुरूषोत्तम जयपुरिया, स्वामी विवेकानन्द नगर, **कोटा**
मोबाइल : 9529364619, 8619459284

**12. राहुल** / 26.09.1997 / 5'6''/
BTech (IT)/ बेंगलोर में प्राइवेट कम्पनी में सर्विस/
गौत्र : उदयवाल, टटवाल, डरेल, वर्ग/
सम्पर्क : राकेश उदयवाल, महावीर नगर तृतीय, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9785773601, 9887895497

**13. रोहित** / 16.09.1996 / 5'3''/
MSc BEd/कोचिंग सेंटर में फेकल्टी/
गौत्र : राईवाल, जोशी, नईवाल, धनोपिया/
सम्पर्क : सत्यनारायण नामा, विनोबाभावे नगर, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9928379221, 9588079514

**14. राहुल** / 16.10.1997 / 5'10''/
BTech/बेंगलोर में प्रा. कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर/
गौत्र : चित्तौड़ा, सामरिया, बलरिया, नाहर/
सम्पर्क : बाबू लाल चित्तौड़ा, **झालरापाटन** (राज.)
मोबाइल : 9664269940, 9414194156

**15. सुनील** / 16.10.1994 / 6'/
BTech Electrical/Junior Accountant/
गौत्र : तोनगरिया, रामपुरिया, सोरनिया, बोल्या/
सम्पर्क : राधेश्याम छीपा, **अलवर** (राज.)
मोबाइल : 9351614891

**16. शुभम** / 19.06.1993 / 5'7''/
पोलिटेक्निक डिप्लोमा/ बनारस में प्रा. कम्पनी में सर्विस/
गौत्र : बरग, आसरमा, खटोत, सांखला/
सम्पर्क : सोहनलाल बरग, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 8290488568, 8505004204

# नामदेव छीपा समाज के संबंध योग्य युवक

**17. सुनील** / 17.06.1990 / 5'5" / 12th / निजीशॉप /
गौत्र : मेडतवाल, नईवाल, हथोनिया, माधोरिया /
सम्पर्क :पवन नामदेव(भ्राता), **मनोहरथाना,** (झालावाड़-राज.)
मोबाइल : 8279252217, 7737164736

**18. आयुष कुमार** / 27.11.1997 / 5'7" /
BTech (EC) /दिल्ली में प्रा. सर्विस, कम्यूनिटी मेनेजर /
गौत्र : भाखर, धनोपिया, लाडीवाल, दौसाया /
सम्पर्क : राजीव कुमार विद्यार्थी, **डीग,** (भरतपुर-राज.)
मोबाइल : 9460112232, 6376628002

**19. हितेश** / 14.03.1995 / 5'8" /
BSc (शार्टहेण्ड) / निजी शॉप /
गौत्र : बिरग, पीपरिया, आंछोरिया, धोरेटिया /
सम्पर्क : विष्णु कुमार बृजवासी, **भरतपुर** (राज.)
मोबाइल : 8058949396

**20. पंकज** / 30.10.1991 / 5'10" /
10th /प्रोपर्टी डीलर /
गौत्र : राजौरिया, रायथलिया, चिन्नोनिया, जग्गीवार /
सम्पर्क : रामकिशोर चौधरी, भीममण्डी, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 8209625208

**21. अंकित** / 04.02.1999 / 5'10" /
BTech (CSE), MBA / एक्जिक्यूटिय इंटरनेशनल मार्केटिंग /
गौत्र : बघेरवाल, जोशी, सरसवाल, बंदीवाल /
सम्पर्क : राजीव श्रीनाथ आर्य, **बड़ौदरा** (गुजरात)
मोबाइल : 9426884700, 9627635911

**22. वैभव** / 22.03.1996 / 5'7" / PG in Chemical Laboratory Analysis and B Pharma /कनाडा में प्रा. कम्पनी में सर्विस / गौत्र : बघेरवाल, सांखला, सरसवाल, जोशी / सम्पर्क : राकेश श्रीनाथ आर्य, **बड़ौदरा** (गुजरात)
मोबाइल : 9427539761

**23. हरिओम** / 12.07.1992 / संबंध विच्छेद /
BA, ITI / स्वयं का क्लॉथ शोरूम /
गौत्र : उदयवाल, चिचोत्या, ऐंछारा /
सम्पर्क : रामकिशोर नामा, मेहन्दीपुर बालाजी, **टोडाभीम** (राज.) / मोबाइल : 7791935538

**24. आदित्य** / 17.04.1989 / 5'10" /
MBA / रियल एस्टेट इंदौर अपोलो ग्रुप /
गौत्र : भारद्वाज, जानोरिया /
सम्पर्क : जसवंत नामदेव, **जबलपुर** (म.प्र.)
मोबाइल : 8319922205

**25. शुभम** / 11.03.1994 / 5'6" /
12th / कोटा में प्राइवेट फैक्ट्री में सर्विस /
गौत्र : झडिया, बरनेचा, बरग, खण्डेलाल /
सम्पर्क : दिनेश कुमार झडिया, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9784284913, 9772282876

**26. सोनू कुमार** / 10.10.1992 / 5'6" /
MA, ITI / कम्प्यूटर हेण्ड /
गौत्र : मेडतवाल, मालीवाल, जेठानिया, जाजपुरा /
सम्पर्क : नरसिंह लाल नामा, **ग्राम सोप,** (टोंक-राज. )
मोबाइल : 9928375211, 9602628456

**27. जितेन्द्र** / 11.08.1994 / 5'9" /
BA, ITI /अभय कमाण्ड सेंटर में सर्विस /
गौत्र : बरग, चिचोतिया, खटोत, दोल्या /
संपर्क : हरगोविन्द नामदेव, **कनवास,** (कोटा-राज.)
मोबाइल : 9785907910, 8764312124

**28. दीपक कुमार** / 02.10.2002 / 5'2" /
8th / निजी मिष्ठान्न शॉप /
गौत्र : नुवाड, डरोल, रामपुरिया /
सम्पर्क : गोपाल लाल नामा, **बामनवास,** (सवाई माधोपुर)
मोबाइल : 9079437042

**29. लोकेश** / 09.10.1987 / 5'10" /
BCom /निजी ऑटो ग्लास सेंटर /
गौत्र : जगरवाल, अजमेरा, मारवाड, दोलिया /
सम्पर्क : सुरेश जगरवाल, महावीर नगर विस्तार, **कोटा**
मोबाइल : 9352632748

**30. अभिनव** / 14.05.1998 / 5'9" /
BTech Electrical IIT /नोएडा में सीनियर इंजीनियर /
गौत्र : जोशी, जेठानिया, खींची, मुल्तानिया /
सम्पर्क : योगेश जोशी, **रावतभाटा** (राज.)
मोबाइल : 9413010145, 9460680014

**31. कल्पेश** / 01.09.1995 / 5'4" /
10th / Private Job /
गौत्र : मालीवाल, तोनगरियाा, टांडी, झडिया /
सम्पर्क : गोपाल मालीवाल, **मंदसौर**
मोबाइल : 9669590407

**32. संदीप** / 12.08.1997 / 6'1" /
BTech Electrical / प्राइवेट जॉब /
गौत्र : चिचोतिया, भांवरिया, आसरमा, नरबाणिया /
सम्पर्क : सुरेन्द्र कुमार नामा, **ग्राम गऊघाट,** (बारां-राज.)
मोबाइल : 8290909135, 9772154217

# नामदेव छीपा समाज के संबंध योग्य युवक

**33. सौरभ** / 26.10.1995 / 5'6''/
GNM Nursing / प्राइवेट क्लिनिक /
गौत्र : धनोपिया, जोशी, मालीवाल, कासलीवाल /
सम्पर्क : बद्रीलाल नामदेव, **रामगंजमण्डी,** कोटा (राज.)
मोबाइल : 9413980855, 7297972444

**34. विवेक** / 06.10.1993 / 5'8'' / मांगलिक /
MCom / इन्हीं के अनुज
**35. तरूण** / 12.09.1997 / 5'3'' / BA /
दोनो के गौत्र : गंगवाल, खींची, दलोदरा, कासलीवाल /
सम्पर्क : कमलेश नामदेव, **झालरापाटन**
मोबाइल : 8690208658, 7737303514

**36. अंकुर** / 10.01.1997 / 5'10''/
BTech / सॉफ्टवेयर इंजीनियर /
गौत्र : सतूनिया, बरग, दौसाया, नाहर /
सम्पर्क : महेन्द्र नामा, महावीर नगर विस्तार, **कोटा**
मोबाइल : 9982643316, 8058282475

**37. हर्षवर्धन** / 13.01.1991 / 5'9'' / MCA /
MNC में रिसर्च एनालिस्ट /
गौत्र : दौसाया, सरावगी, नागर, सामरिया /
सम्पर्क : राजेन्द्र कुमार वर्मा, **उदयपुर** (राज.)
मोबाइल : 9462192335, 9462192336

**38. दिव्यांशु** / 04.11.1995 / 5'7''/
BTEch(CS), MS(CS) /अमेरिका के बॉस्टन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर / गौत्र : जलधर, सतूनिया, आछेरा, बघेरवाल /
सम्पर्क : सुरेशचन्द्र जलथर, **नई दिल्ली**
मोबाइल : 88800093244, 9958387773

**39. प्रतीक** / 03.08.1998 / 6' / BTech (CS) /
जयपुर में सॉफ्टवेयर डवलपर /
गौत्र : गड्या, गोठरवाल, सुमेरिया, ऐंछारा /
सम्पर्क : उमाकांत नामा, **टोंक**
मोबाइल : 9887804452, 9530275963

**40. वेदान्त** / 09.09.2000 / 5'6''/
BA, LLB / निजी व्यवसाय /
गौत्र : कुंजीवाल, बघेरवाल, बर्ग, मंडीवाल /
सम्पर्क : ललित नामदेव, **अशोक नगर** (म.प्र.)
मोबाइल : 8817991300, 9993014071

**41. कौशल किशोर** / 03.10.1988 / 6'/
MSc Nursing / वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी / संबंध विच्छेद /
गौत्र : समेलिया, दोसाया, गुजरानिया, सांखला /
सम्पर्क : डॉ. चन्द्र प्रकाश नामा, **केशवराय पाटन** (बून्दी-राज.)
मोबाइल : 9799903585, 8504022032

**42. तनिष्क** / 06.01.1996 / 5'7''/
BE (Civil), MBA / भोपाल में प्रा. कम्पनी मे सर्विस /
गौत्र : बघेरवाल, धनोपिया, बुलबुलिया, टोरिया /
संपर्क : रतनदीप बघेरवाल, **शाजापुर** (म.प्र)
मोबाइल : 9425429100, 8770263760

**43. गौरव** /17.06.1995 /5'10'' / BTech (Biotechnology) / प्राइवेट कम्पनी में क्वालिटी एनालिस्ट /
गौत्र : नईवाल, आछेरा, कासलीवाल, गोठवाल /
सम्पर्क : रामबाबू नामा, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9414938303

**44. शिवांक** /26.04.2001 / 5'9''/
BTech (CS) /प्रा. कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर /
गौत्र : जोशी, सांखला, बंदीवाल, आसरमा /
सम्पर्क : भरत कुमार जोशी, **रामगंजमण्डी** (कोटा-राज.)
मोबाइल : 9414192265, 8209215386, 9214460108

**45. मोहित** / 12.02.1998 / 5'6''/
MTech (CS) / प्रा. कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर /
गौत्र : गुजरानियां, कांकरवाल, बांदरसिंदरिया, डरोहर /
सम्पर्क : थानेश्वर प्रसाद, **सांगानेर,** (जयपुर-राज.)
मोबाइल : 9079932175, 9414394504

**46. ऋषभ** / 04.11.1994 / 5'7''/
M.Pharma / निजी मेडिकल स्टोर /
गौत्र : नाईवाल, टंडन, संसारिया, जेठानिया /
सम्पर्क : महेन्द्र कुमार नाईवाल, **देवास** (म.प्र.)
मोबाइल : 9753082640

**47. अक्षत** / 31.10.1999 / 5'8''/
BTech (CS) / नोएडा में प्राइवेट कम्पनी में सर्विस /
गौत्र : सोरनिया, गुजरानियां, नाफडिया, भांवरिया /
सम्पर्क : मनोज नामा (एडवोकेट), लाडपुरा, **कोटा**
मोबाइल : 9352621326

**48. सोमेन्द्र कुमार** / 23.10.1996 / 5'5''/
BTech (E.E.) /
गौत्र : मेडतवाल, नाफडिया, जाजपुरा, जोशी /
सम्पर्क : विनोद कुमार नामा, **नैनवां** (बून्दी-राज.)
मोबाइल : 9460033097, 7296849122

## कोटा : अ.भा. समाज रत्न सम्मान समारोह : दिनांक 05-10-2025










## श्री नामदेव समाज कल्याण समिति, कोटा, 21वीं साधारण सभा : दि. 12.10.2025



















## हिसार : राज्य स्तरीय नामदेव जयन्ती समारोह : दिनांक 26.10.2025




## पंढरपुर : संजीवन समाधि समारोह : दिनांक 23-24 जुलाई 2025





## उदयपुर : पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल छीपा का सम्मान : दिनांक 22.06.2025




## झालावाड़ : शपथ ग्रहण एवं देव विमान वितरण समारोह, रक्तदान शिविर : दिनांक 24-08-2025










# नामदेव छीपा समाज की संबंध योग्य युवतियां

**01. डॉ. दीक्षा** / 03.03.1995 / 5'3''/
MBBS, MS (सर्जरी) / राजकीय जिला चिकित्सालय बून्दी में चिकित्साधिकारी, (शल्य चिकित्सा)/
गौत्र : मेडतवाल, नाफडिया, जाजपुरा, जोशी/
सम्पर्क : विनोद कुमार नामा (उप प्राचार्य), **नैनवा,** जिला बून्दी (राज.) / मोबाइल : 9460033097, 7296849122

**02. डॉ. आस्था** / 01.10.1998 / 5'4'' / BAMS/
गौत्र : बाकलीवाल, तलाइच, राईवाल, चांचोडिया/
सम्पर्क :कैलाशचन्द बाकलीवाल, **विजयनगर**, अजमेर (राज.) /मोबाइल : 9413887030, 9460357346

**03. डॉ. पलक** / 25.08.1996 / 5'3''/
BDS / हैदराबाद में प्रेक्टिस /
गौत्र : चित्तौडा, सोपरा, पटवा, गोठरवाल/
सम्पर्क : राजेन्द्र चित्तौड़ा, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9998957073, 9662052073

**04. डॉ. शीतल** / 23.06.1997 / 5'4'' / MBBS/
गौत्र : बंदीवाल, नाडीवाल, आसरमा, जाचपुरे/
सम्पर्क : लक्ष्मीनारायण बंदीवाल, **आष्टा** (म.प्र.)
मोबाइल : 9893165250, 8319747515

**05. डॉ. पारूल** / 24.03.1997 / 5'3''/
MBBS / कोटा में प्रतिष्ठित प्रा. हॉस्पिटल में सर्विस /
गौत्र : जोशी, सांखला, बंदीवाल, आसरमा/
सम्पर्क : भरत कुमार जोशी, **रामगंजमण्डी,** कोटा(राज.)
मोबाइल : 9414192265, 8209215386, 9214460108

**06. डॉ. प्रियंका** / 21.09.1998 / 5'3''/
BAMS / निजी प्रेक्टिस / आयुर्वेद चिकित्सक/
गौत्र : दोसाया, पीलीवाल, तलाइच, नागर/
सम्पर्क : महावीर प्रसाद नामा, त्रिमूति कॉलोनी, **बून्दी** (राज.)
मोबाइल : 8764243736, 6350229608

**07. डॉ. एकता** / 25.07.1992 / 5'3''/
MBBS/ सरकारी सेवारत/
गौत्र : सोपरा, बघेरवाल, जोशी, दोसाया/
सम्पर्क : रामेश्वर प्रसाद नामा, महावीर नगर विस्तार, **कोटा**
मोबाइल : 9414187577

**08. डॉ. प्रज्ञा** / 25.02.1995 / 5'2''/
Ph.D, MS (Physics) / जापान में राजकीय संस्थान में सहायक प्रोफेसर/
गौत्र : भरसूण्डा, गंगवाल/
सम्पर्क : रामबाबू नामा, महावीर नगर विस्तार, **कोटा**
मोबाइल : 9928139570, 9829649155

**09. अंकिता** / 05.11.1998 / 5'2''/BSc (नर्सिंग), MSc (पीडियाट्रिक्स)/ राजकीय सेवारत नर्सिंग अधिकारी/
गौत्र : डिग्गीवाल, उदयवाल, दौसाया, दोल्या/
सम्पर्क : त्रिलोकचन्द डिग्गीवाल, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 8104144331, 8432682437

**10. हंसिका** / 01.08.2002 / 5'4'' / MSc (माइक्रोबायोलोजी) / गौत्र : भाखर, धनोपिया, लाडीवाल, दौसाया / सम्पर्क : राजीव कुमार विद्यार्थी, **डीग** (राज.)
मोबाइल : 9460112232, 6376628002

**11. श्रुति** / 10.05.2002 / 5'4'' / MA, BEd (अंग्रेजी), ITI (स्टेनो, कम्प्यूटर) / गौत्र : झडिया, बाडिका, समेलिया, कुंजलिया / सम्पर्क : लाडली प्रसाद नामा, **सवाईमाधोपुर** (राज.) / मोबाइल : 9462941666, 9116390805

**12. गरिमा** / 18.10.1991 / 5'5'' / MA, BEd/
गौत्र : जगरवाल, अजमेरा, मारवाल, दोलिया/
सम्पर्क : सुरेश जगरवाल, महावीर नगर वि., **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9352632748

**13. दीपा** / 17.07.1999 / BSc, BEd /
गौत्र : सोरनिया, लोलकपुरा, बूलिया, उदयवाल/
सम्पर्क : नरेन्द्र, **कैथून,** कोटा (राज.)
मोबाइल : 8890011188

**14. कोमल** / 08.02.1998 / 5' / MA, BEd, RSCIT/
प्राइवेट टीचर / गौत्र : जलथर, निर्वानिया, कामेवार/
सम्पर्क : महेशचन्द जलथर, **भरतपुर** (राज.)
मोबाइल : 9414222271

**15. नेहा** / 11.08.1993 / 5'4''/ B. Tech (CSF)/ टेक्नोलोजी लीड/ गौत्र : तोनगरिया, खण्डेलवाल, जाजपुरा, मेडतवाल / सम्पर्क : लक्ष्मीकान्त नामा, **जोधपुर**
मोबाइल : 9414554191

**16. दीक्षा** / 25.09.1999 / 5'1''/
MSc (Chemistry)/ Coaching Faculty /इन्हीं की बहिन
**17. निकिता** / 18.06.2001 / 5'3'' / B Pharma/
दोनों के गौत्र : जेठानिया, डेलीवाल, बंदीवाल, गोठरवाल/
सम्पर्क : किशनगोपाल नामा, छावनी, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9829379017, 9460988914

**18. नेहा** / 12.11.1996 / 5'5'' / MA, BEd, BSTC/
गौत्र : आसरमा, टटवाल, बाकलीवाल, बूल्या/
सम्पर्क : मुकेश नामदेव, **झालरापाटन** (राज.)
मोबाइल : 9602304121, 6367990453

# नामदेव छीपा समाज की संबंध योग्य युवतियां

**19. गरिमा** / 26.10.1997 /
B Tech Electrical /(Consultant) /
गौत्र : गड्या, बोल्या, सुमेरिया, दौसाया/
सम्पर्क : रजनीकान्त नामा, **टोंक,** (राज.)
मोबाइल : 9785474275, 9784529060

**20. चार्वी** / 07.10.1995 / 5'3'' / M Tech Electrical /(IIT Mumbai) / प्रा. कम्पनी बैंगलोर में सर्विस
गौत्र : बूल्या, मेडतवाल, वर्ग, तोनगरिया/
सम्पर्क : बृजेश कुमार बूल्या, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9414617060, 9461182533

**21. नीलेश** / 08.09.1997 / 5'4'' /
Engineering EDC /SBI P.O. /
गौत्र : सतूनिया, नाहर, गोठानिया, आछेरा/
सम्पर्क : बुद्धि प्रकाश नामा, **बारां** (राज.)
मोबाइल : 9460056983

**22. पायल** / 10.04.1998 / 5'5'' /
BSc, BEd / Hindustan Zinc, में चित्तौड़गढ़ सर्विस/
गौत्र : पीलीया झडिया, गुडगाँवा, जाजपुरा/
सम्पर्क : सत्यनारायण पीलिया, डडवाडा, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9462634538

**23. अनुष्का** / 20.11.1998 / 5'3'' / MSc, BEd/
गौत्र : गोठानिया, बघेरवाल, रायथलिया, दोलिया/
सम्पर्क : विनोद नामदेव, **रतलाम** (म.प्र.)
मोबाइल : 6268003338, 9340122526

**24. पायल** / 02.03.1994 / 5'4'' / मांगलिक/
M Pharma /(प्राइवेट अध्यापिका)/
गौत्र : खटोत, बघेरवाल, डिकोलिया, सोपरा/
सम्पर्क : हरीश नामदेव, **भानपुरा** (राज.)
मोबाइल : 9425976385

**25. शिक्षा** / 11.11.1997 / 5'4'' /
MSc(माइक्रो बायोलोजी) / सेवारत/
गौत्र : डोंगरवाल, सरावगी, टोगरिया, आचार्य/
सम्पर्क : हरिओम नामदेव, **सीहोर** (म.प्र.)
मोबाइल : 9406533174, 9406564164

**26. श्रेया** / 14.04.1992 / 5'2'' /
BTech (CS) / Sr. Software Developer Pune /
गौत्र : मारवाल, तोनगरिया, आसरमा, मण्डीवाल/
सम्पर्क : ओम प्रकाश नामा, जयहिन्द नगर, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9660772918

**27. आंचल** / 26.12.1995 / 5'7'' /
BSc (CS)/ भारतीय वायु सेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट/छोटी बहिन
**28. दिव्यानी** / 02.06.2000 । 5'6'' /
BCom/ भारतीय रेलवे में सर्विस/ बास्केट की इण्डिया टीम की खिलाडी/
गौत्र : गंगवाल, बडसोलिया, बाकलीवाल, बोरीवाल/
सम्पर्क : सुरेश गंगवाल, **नीमच** (म.प्र.)
मोबाइल : 9893751337, 9414222271

**29. कीर्ति** / 04.06.2000 / 5'1'' /
MBA, BCA / प्राइवेट कम्पनी में सर्विस/
गौत्र : जगरवाल, बोल्या, मेडतवाल, कांकरवाल/
सम्पर्क : कुलदीप वर्मा, **जयपुर**
मोबाइल : 9983315804

**30. निकिता** / 21.09.1998 / 5'3'' /
MA (हिन्दी)/ कम्प्यूटर नॉलेज/
गौत्र : बंदीवाल, जाजपुरा, गोठानिया, नईवाल/
सम्पर्क : राजमल नामा, दादाबाड़ी, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 8619633317, 9414309130

**31. विनीता** / 02.01.1991 / 5'3'' /
MSc (Microbiology) / Job in Pvt. Company /
गौत्र : उजलपगा, डोंगरवाल, उज्जैनिया, सरावगी/
सम्पर्क : सतीश नामदेव, **देवास** (म.प्र.)
मोबाइल : 9826041178, 9407030817

**32. शिल्पा** / 23.11.1992 / 5'4'' /
BTech (ECE) /अहमदाबाद में इलेक्ट्रॉनिक कम्पनी में सर्विस/
गौत्र : पीलीया, बांदरसिंदरिया, बंदीवाल/
सम्पर्क : तेजकरण नामा, **कोटा** (राज.)
मोबाइल : 9460813471

**33. जागृति** / 28.10.1998 / 5'6'' /
B Tech (Civil) /केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के महालेखा नियंत्रक विभाग दिल्ली में सर्विस/
गौत्र : पंवार, टोडी, भाटी, नैनीवाल/
सम्पर्क : लोकेश पंवार, **जयपुर** (राज.)
मोबाइल : 9460772424, 9414701983

**34. प्रियंका** / 17.03.2000 / 5'4'' /
BSc (Maths)/ SBI P.O. /
गौत्र : अमरवाल, बांदरसिंदरिया, मेडतवाल, गोठानिया/
सम्पर्क : रमेशचन्द नामा, **भीलवाड़ा** (राज.)
मोबाइल : 9928290605, 9588026377

शेष पृष्ठ संख्या 22 पर...

नोट : कृपया बायोडाटा का सत्यापन अभिभावक अपने स्तर पर कर लें। पत्रिका संपादक इसके लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

# आगराः राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**आगरा।जयपुर।** अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 21 सितम्बर 2025 को आगरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासभाध्यक्ष श्रीराम सोपरा ने की। बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के बाद नामदेव चालीसा पठन से किया गया।

आरंभ में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम सोपरा, मुख्य सलाहकार श्री जे. पी. धनोपिया, स्वागत अध्यक्ष श्री भगवानदास, श्री लक्ष्मण सिंह (पूर्व पार्षद), उपाध्यक्ष सर्वश्री डॉ. श्याम शुक्ला, कालू लाल झडिया, रामस्वरूप अजमेरा, कोषाध्यक्ष रामचरण आमेरिया तथा महासचिव अवधेश कुमार पाण्डे को मंचासीन करवाकर सभी का स्वागत अभिनन्दन किया गया। बैठक के संयोजक विनय सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया और आगरा में बैठक आयोजन का दायित्व प्रदान करने पर महासभा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठित रहकर ही सामाजिक और राजनैतिक पहचान बनाई जा सकती है। छोट–छोटे प्रयासों से ही संगठन अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकता है।

बैठक में महासचिव अवधेश पाण्डे ने महासभा की वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसका सभा से अनुमोदन प्राप्त किया। सलाहकार जे. पी. धनोपिया (भोपाल) ने अपने उद्बोधन में समाज के विघटनकारी तत्वों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीराम सोपरा ने आगरा के समाज बंधुओं को बैठक के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और बाहर से पधारे पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों और आगरा के समाज बंधुओं का अभिनन्दन किया। उन्होंने संक्षिप्त उद्बोधन में समाज सेवा और संगठन की एकता हेतु प्रयासों को और अधिक गति देने का आग्रह किया। उन्होंने मतभेद भूला कर जिला, प्रान्त एवं राष्ट्र स्तर को एक कड़ी में जोडने हेतु विशेष योगदान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकारिणी की मीटिंग का मुख्य उद्देश्य समावेशी और एकीकृत संगठनात्मक व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्तावना रखना था, जिस पर उन्होंने सभी की सहमति और सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की। उन्होनें मार्गदर्शन दिया कि नेतृत्व सेवा का माध्यम बनें, न कि अहंकार का, और पद मिलने पर जिम्मेदारी और सेवाभाव से कार्य करना होगा। उन्होंने शिक्षित समाज के लिए शिक्षा निधि द्वारा योग्य युवाओं को आर्थिक सहयोग, मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने तथा सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा कर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक में समावेशी और एकीकृत संगठनात्मक व्यवस्था पर चर्चा के दौरान उपस्थित सदस्यों में श्री जे. पी. धनोपिया, श्री राधेश्याम धनोपिया, श्री लक्ष्मीचन्द अजमेरा, श्री गोविन्द नामदेव, श्री कमलेश आर्य एवं श्री हेमन्त नामदेव ने अपने विचार रखे और कुछ बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण चाहा। इस पर श्री श्रीराम सोपरा, श्री रामस्वरूप अजमेरा और श्री राधेश्याम धनोपिया के स्पष्टीकरण दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समावेशी और एकीकृत व्यस्था को समाज और संगठन के हित में सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश में एक मॉडल के रूप में लागू किया जाएगा। इसके परिणामों को ध्यान में रखकर आगे सभी राज्यों में लागू किया जाएगा।

**आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुतिः** कोषाध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया ने वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 का महासभा और श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका की आय–व्यय का लेखा–जोखा प्रतुत किया, जिसमें कोटा में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन का लेखा–जोखा भी शामिल था। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा इसका अनुमोदन किया गया।

बैठक में आगरा के श्री विनय सिंह को राष्ट्रीय महासभा में महासचिव पद का तथा श्री जितेन्द्र सिंह निर्वाणिया को वृहद नामदेव छीपा समोज प्रकोष्ठ के संयोजक का दायित्व दिया गया और शपथ दिलवाई गई। बैठक के अन्त में राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा स्थानीय कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। महासचिव श्री अवधेश कुमार पाण्डे ने धन्यवाद दिया और सभा समापन की घोषणा की। सभा के समापन के उपरान्त महासभा के पदाधिकारियों के निकट परिजनों के दवलोक गमन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का संचालन श्री विनय सिंह ने किया। ■■

**–अवधेश कुमार पाण्डेय**
**महासचिव ( जयपुर )**

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

**35. अदिति**/13.05.1998/5'1''/
BCom, CA /जे. पी. मोर्गन मुम्बई/
गौत्र : बघेरवाल, लोवानिया, बाकलीवाल, कासलीवाल/
सम्पर्क : हेमन्त बघेरवाल, **कोटा** (राज.)/
मोबाइल : 9413651883, 9460390246

**36.पायल**/11.12.1996/ MA, BEd(English)
गौत्र : टटवाडिया, पीलिया, बरग, पटवा, / मांगलिक/
सम्पर्क : शंकरलाल नामदेव, **झालरापाटन** (राज.)/
मोबाइल : 9571947804, 6375857282

**37.प्रेरणा**/02.01.1997/ 5'/
BSc, Nursing/ AIIMS भोपाल में नर्सिंग अधिकारी
गौत्र : जेठानिया, दोलिया, आसरमा, झडिया/
सम्पर्क : त्रिलोक जेठानिया, बालाकुण्ड, **कोटा** (राज.)/
मोबाइल : 9680536796

**38.प्रज्ञा**/18.05.1999/ 4'11''/
BTech (CS)/ IT कम्पनी में सर्विस/
गौत्र : बूलिया, मेडतवाल, नुवाड, बर्ग/
सम्पर्क : जगदीश नामा, **कोटा** (राज.)/
मोबाइल : 9414745935

**39. पायल**/ 24.11.1996/ 5'5''/
BCA, BSc, MSc(Fashion Design, अध्ययनरत)/
गौत्र : सांखला, आसरमा, जेठानिया, आसावलिया/
सम्पर्क : राजेश सांखला, **कोटा** (राज.)/
मोबाइल : 9414231077

**40.ज्योति**/ 05.10.1992/ 5'5''/
MCom, BEd/ अध्यापिका /
गौत्र : कानीगांवां, सोपरा, बघेरवाल, हलकारा/
सम्पर्क : गोपाल नामदेव, **इन्दौर** (म.प्र.)/
मोबाइल : 9098012020, 9009759578

**41.पूजा**/ 14.10.1994/ 5'6''/
MA, BEd/ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी /
गौत्र : उदयवाल, नुवाल, सांखला, खण्डेलवाल/
सम्पर्क : कैलाशचन्द नामा, **पीपल्दा कलां** (इटावा-कोटा)/
मोबाइल : 9983958083, 8740857636

**42.काजल**/ 11.02.2002/5'5''
BA, BEd/
गौत्र : खींची, बाकलीवाल, बाड़ीका, नागर /
सम्पर्क : त्रिलोक खींची, **छीपाबड़ौद** (बारां-राज.)/
मोबाइल : 9928002220

# कविता

## बेटियाँ

घर–घर में बेटियों की दरकार समझ लो।
इनको दो प्राण वंश चलाती है बेटियां।।
कुल वंश रीति–नीति में बेटी ही प्रमुख है।
सम्मान दोनों कुल का बढ़ाती है बेटियां।।
जन्में तो भला कैसे पनपे ना भ्रूण में।
जीवन से पहले मौत पाती है बेटियां।।
छोटी या किशोरी हो, हो जाए सयानी।
बचपन से कई खतरे उठाती हैं बेटियां।।
घर, बस्ती, जमाने में मुश्किल में बेटियां।
खतरों से घिरी खुद को पाती है बेटियां।।
घटनाएं बताती है, छल लेते अपने भी।
घर में भी सुरक्षा नहीं पाती है बेटियां।।
नैहर में नहीं तरजीह, ससुराल में पीड़ित।
पूछो ना कितने दुःख उठाती है बेटियां।।
है भ्रूण से ही खतरा जीवन में अन्त तक।
बतलाओ सुरक्षा कहाँ पाती है बेटियां।।
हालात रहे ऐसे, पछताएंगे सभी।
हर रोज मरती कहती जाती है बेटियां।।
घर–घर में पतोहू भला लाओगे कहाँ से।
बहुतों को नहीं मिल अभी पाती है बेटियां।।
कम लिंगानुपात में बेटों से बेटियां।
हालात रोज सिमटी जाती है बेटियां।।
यह प्रश्न सभी से है, उत्तर दो बताओ।
क्यों भ्रूण में यूं मारी जाती है बेटियां।।



रचयिता–
रामगोपाल ''राही'' नामा
लाखेरी (जिला बून्दी)
मो. 9982491518

# सामाजिक गतिविधियों की सचित्र झलकियां

## आगरा : राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक : दिनांक 21-09-2025



## गुजरात : प्रांतीय श्री नामदेव छीपा महासभा कार्यकारिणी बैठक : दिनांक 28-09-2025



## टोंक : छीपा सप्तमी महोत्सव, शपथग्रहण, प्रतिभा सम्मान : दिनांक 15.8.2025



# श्री नामदेव समाज-समाज हितैषी सभा ( संस्था ) कोटा

## सम्भागीय आमसभा : दिनांक 05.10.2025










निर्माणाधीन श्री नामदेव छात्रावास भवन, कोटा





## भोपाल : प्रांतीय आमसभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया : दिनांक 25-05-2025




## जयपुर : दस्तकारों को हस्तशिल्प कार्ड वितरण समारोह : दिनांक 06-07-2025



# गुजरात प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न: समाज हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**अहमदाबाद।** श्री नामदेव छीपा गुजरात प्रांतीय महासभा अहमदाबाद की कार्यकारिणी की मीटिंग 28 सितम्बर 2025, (रविवार) को संस्थान के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. भगवान दास सामरिया के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। भारी बारिश के बावजूद भी ज्यादातर लोगों नें मीटिंग में उपस्थित रहकर संस्थान के प्रति सहकार व संगठन के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। जो सदस्य व पदाधिकारी भारी बारिश के कारण मीटिंग में नहीं आ पाए उन्होंने कॉल एवं मेसेज करके कार्यकारिणी मीटिंग में लिए जाने वाले सभी निर्णयों में अपनी आम सहमति एवं सभी प्रकार का साथ सहकार देने का संकल्प दोहराया।

संस्थान के सेक्रेटरी ओम प्रकाश भावसार ने संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज एवं लक्ष्मीनारायण भगवान के जयघोष के साथ मीटिंग का शुरू किया। भगवान श्री लक्ष्मीनारायण एवं संत शिरोमणि श्री नामदेव जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के पश्चात् संस्थान के पूर्व आद्य संस्थापक स्व. बच्चूभाई छोटालाल डरोल के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। प्रांतीय महामंत्री ने मीटिंग में उपस्थित सभी महानुभावों, विधवा सहाय के मुख्य भामाशाहों एवं समाजसेवी श्री कमलेश रामप्रसाद धनोपिया, श्री बृजमोहन सामरिया, श्री भरतभाई सामरिया एवं अन्य सभी दाताओं व समाजसेवकों, पदाधिकारियों एवं मीटिंग में पधारे सभी नए सदस्यों का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया।

विधवा सहाय के प्रभारी श्री राजेश डरोल ने संस्थान द्वारा संचालित विधवा सहायता योजना को 13 वर्ष पूर्ण होने पर जिन–जिन सदस्यों का इस फण्ड में योगदान है, उन सभी सदस्यों, पदाधिकारियों एवं भामाशाहों को याद करके अभिनन्दन करते हुए हार्दिक आभार प्रकट किया। वर्तमान समय में 73 विधवा महिलाओं को सहायता का लाभ प्राप्त हो रहा है। बैठक में आगामी सत्र के लिए फण्ड की राशि एकत्रीकरण के कार्य में सभी सदस्यों ने बढ़–चढकर योगदान किया और मीटिंग में ही लगभग 6 लाख रूपये का फण्ड एकत्रित हुआ।

कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश राजपूत ने वित्तीय वर्ष 2024–2025 का सी.ए. द्वारा ऑडिटेड हिसाब प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसहमति से मंजूर किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी को विस्तृत करने हेतु निम्नलिखित वरिष्ठ एवं नए उत्साहित युवा सदस्यों को भी मनोनीत किया गया है। इनमें सर्वश्री भरतभाई सामरिया–उपप्रमुख, श्री राजेश भाई डरोल–सह खजांची, धवल सामरिया–सह मंत्री, कन्हैया भाई सामरिया–सह मंत्री, रमेश जी वकील (बिरग)–सह मंत्री, नितेश भाई महंतवाल (आनन्द) –संगठन मंत्री, मनोज भाई सामरिया– संगठन मंत्री, देवेन्द्रभाई बच्चूभाई डरोल–संगठन मंत्री एवं श्याम मदनमोहन धोरेटिया–संगठन मंत्री। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनन्दन किया गया।

बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष मेजर जे पी वर्मा नें संबोधित करते हुए समाज के प्रति अपना योगदान व सुन्दर भाव की जानकारी दी। उन्होंने समाज सुधारना के लिए संस्था व समाज बंधुओं की आगे की नीति क्या होनी चाहिए, इस पर सभा का मार्गदर्शन दिया। प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा आगामी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग नवम्बर/दिसम्बर महिने में अहमदाबाद में करवाने के लिए अपना प्रस्ताव रखा। यह एक बड़ा आयोजन होने की वजह से सभी मुद्दों व पहलूओं पर सभी सदस्यों नें गहन विचार करने के पश्चात योग्य निर्णय की जानकारी देने की बात रखी।

संस्थान के नवनियुक्त प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री भरतभाई सामरिया ने संबोधित करते हुए समाज के निचले वर्गों को ऊपर उठाने के लिए अपनी तरफ से सभी प्रयास करने का आश्वासन दिया। सहमंत्री श्री धवल भाई सामरिया एवं कन्हैया भाई सामरिया ने समाज का कोई भी स्कॉलर स्टूडेंट अपने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति की वजह से उच्च शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए संस्थान द्वारा एजूकेशन फण्ड एकत्रित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर गहन चर्चा करने के पश्चात् उपस्थित सभी

सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने एकमत से अपना साथ सहकार देने की अनुमति दी एवं यह एक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील मुद्दा होने की वजह से योग्य मापदण्ड एवं नीति नियम बनाने के लिए पाँच सदस्यों की एक कमेटी गठन करने पर विचार करके समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

इस विषय पर जानकारी देते हुए प्रांतीय महामंत्री ने कहा कि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ जरूरतमंद स्टूडेंट तक पहुँचाने के लिए विशेष फण्ड की आवश्यकता रहेगी। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा सक्षम समाज बंधुओं को जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया और अहमदाबाद सहित गुजरात के अन्य शहरों में संगठन मजबूत करने एवं नए सदस्य जोडने हेतु अलग–अलग जोन में जाकर नए सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए मीटिंग करके समाज के लोगों को जागृत करके संगठन में जोड़ने के कार्य को गति व बल देने के लिए अपना संकल्प दोहराया। इससे गुजरात राज्य में नामदेव छीपा समाज की आबादी की स्ट्रेंथ राजकीय प्लेटफॉर्म पर प्रस्थापित करने हेतु एवं आगे जा कर भविष्य में समाज की राजकीय नेतृत्व के प्रतिनिधित्व में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। वर्तमान व आगामी समय में सरकार की तरफ से सामाजिक कल्याण के लिए घोषित योजनाएं शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक लाभों से वंचित समाज बंधु इसका महत्तम लाभ ले सकें, एस दिशा में आगे कार्य करने के लिए मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। इसके लिए सभी नामदेव वंशियों को एकजुट होकर पूर्ण रूप से संगठित होकर एकता दिखाने का समय आ गया है। इन सभी बातों का उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

विधि एवं न्याय प्रकोष्ठ के अन्तर्गत चर्चा करते हुए महामंत्री ओमप्रकाश भावसार ने समाज में चल रही समस्याओं एवं वर्तमान समय में घटित हो रही घटनाएं जैसे कि घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन, अत्याचार, शादी विच्छेदन की संख्या में वृद्धि जैसे मामलों में गहरी चिंता जताई और ऐसी घटनाओं को रोकने तथा कम करने के लिए समाज का क्या रोल होना चाहिए, क्या कदम उठाने चाहिए, इस विषय पर गहन चर्चा–परामर्श किया गया। इन सामाजिक समस्याओं पर विशेष प्रकाश डालते हुए श्री नितेश भाई महंतवाल (आनन्द) ने कहा कि इस समस्या के मूल तक पहुंचने का प्रयास किया जाए। उन्होंने वर्तमान समय में बिगडी हुई कोटुम्बिक एवं सामाजिक व्यवस्था सुधारने के कई तरीकों के बारे में अपना दृष्टिकोण रखते हुए अच्छे तरीके से अपनी बात रखी। वर्तमान समय में समाज के अन्दर शादी विच्छेन की गंभीर समस्या के कारण बताते हुए कहा कि परिवार में माता–पिता द्वारा स्वयं एवं बच्चों को कुटुम्ब व्यवस्था, चरित्र निर्माण एवं पारिवारिक रिश्तों का मूल्य यदि शुरू से ही समझाया जाए तो इस समस्या को कम करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हो सकती है। घरेलू हिंसा, महिला उत्पीडन एवं खुदकुशी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए, पीड़ित व्यक्ति की मनोस्थिति बदलने के लिए मानसिक, एवं नैतिक समर्थन देना चाहिए, जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस विषय पर पुलिस एवं कानूनी कार्यवाही का क्या प्रावधान है, इसकी जानकारी भी दी गई।

महामंत्री श्री ओमप्रकाश भावसार ने बताया कि संस्थान के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी 2025 की दीपावली के पावन त्यौहार पर विधवा माता एवं बहनों को अग्रणी समाजसेवी श्री कमलेश जी धनोपिया की तरफ से 1100/रु. की नकद राशि, स्व. बच्चुभाई डरोल के सुपुत्र देवेन्द्र भाई व जगदीश भाई की तरफ से एक साड़ी, श्री दिलीप भाई आसरमा (आनंद) की तरफ से मिठाई व नितेश भाई महंतवाल (आनंद) की ओर से नमकीन पैकेट भेंट स्वरूप देने की घोषणा की गई। कन्हैयाभाई (निखिल) सामरिया द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी महानुभावों, सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। श्री धवल भगवानदास सामरिया के प्रति उनके निवास स्थान पर मीटिंग का आयोजन एवं अनुरूप व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने पर विशेष आभार प्रकट किया गया। अन्त में वंदे मातरम् व भारत माता की जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ। ■■

**मेजर जे. पी. वर्मा**
**( प्रांतीय अध्यक्ष )**

**ओमप्रकाश भावसार**
**( प्रांतीय महामंत्री )**

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

# भोपाल: प्रांतीय आमसभा एवं चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न

**भोपाल।** प्रांतीय श्री नामदेव छीपा महासभा मध्यप्रदेश की आमसभा एवं निवार्चन प्रक्रिया, 25 मई 2025 को निर्विरोध सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय छीपा महासभा के अध्यक्ष श्रीराम सोपरा (जयपुर) रहे। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेजर जे. पी. वर्मा (बड़ौदा), राष्ट्रीय महासचिव अवधेश पाण्डे (जयपुर) के अलावा मध्यप्रदेश प्रांतीय नामदेव छीपा महासभा की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तथा श्री नामदेव छीपा युवा परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों द्वारा संत श्री नामदेव जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं आरती करके किया गया। आमसभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने एवं नामदेव युवा परिषद को पुराने स्वरूप में ही संचालित करने के उद्देश्य से करीब 20 सदस्यों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। देश में शीघ्र होने वाली जनगणना के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों के साथ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि जनगणना के समय सभी समाज बंधु, धर्म–हिन्दू, जाति–छीपा एवं वर्ग–अन्य पिछड़ा वर्ग का ही उल्लेख करें।

बैठक में समाज में मृत्युभोज जैसी कुरीतियों को पूर्ण रूप से समाप्त करने का निर्णय लिया। प्रांतीय महासभा के महासचिव श्री रमेश आर्य, उपाध्यक्ष श्री मोहनलाल गोठरवाल, कोषाध्यक्ष श्री संतोष ठाकुर के साथ सचिव श्री देवेश आर्य द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों से प्रांतीय कार्यकारिणी में पदों पर निरंतर बने रहने में असमर्थता व्यक्त की गई। सभी चारों सम्मानित सदस्य कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निरंतर प्रंतीय सभा में साथ बने रहेंगे।

आमसभा में सभी वरिष्ठ सदस्यों के प्रस्तावों को स्वीकृत करते हुए, सभी सम्मानित सदस्यों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया एवं इनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर श्री संतोष सिंह ठाकुर ने महासभा को 1,21,000 रूपये एवं मेजर जे. पी. वर्मा द्वारा महासभा को 11,000 रूपये भेंट स्वरूप देने की घोषणा की गई।

नामदेव छीपा युवा परिषद के लिए प्रदेश अध्यक्ष हेतु श्री संजय बिरौलिया (इंदौर) एवं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में श्री नारायण उज्जैनिया (खातेगाँव) को युवा परिषद के आगामी चुनाव होने तक के लिए अनुमोदित किया गया। नामदेव छीपा युवा परिषद की प्रांतीय स्तर पर संगठन की कार्यकारिणी बनाने एवं प्रांतीय सम्मेलन कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। नामदेव छीपा युवा परिषद में पचास वर्ष तक की आयु वर्ग के समाज बंधुओं को सदस्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। युवा परिषद की कार्यकारिणी द्वारा नए कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्रांतीय महासभा से अनुमति लेना अनिवार्य होगा एवं परिषद, महासभा के अधीनस्थ कार्य करने के लिए बाध्य रहेगी।

तदोपरांत प्रांतीय महासभा का पुनर्गठन करने के संबंध में चुनाव कराने के उद्दश्य से श्री सुरेन्द्र बाड़ीका, पार्षद नगर निगम भोपाल को नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव प्रक्रिया सर्वसम्मति से कराए जाने का अनुरोध सभी सदस्यों से किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

आमसभा में सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष के पद का प्रस्ताव रखा गया, जिसके लिए वर्तमान अध्यक्ष श्री जे. पी. धनोपिया को सर्वसम्मति से पुनः प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसी के साथ प्रांतीय महासभा में कुल 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया, जिसके लिए अध्यक्ष के अतिरिक्त 20 सदस्यों के नाम सर्वसम्मति से घोषित किए गए, जिन्हें उपयोगिता अनुसार विभिन्न सदस्यों की सहमति से दो सप्ताह में बैठक आयोजित कर विभिन्न पदों पर निर्वाचित करना तय हुआ है।

सभा के अन्त में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीराम सोपरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेजर जे. पी. वर्मा,

(शेष भाग अगले पृष्ठ पर...)

# भोपाल : मध्यप्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित

**भोपाल :** प्रांतीय श्री नामदेव छीपा महासभा मध्यप्रदेश की 25 सदस्यीय नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। प्रांतीय अध्यक्ष श्री जे. पी. धनोपिया ने अपनी कार्यकारिणी में निम्नानुसार पदाधिकारी मनोनीत किये है, जिनमें सर्वश्री सोहन जाचपुरे (इंदौर) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जितेन्द्र पंवार (ग्वालियर), मुकेश जसवाड़िया (आष्टा), राजेश नामदेव (मंदसौर) एवं राजेन्द्र नामदेव (खरगोन) को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री कमलेश आर्य (भोपाल) को महासचिव तथा सर्वश्री अजय नामदेव (उज्जैन), दीपक उज्जैनिया (इटारसी) एवं भविष्य नामदेव (आष्टा) को सचिव नियुक्त किया है। श्री जयप्रकाश नामदेव (सिहोर) को कोषाध्यक्ष तथा सुश्री रेखा वर्मा (देवास) को महिला प्रतिनिधि मनोनीत किया है।

प्रांतीय कार्यकारिणी में श्री शौकीन पीरिया (जावद) एवं राकेश ठाकुर (विदिशा) को संगठन मंत्री तथा शशांक ठाकुर एवं अशोक ठाकुर (इटारसी) को प्रचार मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया है। प्रांतीय कार्यकारिणी में सर्वश्री सुरेन्द्र बाड़ीका (भोपाल), मुकेश चित्तौड़ा (आष्टा), प्रवीण नामदेव (ब्यावरा), नन्दकिशोर जांगडे (बुरहानपुर), संजय नागर (उज्जैन), शिवनन्दन उज्जैनिया (होशंगाबाद), भीमसेन नामदेव (इंदौर), गजेन्द्र भगौरिया (विदिशा) तथा पंकज खींची (उज्जैन) को सदस्य मनोनीत किया गया है। ■■

—कमलेश आर्य
महासचिव
प्रांतीय महासभा, भोपाल

---

(पिछले पृष्ठ का शेष भाग...)

महासचिव श्री अवधेश पाण्डेय सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। दिनांक 22 जून 2025 को इंदौर में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया एवं प्रांतीय महासभा की 25 सदस्यीय नई कार्यकारिणी घोषित की गई। ■■

—कमलेश आर्य
महासचिव, प्रांतीय महासभा,
मध्यप्रदेश। मो. 9806124404

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

---

# पुष्कर: आमसभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न



**पुष्कर ( अजमेर )।** श्री नामदेव विट्ठल मन्दिर एवं पंचायत भवन छीपान पुष्कर (अजमेर) की आमसभा एवं चुनाव दिनांक **23 व 24 अगस्त 2025** को सम्पन्न हुए। तीन पदों अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष के चुनाव दो पेनल बनवाकर करवाये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश डिग्गीवाल ने चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाई। चुनाव में अध्यक्ष पद पर श्री त्रिलोक चन्द नामा, मंत्री पद पर श्री विनय कुमार वर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद पर महेन्द्र कुमार उदयवाल बहुमत से निर्वाचित हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विजयी उम्मीदवारों को शपथ ग्रहण करवाई। आम सभा एवं चुनाव में जिले के अजमेर, ब्यावर, विजयनगर, पीसांगन, पुष्कर, किशनगढ़, केकड़ी आदि स्थानों के बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री त्रिलोकचन्द नामा ने समाज के उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नरत रहने का संकल्प व्यक्त किया। ■■

# जयपुर : प्रतिभा सम्मान समारोह : दि. 14-09-2025



# हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाऐं



## अभिनव जोशी

DOB: 14-05-1998

## वैवाहिकी परिचय विवरण

- शुभ नाम : चि. अभिनव जोशी
- जन्म तिथि : 14 मई 1998
- जन्म समय : प्रातः 5:35
- जन्म स्थान : कोटा
- लम्बाई : 5'9''
- रंग-वर्ण : गौरवर्ण
- योग्यता : B.Tech. Electrical (IIT)
- जॉब : Siemens co. Noida में सीनियर इंजीनियर
- गौत्र निषेध : जोशी, जेठानिया, खींची, मुल्तानिया

:: शुभेच्छु ::

चतुर्भुज जोशी-श्रीमती चन्द्रकान्ता ( दादा-दादी )
रतनलाल जेठानिया-श्रीमती पार्वती ( नाना-नानी )
योगेश जोशी - श्रीमती संगीता ( पिता-माता )
ऋृतंभरा ( बहिन ) B.Sc., B.Ed, M.Sc. ( अध्ययनरत )
एवं समस्त जोशी परिवार, कोटा

निवास : T-4/46-D, अणुप्रताप कॉलोनी, रावतभाटा ( चित्तौड़गढ़ )
मो. 9413010145, 9460680014

## वैवाहिकी परिचय विवरण



## चार्वी विट्ठल

DOB- 07-10-1995

- शुभ नाम : चार्वी विट्ठल
- सुपुत्री : बृजेश कुमार बूल्या
- जन्म तिथि : 07 अक्टूबर 1995
- जन्म समय : सायं 05:59
- जन्म स्थान : अजमेर ( राजस्थान )
- लम्बाई : 5'3''
- योग्यता : M.Tech. (Elec. IIT Mumbai)
- जॉब : Rakuten Ltd, Banglore
- गौत्र निषेध : बूल्या, मेड़तवाल, वर्ग, तोनगरिया

शुभेच्छु एवं सम्पर्क सूत्र :

बृजेश कुमार बूल्या ( पिता )-प्रमिला मेड़तवाल ( माता )
स्नेहिल विट्ठल ( बहिन ) : बी.टेक. सी. एस. ( अध्ययनरत )

निवास : 699, महावीर नगर द्वितीय, कोटा ( राज. )
मो. 9414617060, 9461182533

# समाज रत्न से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी श्री घनश्याम वर्मा



**कोटा।** नामदेव छीपा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका के प्रधान संपादक श्री घनश्याम वर्मा (71 वर्ष) को समाज के प्रति उनके द्वारा जीवन पर्यन्त निस्वार्थ भाव से की गई उल्लेखनीय समाज सेवाओं के फलस्वरूप **'समाज रत्न सम्मान 2025'** प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

कोटा में 5 अक्टूबर 2025 को संत नामदेव आई.टी.आई. भवन स्थित स्व. श्री भैरूलाल पाटौदी स्मृति सभागार में आयोजित समाज की संभागीय संस्था श्री नामदेव समाज–समाज हितैषी सभा कोटा की वार्षिक प्रतिनिधि सभा/आमसभा में अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति की ओर से श्री वर्मा को समाज का यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।

आमसभा समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रायोजक मेजर जे. पी. वर्मा (बड़ौदा) ने श्री घनश्याम वर्मा (मेडतवाल) को साफा, शॉल, उपरना तथा सम्मान पत्र भेंट कर करतल ध्वनि के बीच सम्मानित किया। उन्होंने श्री वर्मा द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में जीवन पर्यन्त किए गए उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों की मुक्त कण्ठ से सराहना की और हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर हितैषी सभा के महामंत्री श्री रमेश धूमस ने श्री घनश्याम वर्मा के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता हितैषी सभा कोटा के संभागीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अनेक पदाधिकारीगण राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री जगदीश प्रसाद श्रेष्ठी एवं श्री राम स्वरूप अजमेरा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया, सदस्यगण सर्वश्री लक्ष्मीचन्द अजमेरा एवं हेमन्त नामदेव, कोटा के संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शंभूदयाल मण्डकला, संभागीय महामंत्री रमेश धूमस, संभागीय कोषाध्यक्ष राकेश जेठानिया, कोटा जिलाध्यक्ष श्री मुकेश नामा (विक्की), बारां जिलाध्यक्ष श्री दिनेश बघेरवाल, वरिष्ठ समाजसेवी श्री नन्दलाल दोसाया (कोटा), वरिष्ठ समाज सेवी श्री के के मालीवाल, (कोटा) एवं रामकिशोर चौधरी (कोटा), प्रांतीय महिलाध्यक्ष गायत्री नामा (बारां) सहित संभागीय एवं जिला स्तरीय संस्थाओं के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में हाड़ौती अंचल (कोटा संभाग) के समाजबंधु उपस्थित रहे। ■■





# कोटा : भीमगंजमण्डी सेवा समिति का दीपावली स्नेह मिलन आयोजित






**कोटा।** श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति भीमगंजमण्डी कोटा का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नामदेव समाज–समाज हितैषी सभा कोटा के अध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया थे। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संरक्षक श्री घनश्याम वर्मा, संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शंभूदयाल नामा, कोषाध्यक्ष राकेश जेठानिया, नामा बैंक सचिव श्री बिरधी चन्द नामा, नगर महासभाध्यक्ष श्री मुकेश नामा, बोरखेड़ा समाज के अध्यक्ष श्री धर्मराज नामा एवं सचिव रवि नामा थे, अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री रामकिशोर चौघरी ने की।

सभी अतिथियों द्वारा संत नामदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण सें कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आमंत्रित सभी मंचासीन सदस्यों का माल्यार्पण, उपरना एवं साफा पहना कर अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष श्री रामकिशोर चौधरी ने स्वागत उद्बोधन के साथ अध्यक्षीय प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। मंचासीन संरक्षक श्री घनश्याम वर्मा (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष) ने समिति की स्थापना से लेकर अद्यतन कार्यप्रगति की जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री रामचरण आमेरिया ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए संभागीय संस्था की ओर से आयोजन समिति को ग्यारह हजार रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर श्री शंभूदयाल मण्डकला तथा श्री धर्मराज नामा ने भी अपना उद्बोधन दिया।

समारोह में वरिष्ठ समाज बंधुओं समाज रत्न श्री घनश्याम वर्मा, समाजसेवी श्री पुरुषोत्तम बरनेचा, श्री बृजमोहन नामा, श्री रमेश चन्द्र पील्या, श्री रामनारायण गंगवाल एवं श्री शांति लाल बूल्या को सम्मानित किया गया। **समारोह में सर्वसम्मति से श्री राम किशोर चौधरी को दो वर्ष के लिए पुनः अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।** महामंत्री श्री राधेश्याम डरेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री दिनेश नामदेव ने किया। अंत में सभी ने दीपावली की बधाईयां दी और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।■■

# दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकती

• मेरा फोटो नहीं छपा, इसलिए मैं नहीं आया। • निमंत्रण पत्रिका में मेरा नाम नहीं था, इसलिए मैं नहीं आया। • मुझे उसमें कुछ मिलने वाला नहीं था, इसलिए मैं नहीं आया। • मुझे कोई पद नहीं मिला, इसलिए मैं नहीं आया। • मुझे कोई सुनता नहीं है, इसलिए मैं नहीं आया। • मुझे स्टेज पर नहीं बिठाया, इसलिए मैं नहीं आया। • मेरा सम्मान नहीं किया, इसलिए मैं नहीं आया। • मुझे बोलने का मौका नहीं दिया, इसलिए मैं नहीं आया। • बार–बार आर्थिक बोझ मुझ पर डाल दिया जाता है, इसलिए मैं नहीं आया। • सभी काम मुझे सौंपे जाते हैं, इसलिए मैं नहीं आया। • कोई सुझाव नहीं लेते हैं, इसलिए मैं नहीं आया। • टाइम नहीं मिल रहा, इसलिए मैं नहीं आया।

इसलिए बंधुओं दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकती। इसीलिए कहा है कि समाज सेवा मतलब तलवार की धार पर चलने का कार्य, यह कोई कायरों का कार्य नहीं है। जिंदगी में संघर्ष जरूरी है, इसलिए जो लोग समाज सेवा में अपना मूल्यवान समय दे रहे हैं, उन लोगों को तन–मन–धन से सहयोग देकर समाज के अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाएं। संगठित रहें! निःस्वार्थ भाव से सेवारत रहें। ■■



# प्रो. विनोद कुमार वर्मा कुलपति नियुक्त

**कोटा।** लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार की चण्डीगढ़ में हुई 33वीं प्रबंधन बोर्ड की बैठक में पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा को स्थाई कुलपति नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व भी प्रो. वर्मा इसी विश्वविद्यालय में कुलपति पद पर रह चुके हैं। प्रो. विनोद कुमार हरियाणा प्रांत के महेन्द्रगढ जिले के नारनौल ब्लॉक के भूषण कलां ग्राम के मूल निवासी हैं, जिन्होंने अपने ग्राम और रोहिला समाज का नाम रोशन किया है। संपूर्ण नामदेव छीपा समाज की ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।■■



# प्रो. यशवन्त ठाकुर कुलपति नियुक्त

**सागर (म.प्र.)।** निवासी प्रो. यशवन्त ठाकुर को डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर का कार्यवाहक कुलपति नियुक्त किया गया है। आपकी नियुक्ति का आदेश मध्यप्रदेश के राज्यपाल ने जारी किया है। प्रो. ठाकुर इसी विश्वविद्यालय में बिजनेस मेनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर सेवारत थे। प्रो. ठाकुर को संपूर्ण नामदेव छीपा समाज की ओर से हादिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।

गौरतलब है कि हमारे नामदेव छीपा एवं टांक समाज से पूर्व में राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में तीन शिक्षाविद् कुलपति पद को सुशोभित कर समाज को गौरवान्वित कर चुके हैं। इनमे प्रो. के. एल. कमल (जयपुर), प्रो. मोहनलाल छीपा (जयपुर) एवं प्रो. बी. आर. छीपा (अजमेर ) शामिल हैं।■■

# कोटा: नामदेव समाज कल्याण समिति की आमसभा सम्पन्न
# श्री महेश जोशी पुन: अध्यक्ष निर्वाचित



**कोटा।** श्री नामदेव समाज कल्याण समिति 110 कोटा की साधारण सभा की बैठक दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को संत नामदेव आईटीआई भवन महावीर नगर विस्तार योजना कोटा में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार मीणा उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां कोटा एवं विशिष्ट अतिथि श्री विमल चन्द जैन सचिव (सभा नम्बर 108) उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री नामदेव समाज कल्याण समिति 110 कोटा के अध्यक्ष श्री महेश कुमार जोशी ने बताया कि साधारण सभा में सदस्यों को 7.50 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देने तथा मृतक सदस्यों को राहत प्रदान करने हेतु कल्याण कोष बनाने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। सभा में वर्तमान पदाधिकारियों श्री महेश कुमार जोशी–अध्यक्ष, श्री हेमन्त नामदेव–वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री बिरधीचन्द नामा–सचिव, श्री अशोक कुमार दौसाया–सहसचिव, श्री राजेन्द्र मालीवाल–कोषाध्यक्ष एवं श्री दीपक कुमार चित्तौड़ा–सह कोषाध्यक्ष को सर्वसम्मति से दो वर्ष के लिए पुनः वर्तमान पदों पर ही निर्वाचित किया गया। कार्यकारिणी के पुनर्गठन हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। साधारणसभा का संचालन सचिव श्री बिरधी चन्द नामा ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री हेतुन्त नामदेव नें उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभा समापन की घोषणा की।

**–बिरधीचन्द नामा**
सचिव
श्री नामदेव समाज कल्याण समिति, कोटा

नोटः कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें

# शिक्षा नगरी कोटा का गौरव मा. सिद्धार्थ नामा



कोटा। नामदेव छीपा समाज कोटा की एक नवोदित युवा प्रतिभा मा. सिद्धार्थ नामा ने एक ऐसी अनूठी उपलब्धि हासिल की है, जिससे न केवल इनके परिवार का बल्कि पूरे कोटा संभाग के नामदेव छीपा समाज का नाम गौरवान्वित हुआ है।

मा. सिद्धार्थ नामा वर्तमान में ट्रिपल आईटी भागलपुर (बिहार) से कम्प्यूटर साइंस में बी.टेक. कर रहे हैं। वह इस संस्थान में अंतिम वर्ष के छात्र हैं। इन्होंने वहाँ ऑनलाइन वोटिंग प्रणाली (Remote Voting System) बनाने में मुख्य भूमिका निभाई है, जिससे लोग घर बैठे ही मतदान कर सकते हैं। इस प्रणाली का सफल परीक्षण हाल ही में ट्रिपल आईटी भागलपुर में छात्र परिषद के चुनाव में किया गया, जहाँ विद्यार्थियों ने पहली बार इस तकनीक का उपयोग कर मतदान किया। उनके द्वारा विकसित यह तकनीक पूरी तरह सफल रही जो आने वाले समय में लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बना सकेगी।

सिद्धार्थ के पिता कोटा के छावनी क्षेत्र के निवासी श्री किशन गोपाल नामा एक स्कूटर मेकेनिक हैं और बहुत ही साधारण परिवार से आते हैं। वह समाज सेवा के कार्यों में भी यथा योग्य सहयोग करते हैं। दो सुपुत्रियों और एक सुपुत्र के पिता श्री किशन गोपाल अपनी तीनों संतानों की उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इनके इस होनहार सुपुत्र तथा पूरे जेठानियां परिवार पर संपूर्ण नामदेव छीपा समाज को गर्व है। मा. सिद्धार्थ एवं इनके माता–पिता श्रीमती कांता–किशनगोपाल नामा तथा सभी परिवारजनों को हार्दिक बधाई एवं छात्र सिद्धार्थ के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं! ■■

–प्रधान संपादक

# यूट्यूबर हितेष नामदेव को मिला गोल्डन प्ले बटन



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर शहर में रहने वाले 'हितेश नागर' ने यूट्यूब की दुनियां में एक पहचान बनाई है। वर्तमान में हितेश नागर को छः सिल्वर प्ले बटन तथा एक गोल्डन प्ले बटन यूट्यूब की तरफ से ईनाम में दिये गए हैं। हाल ही में उन्होंने पूरे भारत का सबसे बड़ा यूट्यूबर होने का खिताब इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड से प्राप्त किया। यहाँ से इस मुकाम को और आगे ले जाने के लिए उन्हें एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया और वहाँ भी भारत के नाम के झण्डे गाड़े हैं। उनके द्वारा बनाए गए यूट्यूब वीडियो फिल्म से संबंधित होते हैं जिनके अन्दर तीन घण्टे की फिल्मों को मात्र 15 मिनट में समझाया जाता है। इसे सारांश भी कहते हैं, जिनमें उनकी छोटी बहिन भी मदद करती है। फिल्म एक्सप्लेनेशन कैटेगिरी में दोनों बच्चों ने भारत का नाम एशिया में रोशन किया है। हमारी मनोकामना है कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी उनका नाम जल्द ही दर्ज हो। ■■

–विनय दोसाया, अजमेर

# जयपुर का आयुष स्वर्ण पदक से सम्मानित




**जयपुर।** सांगानेर जयपुर निवासी **मा. आयुष श्रेष्ठी** सुपुत्र श्री श्रेष्ठी कुमार एवं श्रीमती आशा श्रेष्ठी ने वर्ष 2023 में B.Tech एवं M.Tech की संयुक्त डिग्री प्रथम रेंक के साथ हासिल कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा विगत 4 सितम्बर 2025 को आयोजित दीक्षांत समारोह में राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ वागड़े ने छात्र आयुष श्रेष्ठी को संयुक्त डिग्री के साथ स्वर्णपदक (गोल्ड मेडल) प्रदान कर सम्मानित किया छात्र आयुष एवं इसके माता–पिता को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं। ■■

–प्रधान संपादक

# डॉ. छीपा वैज्ञानिकों की विश्व स्तरीय सूची में शामिल



**कोटा।** कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के सहायक आचार्य डॉ. हेमराज छीपा को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय यूएसए और एल्सवियर प्रकाशक द्वारा जारी विश्व के टॉप 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय यूएसए और एल्सवियर प्रकाशक हर वर्ष वैज्ञानिकों द्वारा उनके शोध प्रकाशन के साइटेशन के आधार पर विश्व के सभी विषयों के एक लाख श्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची जारी करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अभय कुमार व्यास ने डॉ. छीपा को बधाई देते हुए कहा कि यह कृषि विश्वविद्यालय कोटा के लिए बड़े गौरव की बात है कि हमारे वैज्ञानिक भी विश्वपटल पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ. शशिकुमार जैन ने बताया कि राजस्थान के विश्वस्तरीय संस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान, मालवीय राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान जयपुर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर तथा बिट्स पिलानी के वैज्ञानिकों के साथ कृषि विश्वविद्यालय कोटा के वैज्ञानिक का नाम इस सूची में आना विश्वविद्यालय के लिए बड़े गौरव एवं हर्ष का विषय है। वर्तमान में डॉ. हेमराज छीपा कृषि महाविद्यालय कोटा में सहायक आचार्य सूक्ष्मजीव विज्ञान के पद पर कार्यरत है।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि डॉ. छीपा नें विश्व स्तरीय सूची में सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय में **789वें** स्थान पर रहकर कोटा का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरू ने विगत वर्ष में विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाईयों को आधुनिक प्रयोगशाला उपकरण एवं वैज्ञानिकों को उच्च स्तरीय शोध एवं शोधपत्र लिखने का प्रशिक्षण करवाकर छात्रों एवं शिक्षकों को किसानों के हित में विश्वस्तरीय शोध करने के लिए प्रेरित किया है। विश्वविद्यालय के निदेशकगणों एवं शिक्षकों नें डॉ. हेमराज छीपा को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। पत्रिका परिवार एवं अखिल नामदेव छीपा समाज की ओर से प्रो. हेमराज छीपा को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामनाएं। ■■

–प्रधान संपादक

# कोटा का गौरव युवा वैज्ञानिक प्रियांशु नामा



कोटा (राज.) के प्रतिभावान छात्र **प्रियांशु नामा** पुत्र श्री ओम प्रकाश सांखला ने वर्ष 2025 में इंजीनियरिंग की सबसें कठिन परीक्षा GATE में ECE शाखा में ऑल इण्डिया रेंक 571 प्राप्त कर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। इन्होंने अपने लक्ष्य की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लि. (NPCIL) में वैज्ञानिक–सी के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर ली है। छात्र प्रियांशु ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थान IISC बेंगलूरू तथा IIT दिल्ली में भी चयन प्राप्त कर लिया था। नामदेव छीपा समाज तथा पत्रिका परिवार की ओर से इस युवा वैज्ञानिक हो हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं। ■■

–प्रधान संपादक

*-हार्दिक बधाई-*

***संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755वीं जयन्ती पर देश-विदेश के समस्त नामदेव अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।***

# कांकरोली: चौखला क्षेत्र की जनगणना का निर्णय





**कांकरोली।** 'चौखला आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत चौखला क्षेत्र के छीपा परिवारों की जनगणना करवाई जाएगी। जनगणना के दौरान युवक–युवतियों का विवरण तथा पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति की जानकारी संग्रहित की जाएगी। यह निर्णय गत 12 अक्टूबर 2025 को कांकरोली में आयोजित गहलोत छीपा समाज आम मेवाड़ चौखला क्षेत्र आकोला तथा नामदेव गहलोत छीपा समाज समिति कांकरोली की संयुक्त बैठक में लिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष कांकरोली में बसंत उत्सव का आयोजन धूम–धाम से किया जाएगा। इसमें मेधावी छात्र–छात्राओं एवं खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस पर्व के अवसर पर चौखला क्षेत्र के सभी समाज बंधुओं को आमंत्रित किया जाएगा। समाज में उत्पन्न आपसी मतभेदों तथा मनमुटावों के समाधान हेतु एक विवाद निस्तारण समिति का गठन किया जाएगा। कांकरोली मन्दिर की दुकानों से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान पर भी बल दिया गया। बैठक में कांकरोली क्षेत्र में जनगणना प्रपत्रों को भरने तथा संकलन का कार्य धीमा चल रहा है, जिसे गति प्रदान करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में दोनो संस्थाओं की आगामी बैठक आकोला में आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल बाकलीवाल तथा मंत्री ओम प्रकाश पीलीया ने स्वागत किया संगठन मंत्री रमेश चन्द पीलीया ने कहा कि समाज की एकता और अखण्डता के लिए सभी को समय सहयोग और सेवाएं प्रदान करनी होगी। बैठक में संरक्षक श्री प्रकाश डिग्गीवाल, किशन गंगवाल, गोपाल लाल बघेरवाल ने विचार व्यक्त किए। बैठक में बड़ी संख्या में दोनो संस्थाओं से जुडे पदाधिकारियों तथा समाज बंधुओं ने भाग लिया।

■■

–प्रकाश डिग्गीवाल
उदयपुर

# मण्डी आदमपुर : धर्मशाला कार्यालय एवं भवन का शुभारंभ



**मंडी आदमपुर।** आदमपुर के पूर्व विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भव्य बिश्नोई ने आदमपुर बिजली बोर्ड स्थित छीपा धर्मशाला में नवनिर्मित भवन तथा धर्मशाला कार्यालय का शुभारंभ 26 जुलाई 2025 को किया। हिसार नामदेव धर्मशाला के प्रधान मनीराम पंवार, आदमपुर प्रधान गोलू राम मिस्त्री, महेंद्र सरोया तथा राजाराम पंवार ने उन्हें समाज की तरफ से पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर भव्य बिश्नोई ने कहा कि जो मान सम्मान व सहयोग छीपा समाज ने मुझे दिया है, उसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा तथा हर संभव सहयोग करूंगा। इस मौके पर आदमपुर प्रधान गोलूराम मिस्त्री ने भवन के निर्माण के लिए पाँच लाख पच्चीस हजार रू. का सहयोग देने पर उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। ■■

## वैवाहिकी परिचय विवरण



- शुभ नाम : गौरव नामा
- जन्म तिथि : 17 जून 1995
- जन्म समय : प्रात: 3:25
- जन्म स्थान : सवाई माधोपुर
- लम्बाई : 5'10"
- योग्यता : B.Tech ( बायोटेक्नोलोजी )
- जॉब : वरुण बेवरेज लि. ( पेप्सी ) कापरेन ( बून्दी ) में
- क्वालिटी एनालिस्ट
- गौत्र निषेध : नईवाल, आछेरा, कासलीवाल, गोठवाल

**इंजी. गौरव नामा**
**DOB : 17-06-1995**

:: शुभेच्छु ::

रामबाबू नामा-श्रीमती हेमलता ( पापा-मम्मी )
रमेश चंद-श्रीमती संतरा देवी ( ताऊजी-ताईजी ), सवाई माधोपुर
विजय कुमार-श्रीमती शीतल ( चाचा-चाची ), जयपुर
श्रीमती गुंजन-श्री पुनीत जी ( बहिन-बहनोई ), नैनवां ( बून्दी )
मनमोहन-श्रीमती मंजू देवी ( मामा-मामी ), केकड़ी

सम्पर्क सूत्र : बी-47, सुमन विहार, बून्दी रोड़, कुन्हाड़ी, कोटा ( राज. )
मो. 94149-38303, 8764642440

# हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाऐं

## वैवाहिकी परिचय विवरण



- शुभ नाम : अदिति बघेरवाल
- जन्म तिथि : 31 मई 1998
- जन्म समय : दोपहर 1:10
- जन्म स्थान : कोटा ( राज. )
- लम्बाई : 5'1"
- योग्यता : B.Com., CA
- जॉब : J.P. Morgan, Mumbai
- गौत्र निषेध : बघेरवाल, लोवानिया, बाकलीवाल, कांसलीवाल

**CA अदिति बघेरवाल**
**DOB : 13-05-1998**

:: शुभाशीष ::

श्रीमती लाड़ बाई धर्मपत्नी स्व. श्री राधाकृष्ण बघेरवाल ( दादी-दादा )
ललित-श्रीमती मोनिका ( ताऊजी-ताईजी ), हेमन्त-श्रीमती प्रमिला ( पापा-मम्मी )
कृष्ण गोपाल-श्रीमती चंचल ( चाचा-चाची )

प्रतिष्ठान : मै. मोनिका मेडीकल एण्ड जनरल स्टोर महावीर नगर मेन रोड़, केशवपुरा, कोटा

निवास : 2-द-12, टीचर्स कोलोनी, केशवपुरा, कोटा ( राज. )
मो. 9413651883, 9460390246, 9145822998

# हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाऐं

## वैवाहिकी परिचय विवरण



**डॉ. आस्था बाकलीवाल**
**BAMS**

- शुभ नाम : डॉ. आस्था बाकलीवाल ( मांगलिक )
- जन्म तिथि : 01 अक्टूबर 1998
- जन्म समय : प्रातः 6:55
- जन्म स्थान : बिजय नगर
- लम्बाई : 5'3''
- योग्यता : BAMS ( राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर )
- जॉब : आयुर्वेदिक कंसलटेन्ट, रिसर्च आयु. क्लिनिक, दिल्ली
- गौत्र निषेध : बाकलीवाल, तलाइच, राईवाल, चाचोड़िया

:: शुभेच्छु ::

कैलाश चन्द्र बाकलीवाल-श्रीमती पुष्पा ( पापा-मम्मी )
अर्पित बाकलीवाल-श्रीमती मीनाक्षी ( भैया-भाभी )
त्रिविद बाकलीवाल ( भतीजा )

सम्पर्क सूत्र : 'शिव कृपा' 3, पार्श्वनाथ कॉलोनी, बरल रोड़, बिजय नगर, ब्यावर ( राज. )
मो. 9413887030, 9460357346

# हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाऐं

## वैवाहिकी परिचय विवरण



**डॉ. विपुल नामा**
**BOB : 31-07-1998**

- शुभ नाम : डॉ. विपुल नामा
- जन्म तिथि : 31 जुलाई 1998
- जन्म समय : सायं 8:40
- जन्म स्थान : बघेरा ( केकड़ी )
- लम्बाई : 5'7''
- योग्यता : MBBS (AIIMS Bhopal)
- MD Radioliagnosis अंतिम वर्ष में अध्ययनरत
- गौत्र निषेध : गड़िया, बाकलीवाल, अमरवाल, आंछेरा

:: शुभेच्छु ::

श्रीमती नर्मदा देवी-श्री प्रहलाद चन्द, स्व. श्रीमती लाड़ देवी-श्री कैलाश चंद नामा,
श्रीमती प्रेम देवी-श्री सत्यनारायण,
श्रीमती रेखा देवी-श्री ओम प्रकाश ( ताईजी-ताऊजी )
श्रीमती पुष्पा-रमेश कुमार नामा ( मम्मी-पापा )
डॉ. विदुषी नामा-डॉ. मोहित अजमेरा ( दीदी-जीजाजी )
पूजा-वैभव ( भाभी-भैया ) एवं समस्त गड़िया परिवार ( बघेरा वाले )

सम्पर्क सूत्र : 'पुष्पेश विला' मानक नगर, अजमेर रोड़, केकड़ी, जिला अजमेर ( राज. )
मो. 9414839790, 9460560365

# अमेरिका : डॉ. पूर्णिमा वोरिया राजस्थान फाउण्डेशन के न्यूयॉर्क चैप्टर की अध्यक्ष नियुक्त



**अमेरिका।** प्रवासी राजस्थानी समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने और राजस्थान के सामाजिक– आर्थिक विकास में योगदान देने के उद्देश्य से राजस्थान फाउण्डेशन ने न्यूयॉर्क (अमेरिका) चैप्टर की नई अध्यक्ष के रूप में **डॉ. पूर्णिमा वोरिया** को नियुक्त किया है।

राजस्थान फाउण्डेशन, योजना भवन जयपुर से जारी जानकारी के अनुसार, डॉ. वोरिया ने मुख्यमंत्री की ओर से प्राप्त नामांकन के प्रत्युत्तर में उन्हें अपना औपचारिक सहमति पत्र प्रेषित किया है। इस पत्र में उन्होंने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

डॉ. वोरिया ने कहा कि वे इस दायित्व को नैतिक, पारदर्शी और सक्रिय तरीके से निभाएंगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे न्यूयॉर्क तथा संपूर्ण अमेरिका में बसे प्रवासी राजस्थानी संगठनों और व्यक्तित्वों के साथ सशक्त समन्वय स्थापित करेंगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान फाउण्डेशन, नेशनल यूएस–इण्डिया चेंबर ऑफ कॉमर्स (NUICC) और अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न सामाजिक और आर्थिक विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा।

डॉ. वोरिया ने फाउण्डेशन को आश्वस्त किया कि वे तीन दिनों के भीतर चेप्टर की कार्यकारिणी समिति के प्रस्तावित सदस्यों की सूची प्रस्तुत करेंगी, जिसमें उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष और अन्य दस प्रमुख सदस्यों के नाम सम्मिलित होंगे।

यह नियुक्ति राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के वैश्विक नेटवर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। गौरतलब है कि डॉ. पूर्णिमा वोरिया नेशनल यूएस–इण्डिया चेंबर ऑफ कॉमर्स (NUICC) की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी है तथा वे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा प्रशासन में राष्ट्रीय सलाहकार के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। नामदेव छीपा समाज जयपुर (राज.) की बेटी डॉ. पूर्णिमा को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं तथा राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री माननीय श्री भजनलाल शर्मा के प्रति नामदेव छीपा समाज की ओर से हार्दिक आभार। ■■

–घनश्याम वर्मा
प्रधान संपादक

# अजमेर : नामदेव समाज द्वारा विधानसभाध्यक्ष का सम्मान

**अजमेर।** शहर की मुख्य सड़क आगरा गेट से अग्रसेन चौराहा तक के मार्ग को अब संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज मार्ग के नाम से जाना जाएगा। इस घोषणा के उपरान्त राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवानानी का उनके निवास पर जाकर श्री नामदेव विट्ठल मन्दिर एवं पंचायत भवन छीपान ट्रस्ट पुष्कर व नामदेव टांक क्षत्रिय समाज संस्थान अजमेर की ओर से माल्यार्पण कर आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय संत नामदेव महाराज की संत परंपरा और उनके आध्यात्मिक योगदान को स्मरण करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर त्रिलोकचन्द नामा, पूर्व कुलपति डॉ. बी. आर. छीपा, रमेश चन्द्र धनोपिया, दिनेश बंसीवाल, विनय दोसाया, पूर्व पार्षद संजीव नागर, प्रहलाद दोसाया, नन्दलाल छीपा, संतोष कुमार छीपा, अशोंक कुमार छीपा, विष्णु कुमार छीपा, सत्यनारायण नईवाल, राजेश मेड़तवाल, टीकम बाकलीवाल, ताराचन्द काणीगांवा, अनीश गोयल, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

■■

# डीग में दाऊ जी महाराज का जन्मोत्सव








**डीग।** बलदेव छट्ट के अवसर पर डीग में दाऊजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गोहिल छीपा समाज डीग द्वारा दाऊजी महाराज और रेवती महारानी का भव्य श्रृंगार किया गया और माखन मिश्री का भोग लगाया गया। इस अवसर पर मन्दिर में फूल बंगला व विद्युत सजावट की गई। इस दौरान अनेक दाऊजी भक्त भाव विभोर होकर दाऊजी व खाटू श्याम जी के भजनों सहित अन्य भजनों पर नृत्य करने लगे।

दाऊजी मन्दिर में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लॉर्ड कृष्णा म्यूजिकल फॉक ग्रुप के बृज मण्डल के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा आयोजित भजन संध्या सहित कृष्ण की विभिन्न लीलाओं, मयूर नृत्य, सुदामा चरित्र लीला, शिव ताण्डव, हनुमान जी द्वारा हनुमान चालीसा, बृज होली, गणेश वन्दना, दाऊजी वन्दना सहित अनेक मनोहरी भजन व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान गोहिल छीपा समाज के पदाधिकारियों पूर्व अध्यक्ष गिरिराज धरण, सचिव भगवानदास, उपाध्यक्ष रिंकू, नवयुवक मण्डल के गोलू, शैलेन्द्र, हेमन्त, योगेश, धनेश, कलुआ, दिनेश ने ठाकुर जी स्वागत के साथ–साथ अन्य कलाकारों एवं लोक वादकों का स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या में मन्दिर में आए भक्तों ने दाऊजी महाराज के दर्शन कर भोग लगाया व प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी तथा गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। ■■

—अजय विद्यार्थी
डीग

# हिसार : परीक्षार्थियों के लिए नामदेव धर्मशाला में नि:शुल्क प्रबंध

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित नामदेव धर्मशाला में सीईटी परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों तथा उनके अभिभावकों के लिए ठहरने एवं भोजन का निशुल्क प्रबंध किया गया।

नामदेव सभा के प्रेस सचिव विनोद रोहिला ने बताया कि इस बार की सीईटी परीक्षा बड़े पैमाने पर आयोजित की गई, जिसमें बाहर से आए हुए परीक्षार्थी, जिनकी परीक्षा हिसार में होनी थी, उनके लिए 25 से 27 जुलाई 2025 तक रुकने का नि:शुल्क प्रबंध किया गया। धर्मशाला में लगभग 350 आगन्तुकों को ठहराया गया। सभा की ओर से सचिव एडवोकेट हरपाल व कोषाध्यक्ष सत्यवान किरोड़ी दोनों पूरे समय उपस्थित रहे। चेयरमैन मास्टर वर्मा व करण सिंह ने बताया कि सभी महिलाओं, पुरुषों व उनके साथ आने वाले अभिभावकों के लिए भी नि:शुल्क ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई। परीक्षार्थियों के लिए पूरे समय तक धर्मशाला खोली गई। परीक्षार्थी चाहे रात को आए, चाहे दिन में, सभी के लिए भोजन उपलब्ध करवाया गया। सभी परीक्षार्थियों ने व्यवस्था की प्रशंसा की। ■■

# पंढरपुर में बनेगा विश्वस्तरीय संत नामदेव स्मारक : मुख्यमंत्री फड़नवीस

पंढरपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़नवीस ने घोषणा की है कि राज्य सरकार श्रीक्षेत्र पंढरपुर में संत नामदेव महाराज का विश्व स्तरीय स्मारक बनवाएगी। संत नामदेव मन्दिर का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा तथा संत के अभंगों में वर्णित विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा।

श्री फड़नवीस ने संत नामदेव महाराज के परिवार एवं संत जंनाबाई के 675वें संजीवन समाधि महोत्सव के प्रथम दिन दिनांक 23 जुलाई 2025 को पंढरपुर में आयोजित भव्य समारोह में ये घोषणाएं की। समारोह का आयोजन संत नामदेव क्षत्रिय एकसंघ द्वारा 675वें उत्तर छठी शताब्दी अमृत महोत्सव के तहत 23 व 24 जुलाई को किया था।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि संत नामदेवजी भागवत धर्म का प्रचार और प्रसार करने वाले प्रथम संत हैं। संत नामदेव महाराज ने तलवार के बल पर धर्म को समाप्त करने वाले मुगल साम्राज्य में विट्ठल भक्ति और भागवत धर्म की अलख जगाने का कार्य किया। उन्होंने भारत के 22 राज्यों में भागवत धर्म का प्रचार और प्रसार किया। वे प्रथम फढकरी थे। वे भारतीय संस्कृति की एकता के प्रणेता थे। उन्होंने भाषा के बंधनों को तोड़कर सभी जातियों और धर्मों के संतों को साथ ले कर पूरे समाज को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया। वे प्रथम जीवनीकार और समाज सुधारक थे। उनके अभंगों में संवाद और नाटक मिलते हैं। उन्होंने बाल कविताएं भी लिखी। मराठी गजलों के जन्मदाता संत नामदेव जी हैं। भाषा, मित्रता और भाईचारे का धागा है, उन्होंने कहा कि संत नामदेव के पास समाज को साधने की कला थी।

राज्य के ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने कहा कि संत नामदेव महाराज के भव्य स्मारक के लिए 65 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जानी चाहिए और एक स्मारक बनाया जाना चाहिए। संत नामदेव महाराज के मन्दिर का विकास किया जाए। इस अवसर पर संत नामदेव महाराज के वंशज केशव महाराज नामदास, माधव महाराज नामदास, कृष्णदास महाराज नामदास, मुकुंद महाराज नामदास और ज्ञानेश्वर महाराज नामदास का संत पूजन देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा किया गया। प्रस्तावना में राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश ढवले ने कहा कि यह वर्ष संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज का 675वां संजीवन समाधि समारोह, संत ज्ञानेश्वर महाराज का 750वां स्वर्ण जयन्ती समारोह, जगद्गुरू संत तुकाराम महाराज का 375वां बैकुण्ठ गमन समारोह और संत सांवला माली महाराज के 730वें समाधि समारोह का वर्ष है। संत नामदेव महाराज ने शांति, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों का उपयोग करते हुए महाराष्ट्र सहित पूरे देश में भागवत धर्म का प्रचार और प्रसार किया।

कार्यक्रम में भाजपा आध्यात्मिक मोर्चा के प्रमुख आचार्य तुषार भोंसले, श्री विट्ठल रूक्मिणी मन्दिर समिति के सह–अध्यक्ष गहिनीनाथ महाराज औसेकर, विधायक समाधान अवताडे, विधायक रणजीत सिंह मोहिते पाटिल, विधायक अभीजीत पाटिल, पूर्व विधायक प्रशांत परिचारक, पूर्व सांसद रणजीत सिंह नाइक निंबालकर, पूर्व विधायक राजेन्द्र राऊत, फिल्म अभिनेता गोविन्द नामदेव, श्री संत नामदेव क्षत्रिय एकसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश ढवले, राष्ट्रीय सचिव रूपेश खाण्डके, प्रदेश अध्यक्ष गणेश उण्डाले, जिला कलेक्टर कुमार आशीर्वाद, श्री क्षेत्र पंढरपुर से श्री क्षेत्र घुमान (पंजाब) तथा संत नामदेव महाराज का रथ एवं साइकिल यात्रा के आयोजक सूर्यकान्त भिसे, खेमराज नामा, नाना साहेब पथरकर (दिल्ली) योगाचार्य के. एल. नामदेव (छत्तीसगढ़), हंसराज नामा (कोटा), डॉ. हरिराम रोहिला (राजस्थान), उमेश गहलोत (चेन्नई), खेमचन्द टेलर दरोगा जी (हरियाणा), अरूण नामदेव (मध्यप्रदेश), सुखविंदर सिंह (पंजाब), एडवोकेट सागर मांढरे, सुधीर बोरकर, प्रकाश परारिया, मनोज भण्डारकर, गोपाल परमार, इन्द्रमल चौहान, नारायण परारिया, रमेश चौहान, जयंतीलाल चौहान, मेहन्द परमार, अशोर परमार, श्रणव चौहान, हजारीमल चौहान सहित देशभर से हजारों नामदेव बंधु और नामदेव भक्त उपस्थित थे। ■■

–खेमराज नामा (सोलंकी)
पुणे (महाराष्ट्र)

---

नोट : कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें

# झालावाड़ : शपथग्रहण एवं देवविमान वितरण समारोह सम्पन्न रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित

**झालरापाटन।** श्री नामदेव छीपा समाज जिला विकास संस्था झालावाड़ के तत्वावधान में 24 अगस्त 2025 को अग्रसेन वाटिका झालरापाटन में रक्तदान शिविर, जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह तथा देव विमान वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि झालावाड़–बारां लोकसभा क्षेत्र के सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि नामदेव छीपा समाज का सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देश में अलग पहचान रखता है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा ने कहा कि सामाजिक चेतना से देश अग्रणी होता है। समाज में सामाजिक स्तर पर शिक्षा को बढावा दें, यह सराहनीय कार्य है।

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड ने कहा कि समाज छोटा हो या बड़ा, इससे फर्क नहीं पड़ता। समाज कितना अग्रणी है, यह महत्वपूर्ण है। यहूदी एवं पारसी समाज का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे कम संख्या होने के बाद भी सबसे प्रभावी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष योगेश झडिया ने कहा कि आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की पहल नामदेव समाज ने की थी, उस विचार से आज भी कई समाज लाभान्वित हो रहे हैं। संस्था द्वारा समय–समय पर पर्यावरण, स्वच्छता, सांस्कृतिक क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के कार्य किये जाते हैं।

**ये भी थे मंचासीन :** कार्यक्रम में मनोहरथाना विधायक गोविन्द रानीपुरिया, डग विधायक कालूराम मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष संजय जैन (ताऊ), जिला परिषद सीईओ शंभूदयाल मीणा, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र डांगी, झालावाड नगर परिषद सभापति प्रदीप सिंह राजावत, नामदेव छीपा समाज के संभागीय अध्यक्ष रामचरण आमेरिया, भाजपा नेता दिनेश जैन करावन, झालरापाटन नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा मनीष चांदवाड तथा झालरापाटन व्यापार संघ अध्यक्ष यशोवर्धन बाकलीवल मंचासीन थे।

**रक्तदान शिविर आयोजित :** इससे पूर्व प्रातः नौ बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिला महामंत्री महेश झडिया ने बताया कि झालावाड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की टीम ने रक्त का संग्रहण किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए झालावाड़ मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अशोक शर्मा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। एक यूनिट रक्त से तीन जिंदगियां बचाई जा सकती है। इस प्रकार के शिविरों के आयोजनों से चार धाम की यात्राा के बराबर पुण्य मिलता है। भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र डांगी ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो निस्वार्थ भाव से किया जाता है। इससे समाज में एकता और सहयोग की भावना का विकास होता है। नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा मनीष चांदवाड ने कहा कि रक्त पर किसी जाति या धर्म का लेबल नहीं लगा होता है। इसका निर्माण किसी भी कारखाने में संभव नहीं है। यह केवल मानव शरीर में ही निर्मित होता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवराज दोसाया ने बताया कि डॉ. उत्कर्षा, लेब तकनीशियन अक्षय, वैभव, वार्ड बॉय की टीम ने 51 यूनिट रक्तदान संग्रहण किया।

**देवविमान वितरणः** सांसद दुष्यंत सिंह एवं अतिथियों द्वारा झालावाड़, बकानी, कनवाडा, पीपलिया एवं मनोहरथाना के मन्दिरों के लिए भामाशाह चौथमल जेठानियां (बून्दी का गोठडा) की ओर से प्रदत्त देव विमान भेंट किये गए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमः** महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी नामदेव ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक चेतना एवं देशभक्ति के गीतों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश टटवाडिया, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश जैन, पोरवाल समाज अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, भारत विकास परिषद अध्यक्ष पवन शर्मा, खाद्य एवं तिलहन व्यापार संघ सचिव विजय मूंदडा, संजय जैन आवर, समाजसेवी धर्मेन्द्र सेठी, भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष बबीता सेठी, रेडिमेड वस्त्र व्यापार संघ अध्यक्ष विनय सालेचा, द्वारिकाधीश मन्दिर समिति से ओम प्रकाश काबरा, रविराज पाटीदार, सत्यप्रकाश माहेश्वरी, रमेश माहेश्वरी, इंदुशेखर पाटीदार, सहित सैकडों गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र नामा ने किया। जिलाध्यक्ष योगेश झडिया ने आभार व्यक्त किया। ■■

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

# दीपोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं

## वैवाहिकी परिचय विवरण



- शुभ नाम : वेदान्त नामदेव
- जन्म तिथि : 09 सितम्बर 2000
- जन्म समय : 11:55 PM
- जन्म स्थान : अशोक नगर ( म.प्र. )
- लम्बाई : 5'6''
- योग्यता : B.A., LLB
- जॉब : निजी व्यवसाय
- गौत्र निषेध : कुंजीवाल, बघेरवाल, बिरग, मण्डवाल

**चि. वेदान्त नामदेव**

BA-LLB

DOB : 09-09-2000

## हमारे प्रतिष्ठान

- मै. वेदान्त जनरल स्टोर, अशोक नगर ( म.प्र. )
- मै. वेदान्त उत्सव भवन, अशोक नगर ( म.प्र. )
- मै. वेदान्त नमकीन भण्डार, अशोक नगर ( म.प्र. )
- मै. कृषि फार्म, पलकाटोरी, अशोक नगर ( म.प्र. )

**प्रो. रमेश चन्द कुंजीवाल**

मो. 9993014071

:: शुभेच्छु ::

रमेश कुंजीवाल-श्रीमती सुशीला ( दादा-दादी )

ललित कुंजीवाल-श्रीमती अर्चना ( पापा-मम्मी )

पता : वेदान्त भवन, अशोक नगर ( म.प्र. ) 473331

मो. 9993014071 ( दादाजी ), 8817991300 ( पापाजी )

## पंचम पुण्यतिथि : 21 सितम्बर 2025

## ! अश्रुपूरित श्रद्धांजलि एवं शत्–शत् नमन !

युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, समर्पित, निष्ठावान, कर्मनिष्ठ एवं ऊर्जावान समाज सेवी

# स्व. श्री सुदीप मेड़तवाल

को पंचम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि एवं शत–शत नमन।



**स्व. श्री सुदीप मेड़तवाल**

उदयपुर ( राज. )

जन्म : 24–03–1963

बैकुण्ठवास : 21–09–2020

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चेनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

**शोकाकुल :**

श्रीमती इंदु मेड़तवाल–स्व. श्री गोविन्द प्रसाद मेड़तवाल ( माता–पिता )
श्रीमती लता मेड़तवाल ( धर्मपत्नी ), गौरव मेड़तवाल–श्रीमती गरिमा ( पुत्र–पुत्रवधु )
डॉ. जिज्ञासा–श्री रवि जी ( पुत्री–दामाद ), ईशान्या ( दोहिती ), डॉ. के.बी. मेड़तवाल–श्रीमती संतोष,
डॉ. रघुनंदन–स्व. श्रीमती बिन्दु, श्रीनाथ जी–श्रीमती उमा ( चाचा–चाची ),
डॉ. राजेश S/o स्व. श्री दौलतराम मेड़तवाल, सतीश S/o स्व. श्री देवकृष्ण मेड़तवाल
एवं समस्त मेड़तवाल परिवार, सांगोद, कोटा, दिल्ली, ब्यावर, जयपुर, उदयपुर

निवास : 329, शिवाशीष, शिव कॉलोनी, सेक्टर–6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. )
मो. 8668217730, 8209333895

# हितैषी सभा कोटा की वार्षिक आमसभा सम्पन्न भामाशाहों, समाजसेवियों तथा प्रतिभाओं का सम्मान

**कोटा।** श्री नामदेव सामज–समाज हितैषी सभा (संस्था) कोटा की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को संत नामदेव आई.टी.आई. भवन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया ने की। मुख्य अतिथि बड़ौदा (गुजरात) के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर जे. पी. वर्मा (समाज रत्न) थे। बैठक का शुभारंभ संत नामदेव के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती से किया गया।

आरंभ में महामंत्री श्री रमेश धूमस ने गत साधारण सभा की कार्यवाही के विवरण का पठन किया, जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने संस्था के कार्यक्षेत्र के कोटा, बून्दी, बारां एवं झालावाड़ जिलों में किए गए कार्यक्रमों तथा आयोजनों की जानकारी दी। उन्होंने संस्था द्वारा निर्माणधीन संत नामदेव छात्रावास भवन के बहुआयामी प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए उदारमना भामाशाहों से अनुदान सहायता देने की अपील की।

आमसभा के दौरान कोषाध्यक्ष श्री राकेश जेठानिया ने संस्था का लेखा–जोखा प्रस्तुत कर सदन से अनुमोदन प्राप्त किया। संस्था के अधीनस्थ सभी चार जिलों के अध्यक्षों ने जिलों की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर समाजसेवियों, भामाशाहों तथा प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।

आमसभा में राष्ट्रीय छीपा महासभा की ओर से कोटा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री घनश्याम वर्मा (मेडतवाल) को उनके द्वारा जीवन पर्यन्त की गई उल्लेखनीय समाज सेवाओं के फलस्वरूप **समाज रत्न सम्मान–2025** प्रदान कर सम्मानित किया। राष्ट्रीय महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेजर जे.पी. वर्मा तथा संभागीय एवं जिला स्तरीय संस्थाओं के पदाधिकारियों ने श्री वर्मा को साफा, शॉल, उपरना तथा अभिनन्दन पत्र भेंट किया। आमसभा में हितैषी सभा की ओर से भामाशाहों तथा चारों जिलों के दो–दो समाज सेवियों का भी सम्मान किया गया।

सम्मानितों में मेजर जे.पी. वर्मा (बड़ौदा), श्री जगदीश नईवाल (कोटा), श्री हेमन्त नामदेव (कोटा), भानपुरा के श्री अनिल बघेरवाल एवं श्री प्रशान्त बघेरवाल (कोटा) के, श्री जगदीश श्रेष्ठी, श्रीमती सुमन सरथलिया (जयपुर), नन्दलाल दोसाया (कोटा), रामकिशोर चौधरी (कोटा), रामबाबू भरसूण्डा (कोटा), जितेन्द्र मेउतवाल (कोटा), प्रमिला मेडतवाल (कोटा), प्रेम बाई खण्डेलवाल (कोटा), गायत्री नामा (बारां) एवं अन्य भामाशाहों का सम्मानित किया गया। सम्मानित समाज सेवियों में श्रीमती चन्द्रकान्ता मारवाल (बून्दी), श्री भानूप्रकाश (के. पाटन), श्रीमती मंजू सांखला (बारां) भी शामिल है। प्रतिभाओं में डॉ. प्रज्ञा नामा, त्रितु पंवार एवं निर्भीक को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मेजर जे.पी. वर्मा ने अपने उद्‌बोधन में हितैषी सभा के उल्लेखनीय विकास कार्यों की सराहना की। अन्त में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शम्भू दयाल मण्डकला ने आभार व्यक्त किया। आमसभा की कार्यवाही का संचालन महामंत्री रमेश धूमस ने किया। ■■

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

# पत्रिका के सदस्यगण कृपया ध्यान दें!

पत्रिका के कतिपय सदस्य महानुभावों की पत्रिका किन्हीं कारणवश वापस लौटकर आ जाती है। कारण कुछ भी हो सकता है, जैसे पूर्व में दिया हुआ सूचीबद्ध पता बदल जाना अथवा डाक वितरण में अव्यवस्था होना आदि। लौटकर वापस आ जाने वाली पत्रिका के सदस्यों के मोबाइल नं. उपलब्ध नहीं होने से हम उनसे संपर्क नहीं कर पाते और दो–तीन अंकों के बाद ऐसे सदस्यों को पत्रिका भिजवाना बन्द कर दिया जाता है।

–प्रधान संपादक, 9413364741

# जयपुर : जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**जयपुर।** राज्य कृषि प्रबंधन संस्था कृषि फार्म दुर्गापुरा, जयपुर के ऑडिटोरियम में 14 सितम्बर 2025 को नामदेव छीपा समाज का प्रतिभा सम्मान तथा शिल्प गुरू एवं गुरूश्री सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार तोनगर्या ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र प्रसाद जरथल (प्रमुख उद्योगपति), श्री रामयश साध (आई.आर.एस., सहायक आयुक्त सीमा शुल्क, बम्बई), श्री विनय कुमार रोहिल्ला (उपाध्यक्ष–राज्य आपदा प्रबंधन समिति, उत्तराखण्ड), श्रीमती भानुमति गुजरानिया (संयोजिका–विश्व नामदेव समाज संगठन), श्री सत्यनारायण टेलर (जिला न्यायाधीश), डॉ. मोहन लाल छीपा (अध्यक्ष पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति), श्रीराम सोपरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. श्याम सुन्दर शुक्ला (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), श्री अवधेश कुमार पाण्डे (राष्ट्रीय महामंत्री), श्री जगदीश प्रसाद श्रेष्ठी (प्रान्तीय अध्यक्ष), श्री मुकेश नामा (युवा प्रान्तीय अध्यक्ष) थे।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने संत नामदेव जी एवं सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया तथा अतिथियों का कार्यकारिणी द्वारा सम्मान किया गया। गणेश वन्दना सुश्री दर्शना सोपरा द्वारा की गई। समारोह में समिति ने शिल्प गुरू पुरस्कार की घोषणा में श्री अवधेश कुमार पाण्डे (राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त) को उनके उल्लेखनीय कार्यों एवं समाज सेवा में विशेष योगदान को देखते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट सदस्यों ने सम्मानित किया। गुरूश्री सम्मान मरणोपरान्त स्व. श्री भैरूलाल जाजपुरा (जहोता वाले) को उनके सुपुत्र श्री भगवान सहाय को प्रदान किया गया। इसके साथ ही समिति को आर्थिक सहयोग करने वाले 33 भामाशाहों को मोमेन्टो एवं उपरना पहना कर समिति सम्मानित किया गया। श्री सुभाष चन्द छीपा (महामंत्री) ने बताया कि दशम प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 में 225 छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया तथा मोमेन्टो एवं उपरना व बैग दिये गयें। जयपुर जिला हितकारिणी समिति विगत 10 वर्षों से लगातार इस प्रकार के आयोजन कर रही है। शिक्षा निधि द्वारा IAS, RAS की कोचिंग की व्यवस्था की गई है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र–छात्राओं सहयोग करती है।

श्री विनय कुमार रोहिल्ला ने कहा कि संगठन में शक्ति है। आप संगठित होकर ही राजकीय योजनाओं का लाभ ले पाओगे। आपस में सहयोग एवं सेवा की भावना से संगठन को मजबूत कर सकते हो। समाज में व्याप्त कुरीतियों का निवारण करना चाहिए। भावी पीढ़ी को समाज से जोड़ना चाहिए।

सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं ने इस आयोजन की प्रशंसा की। मच संचालन श्री अवधेश कुमार पाण्डे ने किया। अन्त में समारोह में सेवा देने वालों तथा प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देकर आभार व्यक्त किया गया। ■■

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठ पर देखें)

# टोंक : संजीवन समाधि महोत्सव सम्पन्न

टोंक। जिला हितकारिणी समिति के तत्वावधान में 22 जुलाई 2025 को मन्दिर श्री दाणेराय महाराज पुरानी टोंक स्थल पर संत नामदवे जी का 675वां संजीवन समाधि दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने संत नामदेव की शिक्षाओं तथा जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला और उनके अभंगो पर चर्चा की। विट्ठल! विट्ठल! विट्ठल! का संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम में टोंक नगर के गणमान्य समाज बंधओं, माताओं–बहिनों ने भाग लिया। ■■



# टोंक में छीपा सप्तमी महोत्सव सम्पन्न

**टोंक।** टोंक नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2025 को छीपा सप्तमी महोत्सव का आयोजन संत नामदेव छीपा समाज भवन कुण्डियों के बालाजी टोंक में किया गया। सर्वप्रथम नामदेव छीपा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम सोपरा, महामंत्री अवधेश पाण्डे, श्री नामदेव छीपा समाज हितकारिणी समिति जिला टोंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतयनारायण नामा, नगर समिति अध्यक्ष प्रदीप गहलोत, निर्माण समिति अध्यक्ष रामबाबू नामा तथा गणमान्य व्यक्तियों द्वारा नामदेव जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम में नामदेव छीपा समाज जिला टोंक की प्रतिभाओं, नवनियुक्त कर्मचारी एवं सेवानिवृत कर्मचारियों तथा भामाशाहों का सम्मान किया गया। कक्षा 10 में अक्षरा नामा, भार्गवी नामा, आरूष नामा, सक्षम नामा, खुशी नामा, कक्षा 12 में लक्षित नामा, हर्षित नामा, आनन्द कुमार छीपा, तनिष्का नामा, आशा खट्टी को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। स्नातक स्तर पर खुशबू नामा, गोविन्द नामा, हर्षित नामा को 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर सम्मानित किया गया। छीपा समाज के नवनियुक्त कर्मचारी जतिन कासलीवाल, गौरव कुमार शर्मा, रंगोली नामा, लक्ष्मी थारवान तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों में श्रीमती संतोष देवी, श्रीमती रक्षा नामा तथा श्री रमेश मेडतवाल को सम्मानित किया गया। भामाशाह सर्वश्री रामकिशन चिचोतिया, रामलाल झडिया, श्रीमती संतोष देवी नामा, जगदीश बेडवाल, राजू लाल बघेरवाल, पुरुषोत्तम कासलीवाल, रमेश मेडतवाल, मोहनलाल तोनगरिया एवं जगदीश नामा का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के विवाह योग्य युवक–युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम सोपरा ने अपने संबोधन में समाज को एक सूत्र में बांधने एवं युवकों से समाज के विकास में भागीदारी निभाने हेतु आगे आने की अपील की। महामंत्री अवधेश पाण्डे ने कहा कि नामदेव छीपा समाज विशिष्ट रंगाई डपाई कला के कारण विश्व में अपनी पहचान रखता है। सरकार द्वारा इस उद्योग के विकास हेतु अनेक योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ सभी समाज बंधुओं का उठाना चाहिए।

नवनिर्वाचित टोंक जिलाध्यक्ष श्री सत्यनारायण नामा ने समाज के सभी व्यक्तियों को एक साथ लेकर टोंक जिले के नामदेव छीपा समाज को नई प्रगति की राह पर ले जाने का विश्वास दिलाया। समारोह में समाज के कई बालक–बालिकाओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सभी प्रतिभाओं को नामदेव छीपा समाज कर्मचारी संघ द्वारा पारितोषिक वितरण किया गया। मंच संचालन श्री सुरेन्द्र नामा ने किया। अंत में सभी समाज बंधुओं ने सामूहिक गोठ का आनन्द लिया। इस अवसर पर मनीष नामा, राजेश नामा, उमेश नामा, रजनीकांत नामा, उमाकांत नामा, विष्णुकांत नामा, सीताराम नामा, कल्याणमल नामा, रामचरण नामा, दुर्गालाल नामा, विष्णुकांत नामा, हनुमान नामा, सुरेन्द्र कुमार नामा, शंकरलाल नामा, राजूलाल नामा, उमाशंकर नामा, रम्मू नामदेव, महावीर नामा आदि समाजबंधु उपस्थित रहे। ■■

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

# टोंक जिला हितकारिणी समिति के चुनाव सम्पन्न



**टोंक।** श्री नामदेव छीपा समाज जिला हितकारिणी समिति टोंक के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया 18 जुलाई 2025 को सम्पन्न हुई। अध्यक्ष पद पर **श्री सत्यनारायण नामा** को निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। श्री नामा ने अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन कर लिया है। चुनाव अधिकारी दुर्गालाल नामा (मालपुरा) थे। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप गहलोत, सर्वश्री रामबाबू नामा, रमेश नामा, मनीष नामा, भगवान राज नामा, राजेश नामा एवं उमेश नामा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। ■■

# बारां : आमसभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न

## श्री बघेरवाल निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित






**बारां।** शहर के अंबेडकर सर्किल स्थित नामदेव भवन में 7 सितम्बर 2025 को नामदेव छीपा समाज जिला विकास संस्था बारां की आमसभा आयोजित की गई, जिसमें वर्ष भर की गतिविधियां एवं हिसाब किताब प्रस्तुत किया गया। साथ ही दिनेश बघेरवाल को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

आमसभा में समाज के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें अगले वर्ष बसंत पंचमी उत्सव मनाना तथा युवक–युवतियों का पाणिग्रहण संस्कार करवाना भी शामिल है। इसके अतिरिक्त समाज की जनगणना निर्देशिका प्रकाशित करने का निर्णय भी लिया गया, जिसमें अविवाहित युवक–युवतियों के बायोडाटा संकलित किये जाएंगे। आमसभा में संविधान संशोधन भी किए गए। वर्तमान जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश बाड़ीका ने अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर कार्यकारिणी भंग की और श्री बसंत कुमार सतूनिया चुनाव अधिकारी ने निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करवाये। चुनाव में श्री दिनेश बघेरवाल को निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष व नए जिलाध्यक्ष का समाज जनों ने स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश बघेरवाल ने कहा कि वह समाज के उत्थान एवं संगठन को लेकर निरंतर प्रयासरत रहेंगे। आमसभा में बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।

■■

# बारां : नामदेव समाज का शपथ ग्रहण एवं डाण्डिया महोत्सव

**बारां।** शहर के अंबेडकर सर्किल स्थित नामदेव भवन में छीपा समाज की ओर से मंगलवार 30 सितम्बर 2025 को जिला विकास संस्था, महिला जिला विकास संस्था और युवा संगठन का शपथ ग्रहण समारोह और डाण्डिया उत्सव का आयोजन किया गया।

नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि समारोह के दौरान संस्था की दो वर्षीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। महिला मण्डल और युवा संगठन की ओर से भी कार्यकारिणी का गठन किया गया। तीनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने समाज हित में सहयोग देते हुए ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रांतीय महिला अध्यक्ष गायत्री नामा ने कार्यकारिणियों का शपथ ग्रहण करवाई। विशिष्ट अतिथि संभागीय अध्यक्ष श्री रामचरण आमेरिया, संभागीय कोषाध्यक्ष राजेश जेठाणिया एवं संभागीय महामंत्री रमेश धूमस थे। समाज के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डाण्डिया कार्यक्रम में जज के रूप में नीतू गुप्ता, रचना शर्मा व अविरल गुप्ता मौजूद थे। इस दौरान रामचन्द्र उदयवाल, चन्द्रप्रकाश बाड़ीका, बसंत कुमार संतूनिया, बुद्धिप्रकाश संतूनिया, गिरिराज तोनगरिया, लोकेश जाजपुरा, जयप्रकाश गोठानिया, गंगाराम तनपुरिया, अनुसूइया बघेरवाल, हेमन्त बघेरवाल, सोनू टटवाल, सशवन्त पटवा सहित समाज के लोग मौजूद थे। ■■

# अश्रुपूरित श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन



# स्व. श्री गोविन्द लाल चित्तौड़ा

( पुत्र स्व. श्री शंकर लाल चित्तौड़ा ) कोटा

बैकुण्ठवास : 29 अगस्त 2025

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चेनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

परम पूज्यनीय पिताश्री! हम सभी परिवारजन परमपिता परमेश्वर से आपकी पावन आत्मा को चिरशांति एवं चिरमुक्ति प्रदान करने तथा अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना करते हैं।
पिताश्री आपका विछोह हमारे लिए सदैव असहनीय बना रहेगा। हम सभी परिवारजन आपको अश्रुपूरित श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शत शत नमन करते हैं। ओम शांति!

## शोकाकुल

श्रीमती प्रेम बाई ( धर्मपत्नी )
कृष्ण कुमार-प्रियंका, गोपाल-अर्पिता ( पुत्र-पुत्रवधु ),
लक्ष्मी-महेन्द्र जी, किरण-मनोज जी ( पुत्री-दामाद ), इंदिरा ( पुत्री )
मानस, आशुतोष, आयुष्मान ( पौत्र )
एवं समस्त चित्तौड़ा परिवार

**प्रतिष्ठान :-**

- **गोविन्द प्रेम होटल,** बस स्टेण्ड, नयापुरा, कोटा
- **वक्रांगी होटल,** बस स्टेण्ड, नयापुरा, कोटा

निवास :- 57, पार्श्वनाथ एनक्लेव, कुन्हाड़ी, कोटा ( राज. )
मो. 9887175585, 894903616

# अश्रुपूरित श्रद्धांजलि एवं शत-शत नमन



जन्म :
16 दिसम्बर 1988

बैकुण्ठवास :
01 सितम्बर 2025

# कु. सुरभि भरत कुमार सामरिया

## अहमदाबाद

हमारी लाड़ली सुपुत्री कु. सुरभि का आकस्मिक देवलोक गमन हो जाने पर हम सभी परिवार जन गहरे शोक में है। परमपिता परमेश्वर से बिटिया सुरभि की पावन आत्मा को चिर शान्ति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना करते हैं।

!! ओम शांति !!

**शोकाकुल :**

भरत कुमार चेतराम-श्रीमती रश्मि देवी ( पापा-मम्मी )
राजेन्द्र कुमार, बृजमोहन ( ताऊजी ), कुंजन क्षत्रीय ( बहिन )
धर्म प्रकाश, रवि, निखिल, सौरभ, धवल, मंथन, अभिषेक ( भ्राता )
एवं समस्त सामरिया परिवार अहमदाबाद
विनय दोसाया एवं लोकेश दोसाया ( मामा ), अजमेर

निवास : 3-A, देवांग सोसाइटी, भैरवनाथ रोड़, आभा लेबोरेट्री के पास
बल्लभ बाड़ी, मणि नगर, अहमदाबाद मो. 9909016188

फर्म : श्री गोवर्धन प्रिंट्स, अहमदाबाद

# देश के सभी राज्यों में सिलाई–कढ़ाई कल्याण बोर्ड का गठन करें सरकार –सतवीर वर्मा





**मंडी आदमपुर।** नामदेव सभा हरियाणा के अध्यक्ष व पूर्व चेयरमेन सतबीर वर्मा ने केंद्र सरकार से देश के सभी राज्यों में सिलाई–कढ़ाई कल्याण बोर्ड का गठन करने की मांग की है। अखिल भारतीय नामदेव महासभा के तत्वावधान में भारत के हिंदू दर्जी समाज की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिति पर भविष्य की दिशा तय करने बारे नई दिल्ली के कस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में 6 अगस्त 2025 को आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने यह बात कही। संगोष्ठी में भारत के विभिन्न प्रदेशों से नामदेव समाज के प्रबुद्ध सदस्यों ने भाग लिया। हिसार से भी नामदेव सभा के प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी में हिस्सेदारी की। इस मौके पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य मयंक कानूगो, सिलाई कढ़ाई कला बोर्ड मध्य प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र नामदेव, बाल अधिकार आयोग हरियाणा के पूर्व सदस्य सुनील वर्मा, नजफगढ़ दिल्ली सभा अध्यक्ष दयानंद रोहिल्ला, ज्ञानी राम सिरोहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस मौके पर अपने संबोधन में सतबीर वर्मा ने कहा कि समस्त भारत में नामदेव समाज दर्जी, टाक, शिंपी, रोहिल्ला, छीपी सहित अनेक घटकों के रूप में जाना जाता है। जनसंख्या के हिसाब से समाज कुल आबादी के अनुसार 6% पूरे देश में है लेकिन राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक रूप से अभी भी पिछड़ा हुआ है। सतबीर वर्मा ने मांग करते हुए कहा कि प्रत्येक राज्य की समाज की दशा दिशा सुधारने के लिए मध्य प्रदेश राज्य की तर्ज पर सभी प्रदेशों में कढ़ाई सिलाई कला बोर्ड का गठन करके समाज को सम्मान देना चाहिए ताकि सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक रूप में नामदेव समाज सुदृढ़ हो सके। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में चंडीगढ़ में श्री नामदेव जयंती हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के सानिध्य में मनाई जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार से मांग की है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संत श्री नामदेव जी महाराज के नाम से नामदेव भवन के लिए एक एकड़ भूमि प्रदान की जाए, जिससे सभी प्रदेशों के बच्चे पढ़े–लिखे व राष्ट्रीय स्तर पर भवन का सदुपयोग हो सके।

संगोष्ठी में प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में के. एल नामदेव, खेमजी भाई, के. सी नामदेव, योगेश अग्रवाल, श्री राम सोपरा, श्रीमती सुमन, कुमारी त्याना रोहिल्ला, डॉक्टर अर्चना रोहिल्ला, सत्यनारायण रोहिल्ला, डॉक्टर रामनिवास, मित्र सेन, करतार सिंह रोहिल्ला, अजीत सिंह, आचार्य कुसुम, श्रीकांत नामदेव, डॉ.तुलसीराम, सुभाष वर्मा शांति स्वरूप, दलवीर जाखल सहित अनेक सदस्य सदस्यों ने अपने सुझाव रखें। ■■

विनोद खन्ना, हिसार

## अति आवश्यक सूचना

राजस्थान में नए जिलों का सृजन हो जाने के बाद कई शहरों, कस्बों तथा ग्रामों के प्रशासनिक जिलों में बदलाव हो गया है, जबकि उन्हें यह पत्रिका पूर्व के जिलानुसार ही प्रेषित की जा रही है। अतः पत्रिका के राजस्थान राज्य के सदस्य महानुभावों से हमारा अनुरोध है कि कृपया जिनके डाक पते अब नए जिलों में आ गए हैं, वे हमें अपने नए जिले के नाम के साथ अपना पूरा डाक पता (पिन कोड एवं मोबाइल नं. तथा सदस्यता क्रमांक सहित) व्हाटसअप से सूचित करने का कष्ट करें, ताकि भविष्य में आपकी डाक बेरंग हो जाने की संभावना नहीं रहे और सदस्यता सूची में पता अपडेट किया जा सके।

–घनश्याम वर्मा, प्रधान संपादक, मो. 9413364741

# सांगानेर : हस्तकारों को हस्तशिल्प कार्ड वितरण

**सांगानेर।** अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति (पंजीकृत) के रंगाई छपाई कला प्रकोष्ठ के द्वारा समाज के नवयुवकों व महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। इसी क्रम में कुछ समय पूर्व एक कैम्प लगा कर समाज के नवयुवकों एवं महिलाओं के लिए ''शिल्पकार कार्ड'' बनवाने के लिए आवेदन लिए गए थे। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत हस्तशिल्प आयुक्त के माध्यम से ''110 शिल्पकार कार्ड'' प्राप्त हुए, जिनके वितरण एवं हस्तशिल्प कार्ड की पूर्ण जानकारी देने के लिए 6 जुलाई 2025 को ''मन्दिर श्री सीताराम जी ट्रस्ट सांगानेर '' के प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगाई छपाई कला'' प्रकोष्ठ के संयोजक श्री दिनेश छीपा और अखिल भारतीय महासभा' के महासचिव श्री अवधेश कुमार पाण्डे ने हस्तकारों को सभी आवश्यक सहयोग देने तथा समय–समय पर ट्रेनिंग की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।

श्री अवधेश कुमार पाण्डे ने शिल्पकार कार्ड के उद्देश्य, लाभ एवं समाज के विकास में कार्ड की उपयोगी योजनाओं के बारें में विस्तार से जानकारी दी। पुरस्कृत शिल्पकार श्री बृजबल्लभ छीपा द्वारा समाज को अपने पुश्तैनी व्यवसाय पर जागरूक रहने तथा समाज के इस व्यवसाय को अपना मुख्य व्यवसाय मानते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। हाथ ठप्पा छपाई के उत्पादकों को स्वयं द्वारा ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लेने पर जोर दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री श्रीराम सोपरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय श्री नामदव छीपा महासभा समिति, विशिष्ट अतिथि श्री रजत वर्मा, वरिष्ठ सहायक निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिंल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अवधेश कुमार पाण्डे राष्ट्रीय महासचिव (मुख्यालय), डॉ. भानुमति गुजरानिया राष्ट्रीय संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, श्री दिनेश चन्द छीपा राष्ट्रीय संयोजक रंगाई छपाई कला प्रकोष्ठ, विशिष्ठ अतिथि श्री राम स्वरूप गोठरवाल, अध्यक्ष मन्दिर श्री मदनमोहन जी पंचायत छीपान सांगानेर तथा समाज बंधु श्री ओम प्रकाश नामा (टोंक वाले), श्री सुभाष छीपा, श्री राम विनोद सोनावा, श्री सीताराम सिवाडिया, श्री विजय कुमार छीपा, श्री बृजबल्लभ उदयवाल, श्री मोहन लाल भातरा, श्रीमती नीमा छीपा, श्रीमती नमता भगत, अध्यक्ष श्री मदन मोहन जी महाराज पंचायत छीपान सांगानेर, श्रीमती रेखा धनोपिया महासचिव, श्रीमती कृष्णा देवी बोल्या सीताबाड़ी, श्रीमती सीमा दोवट्या डिजाइनर, श्रीमती बिंदिया छीपा डिजाइनर बैग शॉप, श्रीमती रूचि तोनगरिया डिजाइनर एवं अन्य समाज बंधु इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

श्री रजत वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीराम सोपरा द्वारा हाथ ठप्पा छपाई के विकास एवं उत्थान हेतु ज्ञापन पत्र दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया कि शिल्पकारी के लिए रिसर्च सेंटर, प्रयोगशाला एवं छपाई संग्रहालय की स्थापना सांगानेर में की जानी चाहिए। रंगाई छपाई कला प्रकोष्ठ के संयोजक श्री दिनेश चन्द छीपा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। ■■

(कृपया आयोजन के चित्र रंगीन पृष्ठों पर देखें)

–हार्दिक बधाई–

**संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755वीं जयन्ती पर देश-विदेश के समस्त नामदेव अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।**

# पुष्कर : पाटोत्सव, प्रतिभाओं तथा भामाशाहों का सम्मान









**पुष्कर।** श्री नामदेव विट्ठल मन्दिर पंचायत भवन छीपान पुष्कर (जिला अजमेर) में वैसाख शुक्ल त्रयोदशी, संवत 2082 दिनांक 10 मई 2025 को मन्दिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान विट्ठल–रूकमणि का 65वां पाटोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में पुरूष–महिलाओं ने भाग लिया।

**पाटोत्सवः** धर्म परायण एवं सेवा भावी मातृशक्ति श्रीमती बसंती देवी धर्मपत्नी एवं प्रबुद्ध समाजसेवी श्री ताराचन्द बाकलीवाल उपरोक्त महोत्सव (भगवान विट्ठल–रूकमणि मूर्ति स्थापना दिवस) के सम्पूर्ण कार्यक्रम यथा सत्संग, भजन संध्या, अल्पाहार एवं महाप्रसादी के भामाशाह एवं मुख्य अभिषेककर्ता रहे।

**सौर ऊर्जा संयंत्रः** श्री नामदेव विट्ठल मन्दिर एवं पंचायत भवन छीपान पुष्कर जिला अजमेर के विद्युत खर्च को कम करने हेतु मन्दिर परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए साधारण सभा की दिनांक 03.11.2024 को एवं प्रबंध समिति की दिनांक 12.01.2025 की बैठक में सर्व सहमति से पारित प्रस्ताव को मूर्त रूप देते हुए दिनांक 04.04.2025 को 6 किलोवाट शक्ति का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया, जिसमे इन्वर्टर की क्षमता भविष्य को ध्यान में रखते हुए 10 किलोवाट शक्ति का उपयोग किया गया है। इस संयंत्र का लागत मूल्य 2,55,082 रूपये है। इसमें अजमेर जिले के 29 यशस्वी भामाशाह बंधुओ ने कुल सहयोग राशि दो लाख सत्तावन हजार दो सौ इक्कीस रूपये प्रदान की। सभागार में सभी भामाशाहों को साफा पहनाकर एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था हेतु कुर्सियां भेंट करने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित किया गया।

**शैक्षिक प्रतिभा सम्मानः** दिनांक 10 मई 2025 को श्री विट्ठल नामदेव समाज सेवा समाज अजमेर द्वारा मन्दिर भवन पुष्कर में शैक्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में केन्द्रीय एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा सत्र 2024 की दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत एवं इससे अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। भामाशाह श्री नन्दलाल बाकलीवाल ने सभी प्रतिभाओं को उपहार प्रदान किये। समाज के जिन विद्यार्थियों ने सेंकेण्डरी एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया, उनमें सुश्री अनन्या पुत्री श्री गणेश मलगरा (पींगासन)–91.67 प्रतिशत, लक्ष्य कुमार पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द (राजगढ)–90.17 प्रतिशत, निशा छीपा पुत्री श्री रूद्रदेव छीपा (मदनगंज किशनगढ) –90 प्रतिशत, तन्मय नामा पुत्र श्री हंसराज नामा (सराधना) –89 प्रतिशत, गर्वित नागर पुत्र श्री संजय नागर (मदनगंज किशनगढ) –85.67 प्रतिशत, क्षितिज छीपा पुत्र श्री किशनगोपाल (बांदनवाडा) –85.33 प्रतिशत, दीक्षा नामा पुत्री श्री लालचन्द नामा (सराधना) –96.30 प्रतिशत, रितुल बाकलीवाल पुत्री श्री मनीष बाकलीवाल (अजमेर) –90 प्रतिशत, आर्यन धनोपिया पुत्र श्री प्रकाशचन्द (भावता) –87.67 प्रतिशत भाग्यश्री पुत्री श्री प्रेमचन्द सरावगी (श्रीनगर) –86.48 प्रतिशत को सम्मानित किया किया। ■■

–विनय दोसाया, अजमेर

# पुष्कर: आमसभा, शपथग्रहण, स्नेहमिलन एवं अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न





**पुष्कर।** श्री नामदेव विट्ठल मन्दिर एवं पंचायत भवन छीपान पुष्कर संस्था के इस वर्ष गत अगस्त माह में हुए चुनाव के बाद गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह, साधारण सभा, दीपावली मिलन तथा अन्नकूट महोत्सव 23 अक्टूबर 2025 को मन्दिर के सभा भवन में आयोजित हुए। मुख्य अतिथि श्री प्रकाश डिग्गीवाल (उदयपुर), विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कालूलाल झडिया (चित्तौड़) एवं रतनलाल धनोपिया (कांकरोली) ने नवगठित 43 सदस्यीय कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई।

इस अवसर पर साधारण सभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें मन्दिर विकास, सामाजि क एकता, प्रतिभा सम्मान, जनगणना कार्य तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण पर चर्चा की गई। अध्यक्ष श्री त्रिलोकचन्द नामा नें उनके द्वारा चुनाव के दौरान प्रस्तुत अपनी भावी योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए कार्य व्यवस्थार्थ संयोजक नियुक्त किए। उन्होंने निज मन्दिर के मण्डप का सौंदर्यीकरण हेतु श्री अशोक सामरिया को, अविभाजित अजमेर जिले की जनगणना निदेशिका हेतु श्री संतोष छीपा को, डिजीटली कार्यों हेतु श्री नरेन्द्र गोठरवाल को तथा डाटा संकलन कार्य हेतु श्री विष्णु छीपा को संयोजक मनोनीत किया। सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन पर विचार विमर्श एवं रूपरेखा तैयार करने के लिए श्री प्रेमचन्द नागर एवं श्री जगदीश दोसाया को जिम्मेदारी दी गई।

आमसभा में कोषाध्यक्ष श्री महेन्द्र कुमार नामा ने वर्ष 2024–25 का आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाई दूज के अवसर पर भगवान विट्ठल–रूकमणि का श्रृंगार कर झांकी सजाई गई तथा महाआरती कर सभी ने अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण की। बड़ी संख्या में उपस्थित समाज बंधुओं एवं युवक–युवतियों ने दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री विनय दोसाया ने किया। संरक्षक जगदीश दोसाया ने अतिथियों तथा आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

■■

–कैलाश श्रेष्ठी
पुष्कर

## आवश्यक सूचना

- श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका, कोटा
- खाता संख्या 08370100003069
- बैंक का **IFSC CODE - BARB0KOTRAJ** है।
- बैंक शाखा – बैंक ऑफ बड़ौदा, झालावाड़ रोड़ शाखा, कोटा (राज.)
- पत्रिका सदस्यता शुल्क, विज्ञापन शुल्क एवं किसी भी प्रकार की अनुदान राशि इस खाते में किसी भी मोड से ऑनलाईन/ऑफलाईन जमा करवाई जा सकती है।
- राशि जमा की बैंक की स्लिप या रेफरेंस मैसेज व्हाट्सऐप किया जाना जरूरी है।
- राशि ड्राफ्ट या चैक से भी सीधे बैंक खाते में जमा की सकती है।

-प्रधान संपादक, व्हाट्सऐप नंबर 9413364741

# हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्यि की शुभकामनाएं...





# डॉ. प्रज्ञा नामा

को Ph.D. (in Particle Accelerator Physics) की उपाधि प्राप्त होने एवं
High Energy Accelerator Research Organization (KEK) in Japan में
असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए चयन होने पर

## हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं




**रामबाबू नामा-श्रीमती रेखा नामा**
(Manager Pioneer Automobiles, Kota)
( पापा-मम्मी )

**इंजी प्रखर नामा ( अनुज )**
(Shell Technology)
बैंगलोर

**शुभेच्छु :**


ओमप्रकाश नामा-बीना नामा ( ताऊजी-ताईजी )
श्रीमती चन्द्रेश नामा ( ताईजी ), त्रिवेणी नामा ( बुआजी )
श्रीमती सीता-रामबाबू जी, विजय लक्ष्मी-बाबूलाल जी, तारिणी-ओमप्रकाश ( बुआजी-फुफाजी ),
देवकी नन्दन-तुलसी नामा ( मामा-मामी ) एवं समस्त भरसूंडा परिवार

सम्पर्क :- रामबाबू नामा ( मैनेजर एवरग्रीन ग्रुप, कोटा ) म.नं. 2-C-16, महावीर नगर विस्तार,
कोटा ( राज. ) 324009 मो. 9928139570 ( पापा ) 9829649155 ( मम्मी )

News Paper Registration No. : 38303/83
Govt. of India (New Delhi)

Life Membership Rs. 1500/-
Each Copy 30/-

## हार्दिक बधाई, शुभाशीष एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं



मोहित नामा
(IIITM-Computer Science)
(Dual Degree-B.Tech.+M.Tech.)
DOB 13-02-1998

# चि. मोहित नामा

सुपौत्र : श्री रामेश्वर प्रसाद-स्व. श्रीमती राधा देवी
( पीपलदा वाले ) को
WALMART में SOFTWARE ENGINEER-3 पद पर
ज्वाइन करने पर ( 3 वर्ष Precisely में SDE-2 रहने के बाद )

तथा

# कु. अंजली नामा

( बहिन ) को
Govt. Medical College कोटा से
MBBS पूर्ण करने पर



डॉ. अंजलि नामा
MBBS

## हार्दिक बधाई, शुभाशीष एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं



**शुभाशीष :**

श्री रामेश्वर प्रसाद-स्व. श्रीमती राधा देवी ( दादा-दादी )
थानेश्वर प्रसाद-श्रीमती मीनेश ( पापा-मम्मी )
शंकर लाल नामा-श्रीमती माया ( ताऊजी-ताइजी )
एवं समस्त गुजरानियां परिवार, साँगानेर ( जयपुर )

**शुभेच्छु :**

श्री ज्ञान सिंह-श्रीमती शकुन्तला देवी ( नाना-नानी )
रवि नामा, अनिल नामा ( मामा ) एवं समस्त कांकरवाल परिवार, गंगापुर सिटी

निवास : 15, विट्ठल नामदेव नगर, साँगानेर, जयपुर ( राज. )
मोबाईल : 9079932175, 9414394504

BOOK PACKET CONTAINING PRINTED MATTER

प्रेषक :

**श्री विट्ठल नामदेव पत्रिका**
संत नामदेव आई.टी.आई., प्लाट नं. 1,
सेक्टर-1, महावीर नगर विस्तार योजना,
कोटा-324009 ( राज. )
मो. 9413364741
(मुख्यालय : अखिल भारतीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति)

श्रीमान् ......................................................

...........................................................

...........................................................

...........................................................